नई दिल्ली
शुक्रवार, 8 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 115
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 36
न्यून. 28

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### वॉट्सएप या ई-मेल से नोटिस भेजना वैध नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत वॉट्सएप और ईमेल से नोटिस भेजना वैध नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा राज्य की ओर से अपने जनवरी 2025 के आदेश में संशोधन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस नोंग्मीकापम कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हम खुद यह विश्वास दिलाने में असमर्थ हैं कि ई-मेल और व्हाट्सएप जैसे इलेक्ट्रॉनिक संचार की धारा 35 के तहत सूचना तामील कराने का एक वैध तरीका है।

### ग्रेच्युटी देने के मामले में स्वायत्त निकाय की सेवा



**नई दिल्ली।** किसी कर्मचारी की ओर से स्वायत्त निकाय में की गई सेवा को भी ग्रेच्युटी देने के मामले में उनके सेवा काल जोड़ी जा सकेगी। केंद्र सरकार ने गुरुवार को इसकी जानकारी। इससे केंद्रीय कर्मी लाभान्वित होंगे। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि डीओपीपीडब्ल्यू ने इसे अधिसूचित किया है। केंद्र सरकार के नागरिक कर्मचारियों के लिए केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत ग्रेच्युटी का भुगतान) नियम, 2021 को अधिसूचित किया है। ये नियम स्वायत्त निकायों के कर्मचारियों पर अपने आप लागू नहीं होते।

### फर्जी जन्म प्रमाण पत्र 11 पहलवान निलंबित

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ ने 11 पहलवानों को निलंबित कर दिया है। इन पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी जन्म प्रमाणपत्र जमा किए थे ताकि वे आयु-समूह प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले सकें। एमसीडी की जांच बताया कि 110 में से 11 प्रमाण पत्र फर्जी/फोटोशॉप के जरिए छेड़छाड़/संपादित हैं और उसके द्वारा जारी नहीं किए गए हैं। ये प्रमाण पत्र सक्षम, मनुज, कविता, अंशु, आरुष राणा, शुभम, गौतम, जगरूप धनखड़, नकुल, दुष्यंत और सिद्धार्थ बालियान के थे। इनमें से 11 नरेला क्षेत्र, दो नजफगढ़ और रोहिणी, सिविल लाइन और सिटी जोन के 1-1 प्रमाण पत्र शामिल हैं।

### देश में सत्ता विरोधी लहर होती है, लेकिन भाजपा इससे 'जादुई' रूप से अछूती रहती है

# सांसद राहुल गांधी का चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप, आज बेंगलुरू में प्रदर्शन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज एक अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत के लोकतंत्र की आधारशिला 'एक व्यक्ति, एक वोट' की शुद्धता पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि देश में चुनाव प्रक्रिया में बड़े स्तर पर धांधली हो रही है और चुनाव आयोग जानबूझकर सबूतों को छिपा रहा है।

राहुल गांधी ने कहा, हमारे संविधान की आत्मा यह है कि हर नागरिक को निष्पक्ष तरीके से वोट डालने का अधिकार मिले। लेकिन सवाल उठता है कि क्या सही लोग वोट डाल रहे हैं? क्या वोटर लिस्ट में फर्जी नाम जोड़े जा रहे हैं? उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि हर लोकतांत्रिक देश में सत्ता विरोधी लहर होती है, लेकिन भाजपा इससे 'जादुई' रूप से अछूती रहती है। उन्होंने मीडिया पर भी निशाना साधा कि वह हर बार लाड़ली बहना योजना या पुलवामा जैसे बहानों से भाजपा की जीत को सही ठहराने की कोशिश करता है।

राहुल ने मीडिया पर भी साधा निशाना

#### महाराष्ट्र में वोटर लिस्ट में एक करोड़ नए नाम जुड़ने का आरोप



राहुल गांधी ने खुलासा किया कि 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच महाराष्ट्र में करीब 1 करोड़ नए मतदाता जुड़ गए, जो सामान्य नहीं है। 5 साल में जितने वोटर जुड़े, उससे ज़्यादा 5 महीनों में कैसे जुड़ गए? उन्होंने पूछा। उन्होंने यह भी कहा कि शाम 5:30 बजे के बाद अचानक मत प्रतिशत में उछाल दर्ज हुआ, जबकि हमारे कार्यकर्ताओं ने देखा कि बूथों पर कोई भीड़ नहीं थी।

#### चुनाव आयोग ने मशीन-रीडेबल वोटर लिस्ट देने से किया इनकार

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग उन्हें मशीन-रीडेबल वोटर लिस्ट देने से इनकार करता है, ताकि वे डेटा का विश्लेषण न कर सकें। हमने महीनों तक मेहनत कर एक विधानसभा सीट के सात फुट लंबे कागजों को खंगाला और वोट चोरी का पुख्ता सबूत पाया।

*⏩ **प्रभावित अफसरों को चेतावनी :** राहुल गांधी ने कहा कि जब भी हमारी सरकार बनेगी, तब हर उस अधिकारी को जवाब देना होगा, जिसने इस अपराध में हिस्सा लिया है।*

*⏩ **बेंगलुरु में कांग्रेस का विरोध मार्च :** राहुल गांधी ने यह भी घोषणा की कि कल, शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ बेंगलुरु में विरोध मार्च निकालेंगे, जहां हम 'वोट चोरी' के मुद्दे को जनता के सामने लाएंगे।*

#### चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप, सीसीटीवी फुटेज भी मांगा

*राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर भाजपा के साथ मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि आयोग जानबूझकर सबूतों को मिटा रहा है। वोटर लिस्ट और सीसीटीवी फुटेज अब हमारे लिए अपराध के सबूत हैं। लेकिन चुनाव आयोग नियम बदलकर सीसीटीवी फुटेज तक पहुंच को रोक रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर चुनाव आयोग डिजिटल वोटर रोल और सीसीटीवी का रिकॉर्ड 10-15 सालों के नहीं देता, तो यह साबित होगा कि वह इस अपराध में शामिल है।*

#### कर्नाटक में 1 लाख से ज़्यादा वोट चोरी का दावा

*राहुल गांधी ने कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण देते हुए बताया कि बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत का अंतर 32,707 था, जबकि सिर्फ महादेवपुरा में भाजपा को 1,14,046 वोटों की बढ़त मिली। उन्होंने कहा, हमारी जांच में पता चला कि इस सीट पर लगभग 1,00,250 वोट चोरी हुए। आंकडों के हवाले से राहुल गांधी ने बताया कि केवल एक विधानसभा में 11,965 डुप्लिकेट वोटर, 40,009 फर्जी या अमान्य पते, 10,452 बल्क वोटर एक ही पते पर, 4,132 वोटर जिनकी तस्वीरें अमान्य या गायब थीं, 33,692 वोटर फॉर्म-6 के दुरुपयोग से जुड़े।*

#### चुनाव आयोग का पलटवार, सभी आरोप शपथ पत्र में दें, भ्रम ने फैलायें

*राहुल गांधी ने जैसे ही प्रेस कांफ्रेंस खत्म की। कर्नाटक, महाराष्ट्र और उप्र के मुख्य चुनाव आयुक्तों ने बारी बारी से उन्हें नोटिस जारी कर उनके कहे के अनुसार आरोपों की सत्यता पड़ताल के लिए शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कर जमा करने का अनुरोध किया। कर्नाटक के चुनाव अधिकारी के नोटिस में उनसे यह माँग की गई है कि वे शपथ-पत्र के जरिए यह स्पष्ट करें कि उन्होंने वोट चोरी के जो आरोप लगाए हैं, विशेष रूप से महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र (बेंगलुरु सेंट्रल) को लेकर, उनका क्या प्रमाण है। चुनाव आयोग ने कहा है कि अगर यह आरोप झूठे या भ्रामक पाए गए, तो कानूनी कार्रवाई हो सकती है। महाराष्ट्र और उप्र चुनाव अधिकारियों ने भी ऐसा ही शपथ पत्र मांगा है।*

#### जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 227

*इस धारा के अनुसार यदि कोई व्यक्ति चुनाव को प्रभावित करने की मंशा से किसी उम्मीदवार या चुनाव प्रक्रिया के संबंध में झूठा बयान देता है, तो उस पर कानूनी कार्यवाही हो सकती है। यदि राहुल गांधी द्वारा दिया गया शपथ-पत्र गलत सूचना पर आधारित पाया गया। तो उन पर आपराधिक मामला दर्ज हो सकता है। उन्हें चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया जा सकता है। चुनाव अपराध की श्रेणी में मामला दर्ज हो सकता है। चुनाव आयोग ने कहा है राहुल गांधी ने जो वोट चोरी का आरोप लगाया है, उस पर लिखित शपथ-पत्र दें। स्पष्ट करें कि किस प्रकार की गड़बड़ी हुई, कौन लोग/एजेंसियाँ इसके लिए जिम्मेदार हैं, उनके पास क्या सबूत हैं।*

### चुनाव आयोग पर राहुल गांधी के आरोपों पर भड़की भाजपा, कांग्रेस पर साधा निशाना

## जब कांग्रेस हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में जीतती है तो राहुल चुनाव आयोग पर सवाल नहीं उठाते: पात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए गड़बड़ी के आरोपों पर निशाना साधा। भाजपा ने बृहस्पतिवार को कहा कि कहा कि कांग्रेस का यह मीठा-मीठा गप, कड़वा-कड़वा थू-थू, यह जो सेलेक्टिव आउटरेज है, इसे भी देश की जनता देख और समझ रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक पत्रकार वार्ता में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर उठाए गए सवालों पर आपत्ति जताई और कहा कि आज राहुल गांधी के शब्द थे, अगर मेरी प्रेस वार्ता पर जवाब नहीं आया, तो घातक परिणाम होंगे।

पात्रा ने कहा, आज हमने राहुल गांधी की प्रेस वार्ता को देखा, और यह कोई पहली बार नहीं है कि राहुल किसी संवैधानिक संस्थान पर हमला करते हुए नजर आए, साथ ही उन्होंने महाराष्ट्र और कर्नाटक के चुनाव को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा, पहली बात ये है कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने आज तक उन राज्यों में कोई प्रेस वार्ता नहीं की है, जहां उन्हें जीत मिली है। मीठा-मीठा गप, कड़वा-कड़वा थू-थू, यह जो सेलेक्टिव आउटरेज है, इसे भी देश की जनता देख और समझ रही है। जब राहुल गांधी हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में जीतते हैं, तो उस समय कोई प्रेस वार्ता नहीं करते। उस समय किसी पर कोई प्रश्नवाचक चिन्ह नहीं उठाते। जब आपको लोकसभा चुनाव में 99 सीटें मिलती हैं, तो आप पूरे देश में जश्न मनाते हैं और कहते हैं कि देखो, हमारी जीत हुई। अगर देश का लोकतंत्र हार गया है और आपके मुताबिक चुनाव आयोग कॉम्प्रोमाइज है, तो फिर आप किस बात का जश्न मना रहे हैं कि हम जीत गए हैं? कहीं न कहीं राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी में सेलेक्टिव आउटरेज साफ तौर पर देखने को मिलता है। भाजपा नेता ने राहुल गांधी के बयान पर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने सवाल किया, चुनाव में हार-जीत लगी रहती है। सबसे लंबे समय तक अगर किसी पार्टी ने विपक्ष में समय बिताया है, तो वह जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी है, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि हमारे किसी नेता ने चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमकाने का काम किया हो। आज राहुल गांधी के शब्द क्या थे, अगर मेरी प्रेस वार्ता पर जवाब नहीं आया, तो घातक परिणाम होंगे। मैं उनसे पूछता हूं कि क्या घातक परिणाम होंगे? क्या यह धमकी है? ये कैसी पार्टी और कैसे नेता हैं, जिन्हें यह कॉन्फिडेंस तक नहीं है कि वे कह सकें कि उनकी पार्टी की सरकार बनेगी? पात्रा ने आगे कहा कि राहुल गांधी धमकियां दे रहे हैं कि अगर कांग्रेस की सरकार बनी तो सभी को सबक सिखाया जाएगा, चाहे वह किसी भी रैंक का अधिकारी हो। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने धांधली का आरोप लगाया, लेकिन जब उनकी ओर से प्रॉक्सी याचिका बॉम्बे हाईकोर्ट में दायर की गई, तो कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया और राहुल गांधी को फटकार भी लगाई। राहुल गांधी प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं, कोर्ट जाते हैं, लेकिन चुनाव आयोग जाने का समय नहीं निकाल पाते।

### राजनाथ की अध्यक्षता में राजग दलों की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया फैसला

## उपराष्ट्रपति चुनावः राजग का उम्मीदवार तय करने की जिम्मेदारी पीएम मोदी और नड्डा को

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को गठबंधन का उपराष्ट्रपति उम्मीदवार चुनने के लिए अधिकृत किया है। यह फैसला राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में संसद परिसर में भाजपा के प्रमुख नेताओं और उनके सहयोगियों की एक बैठक में लिया गया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राजग ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को सत्तारूढ़ गठबंधन का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनने का अधिकार दिया है। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि यह सर्वसम्मति से लिया गया फैसला है। हुई। बैठक में राजनाथ के अलावा जेपी नड्डा और अमित शाह, जदयू के ललन सिंह, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, तेदेपा के लवू श्रीकृष्ण देवरायलु और लोजपा (रामविलास) के चिराग पासवान भी शामिल हुए। ज्ञात हो कि उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन 21 अगस्त तक दाखिल किए जा सकते हैं। मतदान 9 सितंबर को होगा और मतगणना भी उसी दिन होगी। उपराष्ट्रपति पद के लिए पार्टी में अब तक दो नामों पर ⏩ शेष पेज 7 पर

### मास्को में रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू से हुई एनएसए डोभाल की मुलाकात

## साल की दूसरी छमाही में भारत की यात्रा करेंगे पुतिन, तारीखों पर विमर्श जारी

■ अमेरिका को इशारों-इशारों में चला गया जरूरी संदेश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



रूस से तेल खरीद पर उखड़े अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के घटनाक्रम के बीच गुरुवार दोपहर इसी अगस्त महीने में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा भारत की यात्रा किए जाने को लेकर मीडिया में कयासबाजी तेज हो गई। लेकिन जल्द ही इसे लेकर तस्वीर पूरी तरह से साफ हो गई। जिसमें ये पुख्ता जानकारी सामने आई कि रूस के राष्ट्रपति मौजूदा साल की दूसरी छमाही में कभी भी भारत का आधिकारिक दौरा कर सकते हैं और उसके लिए ⏩ शेष पेज 7 पर

#### अमेरिका को इशारों में दिया संदेश

*उन्होंने कहा कि हम एक नई निष्पक्ष और अधिक टिकाऊ वैश्विक व्यवस्था के गठन में तीव्र सहयोग को लेकर प्रतिबद्ध हैं। यह एक ऐसी व्यवस्था होगी जो आधुनिक वैश्विक खतरों और चुनौतियों से अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत संयुक्त रूप से मुकाबला करने में सक्षम होगी। एक प्रकार अपने इस कथन से इशारों-इशारों में रूस ने अमेरिका की दुनिया को दिखाई जाने वाली दादागिरी की सोच के खिलाफ वैकल्पिक व्यवस्था बनाने का बिगुल फूंक दिया है। रूसी रक्षा मंत्री ने उम्मीद जताते हुए कहा कि भारत, रूस के शीर्ष नेताओं के बीच हुई शिखर वार्ता द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए एक नई दिशा प्रदान करेगी और इसका ठोस और सतत परिणाम निकलेगा।*

### विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने पत्रकारों से बातचीत में दी यह जानकारी

भारत के उद्योगों पर इसका कोई हानिकारक प्रभाव नहीं पड़ेगा

## ट्रंप का 50 फीसदी टैरिफ का आदेश अकारण लिया गया 'एकतरफा निर्णय': भारत

■ मामले पर चीन ने प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिका को बताया 'दूसरों को रौब झाड़ने वाला बदमाश'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद से बिदके अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय निर्यात पर लगने वाले पारस्परिक टैरिफ को बढ़ाकर 50 फीसदी करने के निर्णय के ठीक अगले दिन गुरुवार को भारत के वरिष्ठ राजनयिक की एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया सामने आई है। विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति का भारत के टैरिफ को 25 से बढ़ाकर 50 फीसदी करना पूरी तरह से एकतरफा निर्णय है। जो बिना किसी कारण और तर्क के लिए लिया गया है। जिसका हालांकि भारतीय उद्योगों पर कोई हानिकारक प्रभाव नहीं पड़ेगा। ये एक अस्थायी समस्या है, जिसका देश सामना कर रहा है। इन सबके बीच नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी के मध्य बातचीत चल रही है। दोनों देशों के बीच साझा लाभप्रद भागीदारी को देखते हुए हमें पूरा विश्वास है कि आगामी समय में कुछ न कुछ समाधान जरूर निकलेगा। यह जानकारी रवि ने मुंबई में आयोजित किए गए एलआईडीई ब्राजील इंडिया फोरम से इतर पत्रकारों से बातचीत में दी। यहां बता दें कि ट्रंप द्वारा दुनियाभर के देशों पर ⏩ शेष पेज 7 पर



## अंतरराज्यीय ड्रग कार्टेल के, तीन करोड़ की हेरोइन बरामद



**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने अंतरराज्यीय ड्रग कार्टेल का भंड़ाफोड़ करते हुये दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन करोड़ कीमत की 592 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसके अलावा तीन लाख कैश भी जब्त किया गया।

पुलिस के अनुसार गृह मंत्रालय के नशा मुक्त भारत अभियान के स्पष्ट आदेश के साथ एक मजबूत रणनीति के तहत एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) कई सुनियोजित अंतर्राज्यीय अभियान चला रही है। इसी कड़ी में दिल्ली, एनसीआर में ड्रग्स की आपूर्ति करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम सुशील अरोड़ा उर्फ विक्की और शक्ति उर्फ वासी है। अरोड़ा पहले भी डकैती जैसे मामले में शामिल रहा है। इसके बाद वह आसानी से पैसे कमाने के लिए प्रतिबंधित हेरोइन की आपूर्ति में लिप्त हो गया।

### मोहन गार्डन में तारक अस्पताल के पास चली थी 20 राउंड गोलियां

# फायरिंग केस में नाबालिग चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ आपराधिक प्रवृत्ति के मोहित डागर को लगी थी आधा दर्जन गोलियां

स्पेशल सेल ने तीन दिन पहले मोहन गार्डन थाना इलाके में तारक अस्पताल के पास हुई 20 राउंड फायरिंग के सनसनीखेज मामले में एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी नाबालिग है और उसकी उम्र महज 14 वर्ष बताई गई है। वह वारदात के समय मोटरसाइकिल चला रहा था। वारदात को तीन बाइक सवारों ने अंजाम दिया था। इसके पास से पुलिस ने देशी कट्टा और दो कारतूस बरामद किये हैं। आरोपी किशोर हरियाणा के हिसार का रहने वाला है। मामले में मोहित डागर नामक शख्स को आधा दर्जन गोलियां लगी थी। वह अभी भी अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वारदात में शामिल अन्य दो शूटरों की पहचान के लिए पुलिस की कई टीमें लगी हुई है। गौरतलब है कि इस फायरिंग की वारदात में हरियाणा का रहने वाला मोहित डागर (28) बुरी तरीके से घायल हो गया था। उसे आठ से 10 गोलियां लगी थी और वह अभी भी एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती है। यह वारदात सोमवार शाम करीब 6:30 बजे के आसपास अंजाम दी गई थी। डागर रोहतक के काबुलपुर घाटोली का रहने वाला है और आपराधिक वारदातों में शामिल रहा है। हमलावर जाम में फंसने की वजह से अपनी बाइक मौके पर ही छोड़कर पैदल ही फरार हो गये थे।

### पत्नी की हथौड़े से वार कर हत्या का आरोपी गिरफ्त से बाहर

नई दिल्ली। नेब सराय में पत्नी की हथौड़े से वार कर हत्या का आरोपी प्रमोद झा (55) वारदात के 24 घंटे बाद भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस की कई टीमें उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। एक टीम उसके गृह नगर मुंगेर, बिहार भी भेजी गई है। वहीं उत्तराखंड में भी एक टीम रवाना की गई है। इसके अलावा पुलिस ने अलग अलग सोशल मीडिया ग्रुप में भी आरोपी का फोटो सर्कुलेट किया है। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखने और इनाम की बात भी पुलिस कह रही है। गौरतलब है कि मरीजो की देखभाल करने वाली किरण झा (50) की बुधवार तड़के बेरहमी से हत्या का मामला सामने आया था। वह अपनी बहू और पोती के साथ यहां रह रही थी। इनका बेटा भी बिहार में नौकरी करता है। आरोपी प्रमोद झा अपनी पत्नी और बच्चों को वापस बिहार ले जाना चाहता था। लेकिन महिला ने उसके साथ जाने से इंकार कर दिया था। इसी बात को लेकर हुये झगड़े में उसने किरण झा की हत्या कर दी। पुलिस को पता चला कि आरोपी करीब 10 सालों से पत्नी से अलग रह रहा था। पत्नी को वापस ले जाने बिहार से 1 अगस्त को दिल्ली आया था। आरोपी हुलिया बदलकर फरार हुआ है।

# डकैती केस में वांछित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



विकासपुरी इलाके में डकैती के मामले में शामिल आरोपी को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपी कार्यवाही से बचने के लिए बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था। आरोपी का नाम अशद उर्फ अरशद है।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता अजय कुमार 19/20 मई 2025 की मध्यरात्रि को अपनी कार से तिलक नगर स्थित घर लौट रहे थे। लगभग 1.30 बजे गुजरावाला अपार्टमेंट के पास पांच लोगों के एक समूह ने उन्हें रोक लिया, जिनमें से तीन स्कूटी पर और दो मोटरसाइकिल पर सवार थे। अपराधियों ने उनकी कार को जबरन रोका, उन्हें बाहर घसीटा और उन पर लाठियों व घूंसों से बेरहमी से हमला किया। एक पीड़ित की कार लेकर भाग गया था और अन्य भी घटनास्थल से तितर बितर हो गये थे। इस संबंध में विकासपुरी थाने में केस दर्ज किया गया था। इस घटना से स्थानीय निवासियों में व्यापक दहशत फैल गई थी। बचने के लिए अशद उर्फ अरशद ने खुद को अन्य बदमाशों से अलग-थलग कर लिया था और बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था। द्वारका कोर्ट ने 5 अगस्त को उसके विरुद्ध धारा 84 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही शुरू की थी। अरशद के बारे में सूचना थी कि वह दीनपुर, नजफगढ़ के आसपास रह रहा है। यह भी पता चला कि वह बार-बार अपना मोबाइल नंबर और ठिकाना बदल रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुये उसे दीनपुर से गिरफ्तार कर लिया गया।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 09252092 | मॉडिफाइड एलस्टोमेरिक पैड (डिजाइन बी) | 50581 नग | 29.08.2025 |
| 2. | 09252189A | ब्रेक वियर प्लेट ड्राइंग नं० एस के 69597 | 60307 नग | 29.08.2025 |
| 3. | 18251211 | टी 524 एफ रिजर्वेशन/कैंसलेशन फॉर्म | 46502 थाउजेंड | 01.09.2025 |
| 4. | 09252131 | नखल फॉर बी सी एन एच एल | 15822 नग | 03.09.2025 |
| 5. | 09252002A | रोलर बेअरिंग एन यू 311 इ सी जे ऑफ ड्राइविंग | 2135 नग | 04.09.2025 |
| 6. | 77255170 | बलौन एल्युमीनियम पाउडर | 220 एम टी | 08.09.2025 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं.: 37/2025-2026 दिनांक: 06.08.2025 2399/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# भूमिगत तांबे के तारों की चोरी में शामिल गिरोह पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने एमटीएनएल, एयरटेल और अन्य दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों के भूमिगत तांबे के तारों की चोरी में शामिल गिरोह का पर्दाफाश किया हैं। इनके पास से भारी मात्रा में तांबे के तार (लगभग 1400 किलोग्राम), ट्रक और जेसीबी मशीन जब्त की गई है। फिलहाल– पांच आरोपी गिरफ्तार किये गये हैं। इन्होंने इसी प्रकार की चोरी के एक दर्जन से ज्यादा मामलों में संलिप्त होने का जुर्म कबूला है।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार भूमिगत तांबे के तारों की बड़े पैमाने पर चोरी में शामिल गिरोह को सी.आर. पार्क और सरिता विहार इलाके से खुदाई करते समय रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के नाम समीर निवासी गाजीपुर, लोनी, अमित निवासी लोनी, आरिफ निवासी नजफगढ़, शकील निवासी लोनी और अमजद निवासी लोनी के रूप में हुई है। पुलिस ने सबसे पहले सी आर पार्क से नियमित गश्त के दौरान कुछ लोगों को अनधिकृत खुदाई करते देखा। पुलिस को देखकर कई संदिग्ध मौके से भाग गए। हालांकि दो आरोपियों अमित और समीर को सफलतापूर्वक पकड़ लिया गया। शुरुआत में उन्होंने पुलिस को गुमराह करने के लिए खुद को एमटीएनएल ठेकेदार बताया, लेकिन कड़ी पूछताछ के दौरान उन्होंने तांबे के तार चोरी करने की बात स्वीकारी। इसके बाद एमटीएनएल के एक अधिकारी को तुरंत मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने पुष्टि की कि कोई अधिकृत कार्य नहीं किया जा रहा था। एक औपचारिक शिकायत दर्ज की गई और क्राइम ब्रांच थाने में धारा 303(1)(2)/317(2)/3(5) बीएनएस और 3 पीडीपीपी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा तीन और आरोपियों रिसीवर आरिफ, शकील और अमजद को गिरफ्तार किया गया। आरिफ और शकील पहले भी इसी तरह की चोरियों में शामिल रहे हैं और उन्हें भिवानी, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी और उनके साथी पिछले दो सालों से इस तरह की चोरियों में शामिल हैं और लोनी, गाजियाबाद में रहते हैं। गिरोह के बाकी सदस्यों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आगे भी प्रयास जारी हैं।

# दिल्ली नगर निगम की वैधानिक और तदर्थ समितियों के चुनाव सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने वर्ष 2025-2026 के लिए वैधानिक और तदर्थ समितियों के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों की घोषणा बुधवार को चुनाव के बाद कर दी है। निगम में नेता सदन प्रवेश वाही ने बताया कि निगम की वैधानिक व तदर्थ समिति के चुनाव गुरूवार को संपन्न हुए। कुल 6 तदर्थ समितियों व 2 वैधानिक समितियों में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी निर्वाचित हुए। उन्होंने बताया कि नगर निगम प्रशासन के अनुसार, इन समितियों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में विकास, जनसेवा और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। वहीं, तदर्थ समिति के तहत आने वाली अनुसूचित जाति कल्याण और अनुसूचित जाति उम्मीदवार कोटा कार्यान्वयन समिति का चुनाव आम आदमी पार्टी द्वारा सदस्यों की संख्या बढ़ाने की मांग के चलते हंगामे में तब्दील हो गया और इसके चलते चुनाव को स्थगित करना पड़ा।



■ अनुसूचित जाति कल्याण समिति को लेकर हंगामा

### किस समिति में कौन बना अध्यक्ष, उपाध्यक्ष

चुनाव के बाद निगम प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार वैधानिक समितियों में शामिल शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा (वार्ड 64) और उपाध्यक्ष अमित खरखरी (वार्ड 127) और ग्रामीण क्षेत्र समिति के अध्यक्ष योगेश राणा (वार्ड 04) व उपाध्यक्ष शशि यादव (वार्ड 125) निर्वाचित हुई हैं। जबकि तदर्थ समितियों में शामिल राजस्व परियोजना समिति के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता (वार्ड 232) और उपाध्यक्ष रितेश सूजी (वार्ड 224) निर्वाचित हुए हैं। लाइसेंसिंग एवं तहबाजारी समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह (वार्ड 190) और उपाध्यक्ष नीतू (वार्ड 187), सामुदायिक सेवाएँ समिति की अध्यक्ष नीलम (वार्ड 214) और उपाध्यक्ष सोनाली (वार्ड 143), महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष रेखा रानी (वार्ड 230) और उपाध्यक्ष शिल्पा कौर (वार्ड 102), एंटी मलेरिया समिति की अध्यक्ष नीता बिष्ट (वार्ड 247) और उपाध्यक्ष मनोज कुमार जिंदल (वार्ड 70) वहीं, शिकायत निवारण समिति के अध्यक्ष जयवीर सिंह राणा (वार्ड 131) और उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार (वार्ड 185) निर्वाचित हुए हैं।

### बैलेट पेपर छीन लिए, मतदान बॉक्स को तोड़ने की कोशिश : प्रवेश वाही

नेता सदन प्रवेश वाही ने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाते हुए बताया कि निगम सदन में अनुसूचित जाति का कल्याण एवं उनके कोटे का कार्यान्वयन समिति के चुनाव को आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने जानबूझकर बाधित किया। उन्होंने मतदान प्रक्रिया को अव्यवस्थित करते हुए बैलेट पेपर छीन लिए, मतदान बॉक्स को तोड़ने की कोशिश की और उसमें पानी डाल दिया। इतना ही नहीं, सुरक्षा कर्मियों से हाथापाई कर माहौल को हिंसक बनाने का प्रयास किया गया।उन्होंने कहा कि आप पार्षदों की इस अराजकता के चलते समिति का चुनाव स्थगित करना पड़ा, जो लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। यह साफ दर्शाता है कि आम आदमी पार्टी को दलित समाज के हितों से कोई सरोकार नहीं है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुकेश राजवंशी**, **पुत्र:** श्री लखन राजवंशी, **पता:** मकान नं. आरजेड–64, गली नं. 14, तुगलकाबाद एक्स्टेंशन, नई दिल्ली–110019 ने **कोर्ट मुकदमा सं. 624128/2016 U/s 138 NI ACT, थाना: जी.के., नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश राजवंशी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश राजवंशी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **कोर्ट मुकदमा सं. 624128/2016 U/s 138 NI ACT, थाना: जी.के., नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मुकेश राजवंशी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रुति शर्मा–I
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–02
कमरा नं. 609, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/10418/SD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नाम: **दीपेंद्र राज पांडे उर्फ आदर्श पुत्र: सुभाष चंद, निवासी: गली नंबर 7, खसरा नंबर 24/7, सुरेंदर कॉलोनी, पार्ट–3, झारोदा, बुराड़ी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 342/2019 U/S. 380/457/411 IPC, थाना वजीराबाद, उत्तरी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **दीपेंद्र राज पांडे उर्फ आदर्श** नहीं मिले या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **दीपेंद्र राज पांडे उर्फ आदर्श** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No. 342/2019 U/S. 380/457/411 IPC, थाना वजीराबाद, उत्तरी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **दीपेंद्र राज पांडे उर्फ आदर्श** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **26.09.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री भारती बेनीवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–12,
मध्य जिला, कमरा नं. 264, द्वितीय तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/10388/N/2025
(अदालती मामला)


## डीएमआरसी ने की 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रश्नोत्तरी के विजेताओं की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन(डीएमआरसी) भारत के 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर माईगव के साथ मिलकर आयोजित की गई एक सवाल जवाब प्रश्नोत्तरी के विजेताओं की घोषणा करते हुए समापन कर दिया है। डीएमआरसी के अनुसार प्रश्नोत्तरी के शीर्ष पाँच विजेताओं में अमृत शेखर, अब्दुर रहमान, आस्था लाहोटी, रमेश कुमार और माधुरी गोपीनाथ गवंड शामिल है। डीएमआरसी जल्द ही प्रश्नोत्तरी के पांचों विजेताओं से अलग से संपर्क करेगा, इनकी पहचान पंजीकरण के समय दिए गए आईडी नंबर के मिलान से होगी। इसके बाद डीएमआरसी मुख्यालय में इनको आमंत्रित किया जाएगा और सभी विजेताओं को उनकी उपलब्धि के सम्मान में प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न आदि प्रदान किए जाएंगे। डीएमआरसी ने बताया कि इस प्रश्नोत्तरी को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और देश भर से कुल 9,981 प्रतिभागियों ने अपने उत्साह और ज्ञान का प्रदर्शन किया। बता दें कि 30 जुलाई 2025 को डीएमआरसी ने 79 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में माईगव के साथ मिलकर एक सवाल जवाब प्रश्नोत्तरी का आयोजन शुरू किया था। जिसमें भारत में मेट्रो प्रणालियों की वृद्धि और विकास के विभिन्न पहलुओं पर प्रश्न पूछे गए। जिसमें मुख्य रूप से भारत में मेट्रो प्रणाली ने जन परिवहन की परिभाषा को कैसे पूरी तरह बदला है। ऑनलाइन प्रतियोगिता में एक निर्धारित समय में 10 प्रश्नों को 5 मिनट (300 सेकंड) में हल करना था।

### पुलिस आयुक्त ने दिया कानून के तहत हर संभव कदम उठाने का आश्वासन

# पूर्व केंद्रीय मंत्री गोयल ने आवारा कुत्तों की समस्या पर पुलिस आयुक्त से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने गुरूवार को दिल्ली के नव नियुक्त पुलिस आयुक्त शशि भूषण कुमार सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान गोयल ने पुलिस आयुक्त से आवारा कुत्तों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस आयुक्त शशि भूषण कुमार सिंह ने कहा कि आवारा कुत्तों की समस्या वास्तव में दिल्ली में बहुत बड़ी है। उन्होंने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और गोयल को आश्वासन दिया कि कानून के अंतर्गत जो भी आवश्यक और उचित कदम पुलिस ले सकती है, वह अवश्य लिए जाएंगे। गोयल ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि दिल्ली के ही पुलिस अधिकारी शशि भूषण कुमार सिंह को दिल्ली पुलिस आयुक्त का दायित्व सौंपा गया है वह वर्षों से दिल्ली पुलिस के विभिन्न कार्यों में सक्रिय रहे हैं, अतः उन्हें राजधानी की जमीनी समस्याओं की गहरी समझ है।

### हर दिन 2000 लोगों को काटने की हो रही घटनाएं

विजय गोयल ने राजधानी में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस आयुक्त को बताया कि दिल्ली में 8 लाख से अधिक आवारा कुत्ते हैं और प्रतिदिन औसतन 2000 लोगों को आवारा कुत्तों द्वारा काटे जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसके बावजूद इस समस्या की अनदेखी हो रही है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | जनता कॉलोनी में गुरू किरपा स्टोर से त्रिवेणी पार्क तक और राजिन्द्रा कॉलोनी में राजकुमार पुत्र ताराचंद के मकान से भीम डाकिया के मकान और जय सिंह के मकान से धर्म सिंह के मकान तक और राजफल से रामचन्द्र जांगड़ा तक सीमेंट कंक्रीट गली का निर्माण (पुनः आमंत्रण)। | 05.08.2025 18.08.2025 | रु. 99.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37440/I/88/7 दि. 07.08.25

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | DNITNO.125830DATED07.07.2025 (EPC-D NO. 131/PD&C) | "शुद्धिपत्र–1 के खुलने की तिथि 04.08.2025 है साथ ही ऑनलाइन बोली जमा की निर्धारित तिथि में विस्तार 19.08.2025 17:00 बजे तक है।" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | E.NITNO.21/XENTSDIVHVPNLHISAR/2025- 26 DATED 08.07.2025 TENDER REF.NO./E- TENDER ID:2025_HBC_457027_1 2025DADDD3F9 195F 483C 838D CA635A9A989A967HVP | बोली खुलने की तिथि – 06.08.2025 15:00 बजे, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 09.09.2025 तक (15:00 बजे) बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | NIT NO.26/CWD-2/VOL-XIX/HVPN/ 2025-26 DATED 02.07.2025 (ONLINE TENDER ID NO.2025_HBC_455699_1) | "बोली खुलने की तिथि 06.08.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 18.08.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 4 | एचवीपीएनएल | NIT NO.10/CWD-2/VOL-XIX/HVPN/ 2025-26 DATED 20.05.2025 (ONLINE TENDER ID NO.2025_HBC_447854_1) | "बोली खुलने की तिथि 07.08.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 18.08.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 5 | एचवीपीएनएल | NIT NO.28/CWD-2/VOL-XIX/HVPN/2025 -26 DATED 03.07.2025 (ONLINE TENDER ID NO.2025_HBC_455927_1) | "बोली खुलने की तिथि 07.08.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 18.08.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 6 | एचवीपीएनएल | QDP-1477(NITNO.1357 DATED03.06.2025 | "शुद्धिपत्र–2/ जमा करवाने की निर्धारित तिथि का विस्तार 19.08.2025 तक 17:00 बजे तक।" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/120/37438/I/88/7 दि. 07.08.25

## 'विकास कार्यों को जानबूझकर किया नजरअंदाज'

# पूर्व सरकार ने जनता के पैसे को मुफ्त योजनाओं में कर दिया खर्च : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को पेश कैग की रिपोर्ट पर अपना वक्तव्य देते हुए पूर्व सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि पिछली सरकार ने अपनी मुफ्त योजनाओं को इस तरह पेश किया जैसे वे अपनी जेब से जनता को दे रहे हों, जबकि हकीकत यह है कि यह सारा पैसा जनता का ही था। जनता को उम्मीद थी कि उनके टैक्स के पैसे से सड़कें बनेंगी, स्कूल और अस्पताल बनेंगे, लेकिन उनकी मेहनत की कमाई को मुफ्त योजनाओं में खर्च कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार ने विकास कार्यों को जानबूझकर नजरअंदाज किया और सारा ध्यान केवल प्रचार-प्रसार पर केंद्रित रखा। मुख्यमंत्री का यह भी कहना था कि पिछली सरकार ने उन विकास कार्यों पर इसलिए खर्च नहीं किया गया क्योंकि उन योजनाओं में 'प्रधानमंत्री' शब्द जुड़ा था। दिल्ली विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार से संबंधित वर्ष 2023-24 के वित्तीय लेखे व विनियोग लेखे) पर बोलते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा केंद्र सरकार ने पूर्व सरकार के समय दिल्ली को 4800 करोड़ रुपये की ग्रांट दी थी। इसमें से 463 करोड़ रुपये पानी की आपूर्ति पर, 482 करोड़ रुपये फ्री बस सेवाओं पर और 3250 करोड़ रुपये फ्री बिजली योजना पर खर्च कर दिए गए। इस तरह पूरी ग्रांट को मुफ्त योजनाओं में वितरित कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विपक्ष ने इन मुफ्त योजनाओं को इस तरह प्रस्तुत किया जैसे वे अपनी जेब से जनता को दे रहे हों, जबकि हकीकत यह है कि यह सारा पैसा जनता का ही था। सीएजी रिपोर्ट का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार का पूरा राजस्व केवल खर्चों में चला गया। तनख्वाह, ब्याज भुगतान और अन्य ऐसे खर्च, जिनसे कोई स्थायी संपत्ति नहीं बनती। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में दिल्ली सरकार का राजस्व अधिशेष 4566 करोड़ रुपये था, लेकिन यह पूरा पैसा खर्च कर दिया गया। परिणामस्वरूप वर्ष 2023-24 में सरकार 3934 करोड़ रुपये के घाटे में पहुंच गई। इस तरह दो वर्षों को मिलाकर लगभग 8600 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में 50 प्रतिशत की गिरावट हुई, और जिन 24 अस्पतालों की आधारशिला रखी गई थी, वे आज तक अधूरे हैं। शिक्षा और खेल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 42 प्रतिशत की कमी आई, जबकि सड़क निर्माण और लोक निर्माण विभाग के कार्यों में 40 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। मुख्यमंत्री ने इसे जनसेवा की उपेक्षा और संसाधनों के दुरुपयोग का स्पष्ट प्रमाण बताया।

### सदस्यों ने कार्यालय न मिलने का मुद्दा सदन में उठाया, स्पीकर ने दी चेतावनी

नई दिल्ली। विधानसभा में गुरुवार को सदन शुरू होते ही सत्तापक्ष के सदस्यों ने चेयरमैन को कार्यालय न मिलने का मुद्दा उठाया। सत्तापक्ष के सदस्य तरविंदर सिंह मारवाह ने यह मामला उठाया और करनैल सिंह सहित दूसरे सदस्यों ने भी इसके पक्ष में अपनी राय रखी। इस पर स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने दुख जताते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा के 22 एकड़ से ज्यादा बड़े परिसर में कई विभाग अड्डा जमाए बैठे हैं। उन्होंने फार्मेसी काउंसिल और शिक्षा विभाग का नाम लेकर कहा कि ये कई कई कमरे लेकर बैठे हैं। बाबू कई कमरे लेकर बैठ गए हैं और 25 कमेटियों के लिए 11 कमरे हैं। कई चेयरमैन एक कमरे में तीन-तीन टेबल डालकर बैठे हैं। इस मामले पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि मैं एक कमरे में तीन चेयरमैन को बैठने को कैसे मंजूरी दे दूं। यह देखकर मैं खुद परेशान हो रहा हूं, चेयरमैन जब पूछते हैं तो जवाब नहीं दे पा रहा हूं। कई बार मंत्रियों को कह दिया, अधिकारियों को कह दिया। नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि मैं मुख्य सचिव से कहूंगा कि इन विभागों को शिफ्ट करें। हताशा जाहिर करते हुए वह बोले, शायद विधायिका में शक्तियां कम हैं, स्पीकर की भी शक्तियां कम हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी नौबत न आने दें कि मुझे इन विभागों को खाली करने के आदेश देने पड़ें जो मेरे अधिकार क्षेत्र में हैं।

### विशेष उल्लेख नियम 280 के तहत सदस्यों ने अपने क्षेत्रों के मुद्दे सदन में उठाए।

नई दिल्ली। विशेष उल्लेख नियम 280 के तहत सदस्यों ने अपने क्षेत्रों के मुद्दे सदन में उठाए। सबसे पहले मुंडका से सत्तापक्ष के सदस्य गजेंद्र दलाल ने किसानों के अधिग्रहित जमीन के बदले वैकल्पिक प्लॉट न मिलने का मामला उठाया और कहा कि करीबन 16500 लोगों के मामले डीडीए ने लटका कर रखे हुए हैं और 2011 के बाद किसी को वैकल्पिक प्लॉट नहीं दिया गया है। मालवीय नगर से सत्तापक्ष के सदस्य सतीश उपाध्याय ने दिल्ली जल बोर्ड द्वारा मीटर की रीडिंग न करने और एवरेज बिल के नाम पर भारी बिल वसूली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बहुत सारी शिकायत मिल रही है इसे तुरंत रोकना चाहिए और नियमित रीडिंग करवानी चाहिए। रिठाला से सत्तापक्ष के सदस्य कुलवंत राणा ने बाजार में नकली घी, पनीर, दूध, हरी सब्जियों को रंग कर बेचने का मामला उठाया। उन्होंने कहा, नकली दवाओं की बिक्री भी हो रही है इस पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जरूरत है।

## केंद्र सरकार के सौतेले व्यवहार के चलते हुआ राजस्व घाटा: आतिशी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में गुरुवार को पेश सीएजी रिपोर्ट पर नेता विपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा सरकार पिछले वित्तीय वर्ष में राजस्व घाटा को लेकर पूर्व की 'आप' सरकार की नाकामी गिनाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन जब आतिशी ने कहा कि केंद्र सरकार के सौतेले व्यवहार के चलते दिल्ली को वित्तीय घाटा हुआ तो भाजपा विधायक तिलमिला गए और हंगामा करने लगे। स्पीकर ने तो माइक तक बंद कर दिया। आतिशी ने कहा कि 2019-2020 से लगातार दिल्ली का टैक्स रेवेन्यू बढ़ा है, लेकिन केंद्र सरकार ने दिल्ली को उसका हक वापस नहीं दिया। आतिशी ने कहा कि दिल्लीवाले हर साल केंद्र सरकार को 2.25 लाख करोड़ रुपए टैक्स देते हैं और बदले में केंद्र से दिल्ली को सिर्फ 850 करोड़ रुपए मिलता है। पिछले तीन साल से यह भी पैसा नहीं मिला है। हमें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री केंद्र सरकार से 50 हजार करोड़ रुपए लेकर आएंगी।सदन से बाहर आने के बाद आतिशी ने सीएजी की रिपोर्ट देंखे तो साफ नजर आता है कि दिल्ली में वित्तीय घाटा हुआ, वह सिर्फ केंद्र सरकार की वजह से आया। सीएजी की रिपोर्ट दिखाती है कि दिल्ली का अपना टैक्स रेवेन्यू 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23 और 2023-24 में लगातार बढ़ा है। राजस्व में वही पैसा घटा, जो केंद्र सरकार से दिल्ली को नहीं मिला। सदन के अंदर आतिशी ने सीएजी रिपोर्ट पर कहा कि सदन द्वारा कहा गया है कि सीएजी की रिपोर्ट में आ गया है कि अरविंद केजरीवाल का झूठ साबित हो गया। दिल्ली सरकार मुनाफे में नहीं चल रही थी।

## सदन में जनहित छोड़ बेबुनियाद विषयों पर किया समय बर्बाद: यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के मानसून सत्र को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सीएम रेखा को घेरा है। यादव ने सदन में उठाए गए मुददों को लेकर सवाल खड़े करते हुए कहा कि सत्र के तहत सदन में चुर की चर्चा में जनहित छोड़ बेबुनियाद विषयों पर समय बर्बाद किया गया।

उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल भाजपा और मुख्य विपक्षी आप पार्टी ने सदन में जनता के जुड़े मुद्दों पर चर्चा नहीं की बल्कि सदन की बैठकों के 4 दिन का समय बेबुनियाद विषयों पर अनर्गल बहस में ही बर्बाद कर दिया। यादव ने कहा कि 5 दिवसीय विधानसभा सत्र अभी तक जनता से जुड़े मुद्दों से दूर ही रहा है। सत्ताधारी भाजपा और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की लोगों को भ्रमित करने के लिए निष्क्रिय बहस में करदाताओं के पैसे बर्बाद किए जा रहे है। वर्तमान में दिल्ली की ज्वलंत समस्याएं जैसे जेजे कलस्टर, दिल्ली में जलभराव, बढ़ता नशे का कारोबार, अपराधिक ग्राफ सहित महिलाओं को 2500 रुपये मासिक देने पर चर्चा होनी चाहिए थी।

क्यों महिलाओं को 2500 रुपये मासिक देने के वादे पर सत्ता में आने के बाद भाजपा अपने दूसरे विधानसभा सत्र में भी सरकार द्वारा कोई चर्चा न करना और आप पार्टी द्वारा चुप्पी साधना दोनो दलों की मिलीभगत को जग जाहिर करता है। उन्होंने कहा कि सदन में दिल्ली में बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई पर चर्चा का कोई प्रस्ताव नहीं रखकर जनता से जुड़े मुद्दों पर रेखा सरकार और आप पार्टी अपनी संवेदनशीलता को उजागर कर दिया है।

## मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को मुख्यमंत्री सेवा सदन में दिल्ली सरकार, केंद्र सरकार और दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के साथ रक्षाबंधन का पर्व स्नेह और उमंग के साथ मनाया। बच्चों ने मुख्यमंत्री को राखियां बांधते हुए उनके प्रति अपने स्नेह और शुभकामनाएं व्यक्त कीं, मुख्यमंत्री ने भी बच्चों को उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र प्रेम और अटूट विश्वास का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपने समाज, परिवार और मूल्यों की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। यह मेरा दिल्ली में बतौर मुख्यमंत्री पहला रक्षाबंधन है और मैं इसे बच्चों के साथ मनाकर बहुत हर्षित महसूस कर रही हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भावनात्मक रिश्ते के साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी है, वह है राजधानी को सुरक्षित, स्वच्छ, हरी-भरी और 'विकसित दिल्ली' बनाना। इसके लिए वह लगातार गंभीर प्रयास कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि वह अपनी बहनों के लिए मुस्कान और आत्मबल की कामना करती हैं और भाइयों को आगे बढ़ने, सफलता प्राप्त करने और देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए शुभकामनाएं देती हैं। हमारा स्वप्न है एक ऐसे समाज का निर्माण करना जहां हर बहन को सम्मान और हर भाई को जिम्मेदारी का बोध हो।

### आवारा गायों की समस्या पर एमसीडी निष्क्रिय : विधायक

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के सत्र के दौरान नरेला विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकरण खत्री ने अपने क्षेत्र में लगातार बढ़ रही 'आवारा गायों की समस्या' को जोरदार तरीके से सदन में उठाया। उन्होंने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की निष्क्रियता पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि बार-बार शिकायतों और निवेदन के बावजूद 'कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है', जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और एक व्यक्ति की मौत का भी जिक्र किया। बता दें कि हाल ही में नरेला में आवारा गाय के सामने आने से एक युवक चोटिल हो गया था जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री को इस दिशा में 'तत्काल हस्तक्षेप' करते हुए संबंधित विभागों को निर्देश देना चाहिए, ताकि नरेला ही नहीं, पूरी दिल्ली में यह समस्या नियंत्रित की जा सके। विधायक खत्री ने विधानसभा में कहा कि नरेला क्षेत्र में आवारा गायें सड़कों पर घूम रही हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता जा रहा है। यह न केवल 'जनसुरक्षा का सवाल' है, बल्कि 'गौमाता के सम्मान' का भी विषय है।

### फांसी घर मामला: विधानसभा ने विशेषाधिकार समिति को जांच के लिए भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा परिसर में कोई 'फांसी घर' नहीं होने का दावा करते हुए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि मामले को जांच के लिए विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया है, जो पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित अन्य लोगों को तलब करेगी। गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि सदन में लगातार कई दिनों की चर्चा और तथ्यों के आधार पर यह सदन इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि दिल्ली विधानसभा परिसर मे फर्जी फांसी घर के निर्माण और झूठे विज्ञापनों पर करोड़ों रूपये खर्च किये गये। इस संबंध में विपक्ष जो पूर्व में सत्तारूढ दल था, जिनके कार्यकाल में ये फर्जीवाड़ा हुआ, उनसे इस निर्माण के पक्ष में कोई ठोस तथ्य प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया जिसके आधार पर यह निर्माण करवाया गया था। लेकिन तीन दिन में भी कोई तर्कसंगत जवाब और तथ्य ना मिलने पर यह और पुख्ता हो गया कि यह इरादतन फर्जीवाड़ा किया गया था। जबकि दूसरी तरफ राष्ट्रीय अभिलेखाकार से प्राप्त वर्ष 1912 का नक़्शा, अन्य दस्तावेज तथा इतिहास पर समर्पित अनुसंधान कर रही तमाम ऐसी संस्थाएं जैसे भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहासकार, जेएनयू, एमसीडी हेरिटेज सेल और दिल्ली अभिलेखागार तथा अन्य इतिहासकारों की रिसर्च आदि से इस संबंध में प्राप्त दस्तावेजों के आधार यह सदन इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि यहां ना तो कभी फांसी घर था और ना ही ऐसी कोई सुरंग थी, जो इस दिल्ली विधानसभा से लाल किला तक जाती हो।

## डॉ. जौली ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के सलाहकार नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रीका) ने हाल ही में पूर्व दिल्ली विधायक डॉ. विजय जौली को सम्मानित सलाहकार नियुक्त किया है। चेयरमैन हरवंश चावला, महानिदेशक डॉ. बीबीएल मधुकर, उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह व समीप शास्त्री के संयुक्त हस्ताक्षर युक्त, सलाहकार नियुक्ति पत्र डॉ. विजय जौली को सौंपा गया। ज्ञात रहे ब्रिक्स देशों के समूह में ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रिका के संग ईरान, मिस्त्र, इथोपिया, संयुक्त अरब अमीरात, सउदी अरब व इंडोनेशिया शामिल हैं। ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का मूल उद्देश्य इन सभी देशों में व्यवसाय व व्यापार को बढ़ाना, नये औद्योगिक अध्याय खोलना तथा नेटवर्किंग द्वारा संपर्क सूत्रों का विस्तार करना है।

## यमुना का बढ़ा जलस्तर लेकिन स्थिति कंट्रोल में: प्रवेश

**इस बार आईटीओ बैराज के सभी गेट खुले हैं, 2023 जैसी बाढ़ की स्थिति दोहराई नहीं जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर गुरुवार को 204.50 मीटर के चेतावनी स्तर को पार कर पुराने रेलवे पुल पर 204.88 मीटर तक पहुंच गया। इस को देखते हुए दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने गुरुवार को यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर का स्थलीय निरीक्षण किया। वे स्वयं 12 नंबर रेगुलेटर तक पहुंचे और नदी किनारे के संवेदनशील इलाकों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की और अब तक की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि पुराने रेलवे पुल पर यमुना का जलस्तर 204.99 मीटर दर्ज किया गया, जो कि चेतावनी स्तर 204.50 मीटर से ऊपर है। यह वृद्धि हरियाणा स्थित हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए पानी के कारण हुई है। हालांकि मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह मौसमी और सामान्य स्थिति है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। पत्रकारों से बात करते हुए प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि इस मौसम में यमुना का जलस्तर सामान्य रूप से बढ़ता है। विभाग पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है। इस बार सबसे बड़ी बात यह है कि आईटीओ बैराज के सभी गेट खुले हुए हैं। वर्ष 2023 की तरह इस बार कोई गेट बंद नहीं है, जिससे जलप्रवाह में कोई रुकावट नहीं आ रही है। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने यह भी बताया कि निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को पहले ही सतर्क कर दिया गया है और संबंधित एसडीएम लगातार निगरानी बनाए हुए हैं।

**पे एंड प्ले योजना के तहत खेल सकता है कोई भी**

# एलजी ने किया सुखदेव विहार में आधुनिक सुविधाओं से लैस नए मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने गुरुवार को दक्षिणी दिल्ली स्थित सुखदेव विहार में करोड़ों की लागत से तैयार आधुनिक सुविधाओं से लैस नए मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा तैयार किया गया यह मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स लगभग 7552.636 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है। यह बैडमिंटन, लॉन टेनिस, क्रिकेट अभ्यास पिच, पिकल बॉल, चिल्ड्रन पार्क और जॉगिंग ट्रैक आदि जैसे आउटडोर खेलों से सुसज्जित है। डीडीए ने बताया कि मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेल सुविधाएँ भुगतान और खेल (पे एंड प्ले) योजना के आधार पर उपलब्ध है। इस अवसर पर एलजी सक्सेना के अलावा स्थानीय भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, डीडीए उपाध्यक्ष एन. सरवण कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा डीडीए के वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर एलजी ने कहा कि मई 2022 में उपराज्यपाल के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से ही मैंने यह सुनिश्चित कर लिया था कि दिल्ली के लोगों को पर्याप्त रूप से अधिकांश खेल सुविधाएं प्रदान की जा सके। क्योंकि पीएम नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार यह हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। एलजी ने कहा कि मुझे यह सुविधा दिल्लीवासियों, विशेषकर इस क्षेत्र के आसपास रहने वाले लोगों को समर्पित करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि जनता, विशेषकर युवाओं को डीडीए द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं का उपयोग करना चाहिए और इनका रखरखाव अच्छी तरह से करना चाहिए। क्योंकि जनता के सहयोग के बिना कोई भी पहल सफल नहीं हो सकती।

डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बैडमिंटन, लॉन टेनिस, क्रिकेट अभ्यास पिच, पिकल बॉल, चिल्ड्रन पार्क, जॉगिंग ट्रैक जैसी आउटडोर सुविधाओं सुसज्जित तरीके से है। यहां भुगतान करके कोई भी व्यक्ति खेल सुविधाएँ प्राप्त कर सकता है। सुखदेव विहार में तैयार डीडीए मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स लगभग 7552.636 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है। यह बैडमिंटन, लॉन टेनिस, क्रिकेट अभ्यास पिच, पिकल बॉल, चिल्ड्रन पार्क और जॉगिंग ट्रैक आदि जैसे आउटडोर खेलों से सुसज्जित है। खेल सुविधाएं भुगतान और खेल के आधार पर उपलब्ध हैं। डीडीए ने बताया कि इससे पूर्व एलजी ने द्वारका सेक्टर-8 में खेलों में प्रथम उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया। यह परिसर मुक्केबाजी, कुश्ती, भारोत्तोलन और ताइक्वांडो के लिए उत्कृष्टता केंद्र है और इसमें इनडोर और आउटडोर खेलों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है।

## खबरों में दिखना चाहते हैं आप नेता : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- संजय सिंह का बयान लोकतंत्र का अपमान
- चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठा रहे आप नेता

आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह के चुनाव आयोग पर आरोप प्रत्यारोप उनकी राजनीतिक हताशा का प्रमाण हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने गुरूवार को आम आदमी पार्टी को लेकर यह निशाना साधा और कहा है कि संजय सिंह ही नहीं खुद 'आप' अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल भी देश में विपक्ष के राजनीतिक सर्कल में अपनी प्रासंगिकता खो चुके हैं और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठा कर वह खबरों में दिखना चाहते हैं। सचदेवा ने कहा है कि संजय सिंह का गुरूवार को दिया गया बयान लोकतंत्र का अपमान है और बेहतर होता कि "आप" नेतृत्व हार के कारणों पर आत्मचिंतन करें और अपने शासनकाल की गलतियों के लिए दिल्ली की जनता से माफी मांगें।

### 'चुनाव आयोग पर फोड़ रहे हैं अपनी हार का ठीकरा'

सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली का चुनाव हारने के बाद से आम आदमी पार्टी नेता हारे हताश घूमते दिखते रहे हैं। अपनी सरकार की अराजकता, अकर्मण्यता और भ्रष्टाचार के चलते जनता द्वारा नकारे जाने के बाद से 'आप' नेता यह नहीं समझ पा रहे थे कि जनता एवं मीडिया को क्या जवाब दें पर आज आश्चर्यजनक रूप से हार के 6 माह बाद यह 'आप' नेता अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रहे हैं।

MCF
*मामले में कांस्टेबल शक्ति सिंह के पिता कृष्ण कुमार ने पुलिस को बताया कि उसने शक्ति को खेत के पीछे बने फॉर्म हाउस के पास खेत में पानी दे रहे चाचा रामपाल को खाना खाने के लिए बुलाने को कहा था। उस दौरान वह पिस्टल साफ कर रहा था। इसी बीच उसके चचेरे भाई नवीन की छाती में दर्द उठा तो शक्ति दौड़ता हुआ आया और गेट पर उसका पैर फिसल गया। शक्ति वहां नहीं आया तो वह नवीन को लेकर तावडू के अस्पताल जा रहा था। वहीं कृष्ण कुमार का भाई रामपाल शक्ति को कंधे पर उठाकर लाया कि पता नहीं इसे क्या हुआ, इसके सिर और नाक से खून बह रहा है। ऐसे में कृष्ण कुमार नवीन को तावडू अस्पताल और रामपाल शक्ति को गुरुग्राम की तरफ अस्पताल में ले गया। अस्पताल पहुंचने से पहले दोनों की ही मौत हो गई। कृष्ण कुमार का कहना है कि उसके बेटे के फिसलने के दौरान गिरकर अचानक गोली लग गई। जिसमें उसकी मौत हो गई। ये एक हादसा है।*

### घटना के हर पहलू की जांच

*पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लिया गया है। परिजनों से बातचीत की जा रही है। घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है।*

*दिलबाग सिंह ,थाना प्रभारी ,बिलासपुर*

# पेमेंट करने के नाम पर कंपनी मैनेजर से 1.63 लाख रु. ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट थाना एरिया में जालसाज ने कंपनी से सामान खरीदकर पेमेंट करने के नाम पर कंपनी मैनेजर से 1,62,886 रुपए की ठगी कर ली। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गुडगांव के सेक्टर-9 निवासी केसर देव गुप्ता ने कहा कि वह गुडगांव के कादीपुर स्थित मंगलम सेफ पैक इंडस्ट्री में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। बीती 24 जुलाई को उसके पास एक कॉल आई। जिसने अपना नाम कुलदीप चौधरी बताते हुए कहा कि वह सीआईएसएफ में काम करता है। उसने पैकिंग मैटिरियल की डिमांड की तो केसर ने उससे पर्चेज आर्डर मांगा। जिसके देने के बाद 50976 रुपए का मैटिरियल इंवाइस व गाड़ी के साथ भेज दिया गया। कुलदीप ने दो अकाउंट नंबर देते हुए गेट पास के लिए पांच रुपए ट्रांसफर करने को कहा। जिसके ट्रांसफर करते ही दस रुपए अकाउंट में वापिस आ गए। जिस पर कुलदीप ने कहा कि कंपनी के बिल की पेमेंट भी ऐसे ही होगी। जितना बिल होगा पहले उसकी पेमेंट उनके द्वारा भेजे गए अकाउंट में डाली जाएगी। इसके बाद डबल पेमेंट वापिस कंपनी के अकाउंट में भेजी जाएगी। इस तरह उसने छह बार में कुल 1,62,886 रुपए अपने अकाउंट में डलवा लिए। इसके बाद कंपनी की पेमेंट नहीं की। फोन करने पर उसने कोई जवाब नहीं दिया तो केसर के समझ में आ गया कि उसके साथ ठगी हो गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

*पिछले पृष्ठ का शेष...*

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 621 | RINKU DEVI | DEV ANAND | 4101 | 14/GF-4 |
| 622 | JAREENA BEGAM | MERALEE | 4102 | 35/GF-2 |
| 623 | RAZIYA KHATUN | MD DAUD | 4123 | 33/TF-46 |
| 624 | ABDUL HASAN | SAYYAD HASAN | 4126 | 36/SF-41 |
| 625 | WASIR MIYA | JUMAN MIYA | 4146 | 32/FF-24 |
| 626 | SHOUMA | GOVADAPRASAD | 4197 | 17/SF-11 |
| 627 | DHEERAJ KUMAR | RAM NATHI | 4205 | 8/GF-19 |
| 628 | ASHOK KUMAR KORI | NANNU KORI | 4211 | 34/SF-44 |
| 629 | FIROJ KHAN | SULTAN KHAN | 4237 | 18/SF-27 |
| 630 | GUDDY DEVI | SUDAMA PRAJAPATI | 4255 | 29/TF-13 |
| 631 | ROSHAN AARA | MAIN UDDIN | 4276 | 33/SF-12 |
| 632 | PARAMSHILA DEVI | ROHIT NARAYAN SINGH | 4280 | 33/GF-20 |
| 633 | PARIVAR PEHCHAN PATRA | RAM KISHOR | 4288 | 26/GF-4 |
| 634 | SHAKILA | AHMED ALI | 4324 | 34/TF-15 |
| 635 | RAHASAD | BABU KHAN | 4334 | 26/GF-2 |
| 636 | SHIV KUMAR | BALI | 4339 | 26/FF-24 |
| 637 | SHAHANA BEGAM | ACHHAN KHAN | 4344 | 8/SF-12 |
| 638 | SHABANA KHATOON | AAFTAB HEDAR KHAN | 4346 | 26/SF-10 |
| 639 | JAKIR ANSARI | VAKEEL ANSARI | 4347 | 22/TF-30 |
| 640 | ISRAR HUSAIN | BADRUDIN | 4349 | 33/TF-29 |
| 641 | SHOKAT ALI | MD. HAKIM | 4351 | 24/SF-25 |
| 642 | RAM SATEHI | SHRI CHAND | 4353 | 10/FF-6 |
| 643 | JAFRU | RAMJANI | 4354 | 12/GF-3 |
| 644 | MOHAMMED ALI | ABDUL QASIM | 4355 | 40/SF-26 |
| 645 | LAKSHMI DEVI | RAM CHANDER SINGH | 4357 | 24/SF-26 |
| 646 | SUNITA DEVI | D/O BHOLA SINGH | 4359 | 8/TF-15 |
| 647 | NADEEM AHMED | MOHD AYYUB | 4372 | 30/GF-36 |
| 648 | AASIF HUSAIN | RIYASAT HUSAIN | 4375 | 10/FF-22 |
| 649 | FAKRUDDIN | ALLABAXH FAKRUDDIN | 4376 | 24/FF-23 |
| 650 | PARVEEN | RASHID | 4378 | 31/FF-8 |
| 651 | SANTOSH KUMAR CHOURASIA | GORI SHANKER | 4384 | 36/FF-5 |
| 652 | SHARBARI | SADDIKH | 4396 | 19/SF-11 |
| 653 | MAYA DAS | NAVDEEP SADHU | 4415 | 11/SF-9 |
| 654 | POOJA JHA | DILIP KUMAR JHA | 4416 | 29/GF-34 |
| 655 | RAISAN | RAJJAK | 4426 | 30/TF-15 |
| 656 | ROHIT KUMAR | UDHAN SING | 4435 | 34/TF-13 |
| 657 | MANSOOR ANSARI` | YAKUB ANSARI | 4453 | 8/TF-32 |
| 658 | IQRAR AHMAD | SHABIR | 4457 | 14/GF-3 |
| 659 | MEENA BANO | CHATTAN | 4475 | 19/FF-21 |
| 660 | AFSAR | ISRAR | 4481 | 11/FF-8 |
| 661 | ASHA | BRAJ BHUSHAN | 4491 | 12/SF-10 |
| 662 | MUNNI KUMARI | LALBABU RAJAK | 4497 | 15/FF-22 |
| 663 | ANIS AHMAD | BUNDU KHAN | 4499 | 11/FF-22 |
| 664 | ANITA DEVI | SANJAY KUMAR | 4500 | 35/TF-31 |
| 665 | BHRAM DEV | MUKSHUDAN MANDAL | 4504 | 31/GF-35 |
| 666 | MOHD MOENUDDIN MANSURI | MOHAMMAD SARIF KHAN | 4506 | 10/FF-5 |
| 667 | MUSBER HUSSAIN | DIN MOHD | 4534 | 34/TF-31 |
| 668 | NAJID BEGUM | KALLU KHAN | 4561 | 33/TF-14 |
| 669 | PRADEEP KUMAR | MOTI LAL | 4602 | 18/FF-21 |
| 670 | NARENDER KUMAR | MANGA RAM | 4612 | 10/SF-11 |
| 671 | SALMA | ALTAF NAVI SAIFI | 4613 | 24/GF-18 |
| 672 | MOHD SABIR | MOHD SHAKUR | 4626 | 28/SF-12 |
| 673 | RESHMA | SHAKIL | 4674 | 18/FF-8 |
| 674 | SADIQ ALI | SHAHID ALI | 4775 | 34/FF-21 |
| 675 | SABANA KHATUN | NANHE SHA | 4800 | 10/TF-16 |
| 676 | JANE ALAM | MOHAMMAD JAAN | 4845 | 40/TF-15 |
| 677 | KUMARI VARMA | LAL BAHADUR | 4866 | 12/TF-13 |
| 678 | VASANT BARAIK | THEPA BARAIK | 4889 | 31/SF-43 |
| 679 | MD. ASHIQUE KHAN | MD. NAJRUL KHAN | 4906 | 35/FF-39 |
| 680 | TAHIR | AKHTAR HUSAIN | 4916 | 12/TF-31 |
| 681 | FAKHRUDDIN ANSARI | SULTAN ANSARI | 4918 | 18/GF-19 |
| 682 | HIMANSHU | HARISH KUMAR | 4924 | 13/GF-2 |
| 683 | PURNIMA BAIN | W/O SH LAL BABU RAM | 5001 | 35/FF-22 |
| 684 | BABITA | BHAGWAN SINGH | 105/3511 | 13/FF-21 |
| 685 | PRAMOD KUMAR | LOKMAN | 1144/4107 | 27/GF-3 |
| 686 | ABDUL RAHIM ANSARI | NOORUDDIN ANSARI | 115/2696 | 13/SF-9 |
| 687 | FIROJA BEGUM | KAYUM ANSARI | 1349/3246 | 31/FF-37 |
| 688 | AFSANA PARVEEN | MOHD. NASIM | 1583/4177 | 15/TF-29 |
| 689 | NIZAM KHAN | LAIQ KHAN | 1768/3024/3974 | 25/FF-5 |
| 690 | HASAN | NOOR MOHD. | 1921/4328 | 21/FF-21 |
| 691 | JAMANESA KHATUN | MOHD. ESLAM | 2093/986 | 14/FF-7 |
| 692 | SAMIMA KHATOON | MD TASLEEM | 224/176 | 32/SF-9 |
| 693 | BIREJ DEVI | SHUKAR MISTRI | 243/4181 | 19/GF-4 |
| 694 | HARIKESH | RAM GOPAL | 3562/285 | 26/TF-32 |
| 695 | KHAIROON KHATUN | SHAHABUDDIN | 3593/453 | 22/SF-12 |
| 696 | TABSUUM PRAVEEN | MOHAMMAD KALAM | 3783/520 | 26/SF-9 |
| 697 | INDU | MAHINDER | 3878/873 | 10/GF-18 |
| 698 | NISHA DEVI | JITENDER KUMAR | 4035/2443 | 18/TF-29 |
| 699 | MOHAMMAD SAMIM | MOHMAD ILYAS | 427/3793 | 16/TF-15 |
| 700 | KHUSHMUDA | ABDUL RAJJAK | 4478/4410 | 10/GF-1 |
| 701 | NANHESAHA | CHANDSAHA | 4688/351 | 11/FF-21 |
| 702 | NAEMA KHATOON | NESAR MANSOORI | 735/4465 | 22/SF-25 |
| 703 | JAMILA | KALLU KHAN | 761/762 | 25/GF-4 |
| 704 | SANJU DEVI | MAHENDER MATTO | 83/82 | 28/TF-15 |
| 705 | SUNITA DEVI | ANGAD RAM | 853/3861 | 25/FF-22 |
| 706 | NEETU YADAV | ASHOK YADAV | 860/2446 | 21/TF-13 |
| 707 | MRITUNJAI SEN | SUBODH SEN | OFFLINE | 8/GF-17 |
| 708 | MOHD. KHURSHID | MUNNA | OFFLINE | 9/TF-13 |
| 709 | KAPIL DEV SHARMA | JAGGU SHARMA | OFFLINE | 9/GF-20 |
| 710 | MAGISUNNISHA | RAMJAN ALI | OFFLINE | 9/SF-10 |
| 711 | BALESHWAR SINGH | SUBE SINGH | OFFLINE | 11/GF-1 |
| 712 | RANTU SARKAR | DILDAR SARKAR | OFFLINE | 11/SF-10 |
| 713 | ANITA | RAM PARSAD | OFFLINE | 11/TF-15 |
| 714 | SARITA DEVI | SHRI BANO RY | OFFLINE | 11/GF-20 |
| 715 | KOHINOOR | MUNNA | OFFLINE | 13/FF-24 |
| 716 | SEEMA DEVI | DINESH SHARMA | OFFLINE | 14/SF-12 |
| 717 | SOKIN ALI | UNIS KHAN | OFFLINE | 14/TF-14 |
| 718 | LAJJA DEVI | BHOLA RAM | OFFLINE | 16/SF-27 |
| 719 | KAMLESH KUMAR | LAXMI NARAYN | OFFLINE | 16/SF-10 |
| 720 | RAM UDAY RANJAN | RAJA RAM YADAV | OFFLINE | 16/SF-12 |
| 721 | KRISHAN GOPAL | RAM MANDAL | OFFLINE | 16/TF-31 |
| 722 | PUSHPENDER PRASAD | RAJENDER PRASAD | OFFLINE | 16/FF-23 |
| 723 | SUNIL YADAV | KEDAR YADAV | OFFLINE | 17/GF-3 |
| 724 | REKHA DEVI | TINKU SHARMA | OFFLINE | 17/TF-15 |
| 725 | BACHAN SINGH | SAMLE RAM | OFFLINE | 17/TF-31 |
| 726 | VIPIN KUMAR | LT SH BHUDHAN | OFFLINE | 17/FF-6 |
| 727 | SITARA | IKMAT ALI | OFFLINE | 19/GF-19 |
| 728 | RAM SINGH | KALU RAM | OFFLINE | 20/SF-27 |
| 729 | SITA DEVI | ASHOK KUMAR | OFFLINE | 22/GF-19 |
| 730 | RIYAZUDEEN | MOHAMMAD KHAN | OFFLINE | 23/SF-11 |
| 731 | ROHIT | SHRI CHAND | OFFLINE | 23/GF-19 |
| 732 | TABSUM NAUSHAD SHAIKH | AZEEM | OFFLINE | 23/FF-22 |
| 733 | NUTAN KUMARI | SURESH KUMAR | OFFLINE | 23/SF-26 |
| 734 | GEETA DEVI | BIJENDER SINGH | OFFLINE | 23/GF-2 |
| 735 | RAJENDER | RAM LAKHAN | OFFLINE | 24/TF-32 |
| 736 | CHANDRA BHAN SINGH | MAN PAL | OFFLINE | 25/SF-12 |
| 737 | KULSUM FATAMA | SEKH MOHD. | OFFLINE | 25/GF-19 |
| 738 | BHAGAT SINGH VERMA | ASHOK KUMAR VERMA | OFFLINE | 26/TF-30 |
| 739 | REENA PANDEY | RAM NAYAK | OFFLINE | 26/SF-27 |
| 740 | USHA | MANPAL | OFFLINE | 28/FF-6 |
| 741 | GAJENDRA SINGH | KHAJAN SINGH | OFFLINE | 28/TF-13 |
| 742 | MAHENDER | HARI SINGH | OFFLINE | 28/GF-20 |
| 743 | NAWAB ALI | SAFITULLA | OFFLINE | 29/FF-5 |
| 744 | AJAY KUMAR | GANGA RAM | OFFLINE | 29/FF-22 |
| 745 | DINESH KUMAR | GOPAL RAM | OFFLINE | 30/TF-29 |
| 746 | MUNSHAD ALI | MUSTAQ ALI | OFFLINE | 30/TF-14 |
| 747 | SALIM | KASIM | OFFLINE | 30/GF-33 |
| 748 | HUKAMCHAND | SHRI CHAND | OFFLINE | 30/TF-45 |
| 749 | MOHD SHAMSHER | MODH SALIM | OFFLINE | 31/SF-27 |
| 750 | RAJ KUMAR | MOHAN LAL | OFFLINE | 31/TF-46 |
| 751 | RASHIS ALI | YUNIS ALI | OFFLINE | 34/GF-17 |
| 752 | VIJAY SINGH | SUKH CHAND | OFFLINE | 34/GF-2 |
| 753 | RAMAN LAL | PRASADI LAL | OFFLINE | 34/GF-3 |
| 754 | BHUPENDER SINGH | CHUHAD SINGH | OFFLINE | 34/SF-43 |
| 755 | DEVKI DEVI | KISHAN KUMAR | OFFLINE | 35/TF-15 |
| 756 | RAMESH KUMAR SINGH | RAJ KUMAR SINGH | OFFLINE | 35/FF-40 |
| 757 | RAFI AHMAD | AHMAD ALI | OFFLINE | 40/TF-31 |
| 758 | HUSNARA KHATUN | SAIYED NASIM | OFFLINE | 14/GF-20 |
| 759 | MANKA DEVI | OMI | OFFLINE | 40/FF-23 |

संयुक्त आयुक्त ( टी. )
नगर निगम, फरीदाबाद



बच्चो, बारिश के दौरान जब तुम घर से बाहर निकलते हो तो भीगने से बचने के लिए छाते का इस्तेमाल जरूर करते होगे। क्या तुम जानते हो कि दुनिया के कई देशों में 'अंब्रेला म्यूजियम' यानी छाता संग्रहालय भी हैं? जानो, कुछ अंब्रेला म्यूजियम्स के बारे में।

# अलग-अनोखे हैं ये अंब्रेला म्यूजियम

रोचक

शिखर चंद जैन

बच्चो, बारिश का मौसम आते ही सबसे पहले याद आता है छाता। भीगने से बचाने का सबसे आसान जरिया छाता ही है। दुनिया भर में इसका इस्तेमाल सदियों से हो रहा है। सैकड़ों तरह के छाते देश-विदेश में प्रचलित हैं। तुम्हें जानकर अचरज होगा कि कुछ देशों में अनोखे छाता संग्रहालय भी मौजूद हैं। यहां तुम छातों के क्रमिक विकास और उनके विभिन्न प्रकारों के बारे में जान सकते हो।

## अंब्रेला एंड पारासोल म्यूजियम, इटली

इटली के पीडमोंट में मौजूद इस अनूठे छाता और छत्र (पारासोल) संग्रहालय की स्थापना 1939 में इगिनो एंब्रोसिनी (1883-1955) ने की थी। हालांकि वह खुद कृषि विज्ञानी थे, लेकिन छाता बनाना उनका पुश्तैनी कारोबार था। इसलिए छाते के प्रति उनको लगाव था। 1976 से इस संग्रहालय को वर्बानो-कुसियो-ओसोला प्रांत के गिग्नेस में स्थित दो-मंजिला इमारत में शिफ्ट कर दिया गया।

इस संग्रहालय में विभिन्न खंडों में छाते, छत्र और इनके निर्माण से जुड़ी सामग्रियों सहित 1,000 से अधिक वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। इनके माध्यम से दर्शक यहां 1800 के दशक के आरंभ से लेकर आज तक छतरियों के क्रमिक विकास को देख और समझ सकते हैं।

इस म्यूजियम में तरह-तरह के फीते, रेशम, सूती और सिंथेटिक फैब्रिक, लकड़ी, हड्डी और धातु के फ्रेम के साथ, लकड़ी में नक्काशीदार सुंदर हैंडल, हाथी दांत, मोती और चांदी जैसी बहुमूल्य सामग्रियों से बनी छतरियां भी दर्शकों को खूब लुभाती हैं। संग्रहालय की पहली मंजिल छाता बनाने वाले कारीगरों के पेशे को समर्पित है। यहां तुम दो विशाल छाते भी देख सकते हो, जिन पर चित्रकार फेलिस वेलन ने छाता बनाने वालों के जीवन का संक्षिप्त चित्रण किया है। संग्रहालय में ऐतिहासिक वस्तुओं के लिए भी एक खंड समर्पित किया गया है, इसमें पूर्व रानी मार्गेरिटा की छतरी प्रदर्शित की गई है।



अंब्रेला कवर म्यूजियम, यूएसए

## अंब्रेला कवर संग्रहालय, यू एस ए

यह संग्रहालय अमेरिका के पीक्स आईलैंड में स्थित है। इस मशहूर संग्रहालय का निर्माण नैंसी हॉफमैन ने वर्ष 1996 में करवाया। इस संग्रहालय को बनाने का विचार हॉफमैन के मन में तब आया जब वे एक अलमारी साफ कर रहे थे और उन्हें पुराने सात छाते मिले। संग्रहालय की शुरुआत हॉफमैन ने अपने घर की रसोई से की। जैसे-जैसे उनका संग्रह बढ़ता गया, इसे एक बड़े स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने यहां 66 देशों से बड़ी संख्या में छाते और छत्र संग्रह किए। इस संग्रहालय में 'लेट अ स्माइल बी योर अंब्रेला' गाते हुए अकॉर्डियन बजाते हुए हॉफमैन को अकसर ही देखा जा सकता है। अंब्रेला कवर म्यूजियम का मिशन कहता है कि यह संग्रहालय रोजमर्रा की जिंदगी में दैनिक उपयोग की चीजों की सराहना के लिए समर्पित है। इस संग्रहालय में ढाई इंच की बार्बी डॉल की नन्ही सी छतरी से लेकर छह फुट लंबा छाता भी मौजूद है। 7 जुलाई 2012 को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने हॉफमैन के 730 छातों के संग्रह को दुनिया का सबसे बड़ा अंब्रेला म्यूजियम माना।

## चीन छाता संग्रहालय, चीन

चीन का हांगझोउ आर्द्र जलवायु वाला शहर है। यहां काफी बारिश होती है। हांगझोउ को चीनी छाते का जन्मस्थान भी माना जाता है। यहां के इस छाता संग्रहालय में तुम्हें छाते से जुड़े कई



सवालों के जवाब मिल सकते हैं। चीन के पहले छाता संग्रहालय के रूप में यह छाता संस्कृति, छाता इतिहास, छाता कथा और छाता निर्माण प्रक्रिया को व्यापक रूप से प्रदर्शित करता है। इस संग्रहालय को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसके भीतर तुम्हें बारिश में खड़े होने का अहसास होगा। संग्रहालय के अंदर, मल्टीमीडिया उपकरणों द्वारा निर्मित आभासी बारिश का दृश्य और पानी का धुआं सा यानी कोहरा सा दिखाई देता है। संग्रहालय की दीवारों को टाइल ग्रे रंग से रंगा गया है। संग्रहालय के छह ब्लॉक्स में छतरियों की उत्पत्ति, विभिन्न श्रेणियां, कला -संस्कृति और आधुनिक छातों को प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा संग्रहालय के अंदर एक इंटरैक्टिव जोन भी है। जहां पर्यटक छतरियों के पुर्जे जोड़ने, छतरी रंगने और छतरियों की मरम्मत करने जैसी एक्टिविटीज में हिस्सा ले सकते हैं। *

### देश में बन रहा रेन म्यूजियम




**बच्चो, अपने** देश में कोई छाता संग्रहालय तो नहीं है। लेकिन दुनिया के पहले रेन म्यूजियम का निर्माण किया जा रहा है। बच्चो, दुनिया में सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान मेघालय के मॉसिनराम में दुनिया का पहला वर्षा संग्रहालय बनाया जा रहा है। तुम्हें बताते चलें कि मॉसिनराम, धरती का सबसे ज्यादा बारिश वाला स्थान है, जहां हर साल 11,000 मिमी से ज्यादा बारिश होती है। 35 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस वर्षा संग्रहालय के अंदर पर्यटकों को वर्षा और इसके इतिहास के बारे में जानने का मौका मिलेगा। इमेजिन करो, तुम एक ऐसे कमरे में प्रवेश कर रहे हो, जहां बारिश हो रही है। इस एक्सपीरियंस के लिए यहां एक इनडोर रेन जोन भी बनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्षा के दौरान रेन म्यूजियम के भीतर भी इस पहाड़ी गांव से गुजरने के अनुभव को जीवंत बनाना है। भारत का मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और इसरो वास्तविक समय के डेटा का उपयोग करते हुए वर्षा को कैसे मापते हैं? जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में इसका क्या अर्थ है, इस पर यहां इंटरैक्टिव प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।

बच्चो, रक्षाबंधन का इंतजार हर भाई-बहन को होता है। भाई-बहन के प्यार भरे रिश्ते का महत्व बताने वाले इस त्योहार से जुड़ी अनेक कथाएं, किंवदंतियां और ऐतिहासिक किस्से हैं। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।

# कैसे शुरू हुआ रक्षाबंधन

पर्व

शिवानी छाया

बच्चो, भाई-बहन के प्यार और स्नेह को प्रकट करता है रक्षाबंधन का त्योहार। इस दिन बहनें अपने प्यारे भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं, तिलक लगाती हैं और मिठाई खिलाती हैं। भाई भी अपनी प्यारी बहना को गिफ्ट देते हैं। साथ ही हमेशा अपनी बहन का साथ निभाने, उसकी रक्षा करने का वादा भी करते हैं। क्या तुमने कभी सोचा है कि रक्षाबंधन पर्व की शुरुआत कब और कैसे हुई? जानो, इसके बारे में।



**रक्षाबंधन से जुड़ी पौराणिक कथाएं:** एक पौराणिक कथा के अनुसार राजा बलि, भगवान विष्णु के परम भक्त और महादानी थे। एक बार, राजा बलि ने यज्ञ करके स्वर्ग पर अधिकार करने का प्रयास किया, जिससे भयभीत होकर देवराज इंद्र ने भगवान विष्णु से मदद मांगी। भगवान विष्णु, वामन का रूप धारण कर राजा बलि के द्वार पर पहुंचे और उनसे तीन पग भूमि दान में मांगी। राजा बलि ने इस मांग को स्वीकार कर लिया। वामन रूप धरे भगवान विष्णु ने तो एक पग में पूरी धरती और दूसरे पग में पूरा आकाश नाप दिया। अब क्या? अब वे तीसरा पग कहां रखें? तब राजा बलि ने अपना सिर आगे कर कहा कि आप अपना तीसरा पग मेरे सिर पर रख लीजिए। राजा की यह दानवीरता देख भगवान प्रसन्न हुए और राजा बलि को पाताल लोक का राजा बना दिया और उनसे वरदान मांगने को कहा। राजा बलि ने भगवान विष्णु से वरदान मांगा कि आप मेरे साथ पाताल लोक में ही चलकर रहें। भगवान विष्णु राजा बलि के साथ पाताल लोक में रहने चले गए। इससे माता लक्ष्मी और सभी देवता चिंतित हो गए। माता लक्ष्मी एक गरीब महिला का रूप धारण कर महाराज बलि के पास पहुंची और उन्हें राखी बांधी। जब राजा बलि ने राखी के बदले में कुछ मांगने को कहा, तो माता लक्ष्मी अपने असली रूप में आ गईं और उन्होंने राजा बलि से कहा कि वह भगवान विष्णु को बैकुंठ धाम जाने दें। राखी का मान रखते हुए राजा बलि ने माता लक्ष्मी की बात मान ली। फिर भगवान विष्णु माता लक्ष्मी के साथ अपने धाम को लौट गए। बच्चो, हर साल हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को रक्षाबंधन त्योहार मनाया जाता है, क्योंकि इसी तिथि को माता लक्ष्मी ने राजा बलि को राखी बांधी थी।

एक दूसरी कथा महाभारत में वर्णित है- जब भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल का सुदर्शन चक्र से वध किया, तो इस दौरान उनकी अंगुली घायल हो गई थी और उससे खून बहने लगा था। भगवान कृष्ण की अंगुली से खून बहते देखकर द्रौपदी ने अपनी साड़ी का एक टुकड़ा फाड़कर उनकी अंगुली में बांध दिया। इस चीर (वस्त्र) के बदले में श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को हर संकट से बचाने का वचन दिया। आगे चलकर अपने वचन का मान रखते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने द्रौपदी के चीरहरण के समय उनकी रक्षा की।

**रक्षाबंधन से संबंधित ऐतिहासिक किस्से:** कहा जाता है कि सिकंदर ने जब पोरस के राज्य पर आक्रमण किया तो सिकंदर की पत्नी रोक्साना ने राजा पोरस को राखी भेजकर युद्ध में सिकंदर को नुकसान न पहुंचाने का अनुरोध किया था।

एक अन्य प्रसंग चित्तौड़ की महारानी कर्णावती का है, जिन्होंने हुमायूं को राखी भेजकर अपने राज्य को आक्रमणकारियों से बचाने का निवेदन किया था। हुमायूं ने रानी कर्णावती को बहन माना और उनकी मदद की।

ब्रिटिश राज में, 1905 में बंगाल विभाजन के दौरान देशवासियों को एकजुट करने के लिए रवींद्रनाथ टैगोर ने हिंदुओं-मुसलमानों को एक-दूसरे को राखी बांधने का आह्वान किया था। *

कविता / वसीम अहमद नगरामी

## रक्षाबंधन के दिन



रक्षाबंधन के दिन तितली
चुपके-चुपके आई।
बोली, भंवरे भैया अपनी
आगे करो कलाई।
लाई हूं सुंदर सी राखी
लो भैया बंधवा लो,
मैंने बनाई खास मिठाई
लो थोड़ी सी खा लो।
भंवरे ने राखी बंधवाई
बड़े मजे से खाई मिठाई।
खुश होकर तब तितली बोली
जुग-जुग जियो मेरे भाई।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मीठे-प्यारे गीत

बच्चो, कुछ समय पहले तुम्हारे लिए मीठे-मीठे प्यारे गीतों की एक किताब 'बचपन है फुलवारी' छपकर आई है। इसके लेखक हैं राजा चौरसिया। इस किताब में कुल 32 गीत हैं। इन गीतों को पढ़ने में तुम्हें मजा तो आएगा ही, इनसे बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। कई गीतों में प्रकृति के संरक्षण और वृक्षों की महत्ता को बताया गया है। *'आओ बढ़ाएं इस धरती पर, वृक्षारोपण से हरियाली।'* कुछ गीतों में हंसने, मुस्कुराने और खुश रहने के लिए प्रेरित किया गया है। जैसे- *'फूलों की कलियों सी भाए, मंद-मंद मुस्कान। तन-मन स्वस्थ, मस्त हैं रहते, हो न कोई नुकसान।'* कुछ बच्चे जरा सी परेशानी आने पर हताश हो जाते हैं। उनको अपना हौसला बढ़ाने के लिए इस किताब के कुछ गीत पढ़ने चाहिए। ऐसे ही एक गीत की पंक्तियां हैं, *'चाहे देर भले लग जाए, रंग परिश्रम लाता है। जिसमें रहती लगन निरंतर, वही सफलता पाता है।'* इनके अलावा कई और भी प्यारे गीत हैं। किताब के अंत में बच्चो, तुम एक मजेदार गीत 'चूहे का उत्तर' भी पढ़ सकते हो। *



**किताब:** बचपन है फुलवारी, **लेखक:** राजा चौरसिया
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** पाथेय प्रकाशन, जबलपुर

## जीके क्विज-165



1. हाल ही में किस अभिनेत्री को बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला?
2. दिल्ली की वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
3. भारत में पहली एसटीडी फोन सेवा देश के किन दो शहरों के बीच शुरू की गई थी?
4. सात हजार से अधिक प्रायद्वीपों का समूह कहां स्थित है?
5. भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता कौन थे?
6. ब्रिटिश काल में 'दीनबंधु' के नाम से कौन से महापुरुष प्रसिद्ध हुए थे?
7. गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहां दिया था?
8. भारत के पहले सुपर कंप्यूटर का नाम क्या था?
9. एक्स-रे का आविष्कार किसने किया था?
10. रिक्टर स्केल से क्या मापा जाता है?

**बच्चो, जीके क्विज-165 का उत्तर 'बालभूमि' के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-164 का उत्तर :** 1. 29 अगस्त, 2.दिव्या देशमुख, 3.उपराष्ट्रपति, 4.नई दिल्ली, 5.राष्ट्रपति, 6.बृहस्पति, 7.चिल्का झील, 8.राजस्थान, 9.त्वचा (स्किन), 10.विवेक एक्सप्रेस

**जीके क्विज-164 का सही उत्तर देने वाले :** चंचल-गरियाबंद, सौरभ-बिलासपुर, संजना-रोहतक, आद्या-उमरिया, सौम्या-जांजगीर, स्वप्निल-जांजगीर, उमेश-धमतरी, नैतिक-मानपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, कबीर-हिसार



कहानी

हरीश कुमार अमित

राखी का त्योहार आया तो अदिति ने अपने भाई क्षितिज को सरप्राइज देने की सोची। उधर क्षितिज ने भी अपनी बहन को सरप्राइज देने की सोच रखी थी। मजे की बात हुई कि अदिति-क्षितिज के मम्मी-पापा ने भी अपने बच्चों को ऐसा सरप्राइज दिया कि उनका राखी का त्योहार सबके लिए सरप्राइज भरा हो गया।

# सरप्राइज वाली राखी



रक्षाबंधन वाले दिन की सुबह अदिति अपने आप ही जाग गई थी, वरना स्कूल जाने वाले दिनों में तो हर रोज मम्मी को उसे जगाना पड़ता था। बिस्तर से उतरकर अदिति ने देखा कि उसका भैया क्षितिज, उससे पहले ही जाग चुका था। वह ब्रश कर रहा था। अदिति और क्षितिज जुड़वां भाई-बहन हैं। क्षितिज को देखते ही अदिति बोली, 'भैया, आज तो राखी वाला दिन आ गया है। अब तो अपना सरप्राइज बता दो।'

'अभी नहीं, बाद में बताऊंगा, और तुमने कब बताया अपना सरप्राइज?' क्षितिज अपनी आंखों की पुतलियां नचाते हुए बोला।

'मैं भी बाद में बताऊंगी।' अदिति यह कहकर हंस दी। 'ठीक है।' क्षितिज ने कहा और फिर नहाने चला गया। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से अदिति और क्षितिज एक-दूसरे से कह रहे थे कि राखी वाले दिन एक सरप्राइज देंगे। थोड़ी देर बाद तैयार होकर अदिति, क्षितिज को राखी बांधने के लिए थाली सजाकर लाई। फिर कुर्सी पर बैठे क्षितिज के सामने डाइनिंग टेबल पर थाली रख दी। तभी मम्मी-पापा भी वहां आ गए।

अदिति जब क्षितिज को राखी बांधने लगी तो उसने बताया कि जो राखी वह बांधने जा रही है, वह उसने अपने हाथों से बनाई है। यह जानकर क्षितिज को आश्चर्य हुआ। वह बोला, 'अपने हाथों से...! अपने आप कैसे बना ली इतनी सुंदर राखी तुमने? यह तो बाजार में मिलने वाली राखी जैसी ही लग रही है।'

'इस राखी को मैंने बड़ी मेहनत से बनाया है। इसे बनाने के तरीके के बारे में टीचर जी से भी पूछा और मम्मी की मदद भी ली।' अदिति ने बताया।

अदिति ने राखी बांध दी तो क्षितिज ने पास ही रखी कपड़े से ढंकी किसी चीज पर से कपड़ा हटाया। एक रंग-बिरंगी गुल्लक अदिति की ओर बढ़ाते हुए वह बड़े स्नेह से बोला, 'यह मेरी तरफ से राखी का उपहार है।'

'अरे वाह, इतनी सुंदर गुल्लक!' गुल्लक को देखते ही अदिति बहुत खुश हो गई। 'इसे खुद बनाया है मैंने।' क्षितिज ने बताया। 'क्या, इसे खुद बनाया है तुमने, भैया?' अदिति ने अचरज से पूछा। 'हां, मैंने खुद बनाई है यह, राखी पर तुम्हें देने के लिए।' क्षितिज ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया।

'लेकिन इसे तुमने बनाया कैसे?' अदिति ने सवाल किया। 'कार्ड बोर्ड, गोंद, सेलो टेप और रंगीन कागजों से बनाई है यह गुल्लक। इसे बनाने के लिए मैंने भी अपने स्कूल के टीचर जी की मदद ली और पापा से भी पूछा।' क्षितिज ने बताया। अदिति गुल्लक को हाथों में लेकर बोली, 'तुम्हारी बनाई गुल्लक मुझे बहुत पसंद आई।'

'तुमने भी तो बहुत सुंदर राखी बनाई है! कितनी प्यारी लग रही है! मैं इसे हमेशा संभालकर रखूंगा।' क्षितिज ने कलाई पर बंधी राखी पर बड़े प्यार से हाथ फेरते हुए कहा।

अदिति बोली, 'भैया, तुम्हारी गुल्लक भी बहुत सुंदर बनी है। मैं भी इसे हमेशा संभालकर रखूंगी।'

तभी पापा क्षितिज से बोले, 'लेकिन राखी के त्योहार पर क्या तुम अपनी बहन को खाली गुल्लक ही दे रहे हो?'

'नहीं पापा, इसमें मैंने अपनी पॉकेट मनी से बचाकर रखे कुछ रुपए भी डाल दिए हैं।' क्षितिज बोला। 'कितने रुपए डाले हैं गुल्लक में?' मम्मी ने पूछा।

'मम्मी, यह भी सरप्राइज है।' क्षितिज ने हंसते हुए जवाब दिया।

'अच्छा तो तुम दोनों के सरप्राइज के बाद अब मेरी ओर से भी एक सरप्राइज है।' मम्मी ने मुस्कुराते हुए कहा तो सब उनकी ओर देखने लगे। 'आज मैंने तुम सबकी फेवरेट किशमिश वाली खीर बनाई है और साथ ही गरमा-गरम प्याज की कचौरियां भी।' मम्मी ने हंसते हुए बताया। 'वाह, मुंह में पानी भर आया है मम्मी!' क्षितिज खुशी से चहकते हुए बोला।

'आज तो बहुत मजा आएगा नाश्ते का।' खुशी से उछलते हुए अदिति भी बोली।

तभी पापा बोले, 'एक सरप्राइज मेरी तरफ से भी है..।' 'क्या सरप्राइज, पापा?' अदिति ने पूछा। क्षितिज भी उत्सुकता से पापा की तरफ देखने लगा। 'थोड़ी देर पहले तुम्हारी बुआ जी का फोन आया था। मुझे राखी बांधने के लिए उन्हें दिल्ली आना था, लेकिन आज सुबह उनके पैर में मोच आ गई है। इसलिए यहां आने का अपना प्रोग्राम उन्हें कैंसिल करना पड़ा है। अब हम सभी नाश्ता करके थोड़ी देर बाद आगरा चलेंगे, तुम्हारी बुआ जी के यहां जाने के लिए। कल इतवार की छुट्टी है। आज रात हम तुम्हारी बुआ जी के यहां रुक जाएंगे, कल वापस दिल्ली आने से पहले आगरा में ताजमहल, आगरा का किला, सिकंदरा वगैरह देख लेंगे।'

'अरे वाह पापा, तब तो खूब मजा आएगा!' क्षितिज ने कहा। 'यह तो दो दिन लंबी पिकनिक हो जाएगी।' अदिति भी खुशी से ताली बजाने लगी।

'इस बार की राखी बहुत मजेदार है।' क्षितिज बोला।

'सरप्राइज वाली राखी।' अदिति ने कहा तो बाकी सब हंसने लगे। *

कविता

डॉ. फहीम अहमद



## नेह बंधन

बहना करती है भाई का
प्यार भरा अभिनंदन।
रंग-बिरंगे लाई धागे,
बहना यही दुआएं मांगे,
भाई रहे सदा ही आगे।
नेह भरा बंधन है पावन,
प्यारा रक्षाबंधन।
सूरज जैसा दमके भाई,
चंदा जैसा चमके भाई,
नाम कमाए जग में भाई।
यश फैले जग में भाई का,
जैसे महके चंदन।
फूलों भरी सदा हो राहें।
भाई को सब लोग सराहें,
पाएं हर मंजिल जो चाहें।
फूलों सा जीवन हो उनका
है प्रभु से यह वंदन।
जगमग हो भाई का आंगन,
भरा रहे खुशियों से दामन,
बना रहे यह बंधन पावन।
रिश्तों में महसूस करें नित,
नेह भरा स्पंदन।।

## रंग भरो-181

**रंग भरो-181** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





प्रगति, बिलासपुर



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



आशना, जांजगीर



पूर्वी, बिलासपुर



आन्या, बिलासपुर



मानस, राजनांदगांव

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सार्थक-रायपुर, वेदिका-बालोद, कनिका-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, प्रिया-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, राशि-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, डिंपल-करनाल, साकेत-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 182

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी अपने भाई राजू को राखी बांध रही है। तुम इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य की मुश्किलें बढ़ीं



**वाराणसी।** रामचरित मानस को लेकर विवादित टिप्पणी देने के मामले में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। वाराणसी में एसीजेएम (एमपी-एमएलए कोर्ट) नीरज कुमार त्रिपाठी की अदालत ने स्वामी प्रसाद मौर्य की विवादित टिप्पणी के मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने वाराणसी के कैंट थाना प्रभारी को निर्देशित किया है कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करें।

### शूटरों को ढेर करने वाली टीम को इनाम

**सीतापुर।** पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी के हत्यारों को एसटीएफ व एसओजी की टीम ने ढेर कर दिया। एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर टीम के लिए सवा लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है। दोनों पर एक-एक लाख का इनाम घोषित था। पत्नी रश्मि ने इस एनकाउंटर पर सवाल उठाए थे, एसपी ने परिवार से मिलकर जानकारी साझा करने की बात कही है।

### सीएम योगी ने दी 659 करोड़ की सौगात

# संभल जैसी सच्चाई को छिपाने की कोशिश करने वालों को सिखाएंगे सबक, रखेंगे याद लोग

यूपी के संभल को सीएम योगी ने 659 करोड़ की सौगात दी। 222 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। योगी ने कहा कि भल को भगवान कल्कि के अवतार की भूमि के रूप में विकसित किया जाएगा। संभल का आयोध्या और काशी की तर्ज पर विकास करेंगे।

- संभल का आयोध्या और काशी की तर्ज पर करेंगे विकास
- संभल को मिल रहीं ऐतिहासिक सौगातें

एजेंसी ▶▶ संभल



भगवान कल्कि और भगवान हरिहर की भूमि संभल है। भगवान विष्णु का दसवां अवतार संभल में होगा। इसका उल्लेख पुराणों में मिलता है। कुछ लोगों को यह विवादित लगता है लेकिन उनकी परंपरा में ही विवाद नजर आता है। लेकिन यह विषय विवाद का नहीं है। संभल की चर्चा जब होती है तो दुनिया का ध्यान संभल पर आकर्षित होता है। संभल जैसी सच्चाई को छिपाने की चेष्टा करने वालों को ऐसा सबक सिखाएंगे कि उनकी आने वाली पीढ़ियां याद करेंगी कि किन लोगों से टकराए थे। हमारे पास सभी तरह के प्रमाण हैं। यह बात सीएम योगी आदित्यनाथ ने बहजोई के नजदीक स्थित फत्तेहपुर शरीफनगर में मुख्यालय की जमीन पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। सीएम ने जनसभा से पहले 658.86 करोड़ की 220 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें डीएम कार्यालय और एकीकृत आवासीय भवन पर 155.1 करोड़ रुपए खर्च होंगे। गुरुवार सुबह सीएम ने पूजा अर्चना की और इसके बाद वह 11.15 बजे मंच पर पहुंचे। जहां मंच पर बैठे भाजपा के नेता व मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने उनका स्वागत किया। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि श्रीमद भागवत महापुराण 5000 वर्ष पहले रची गई थी। स्कंद पुराण और विष्णु पुराण में उल्लेख है कि भगवान कल्कि का अवतार संभल में होगा। अलग-अलग युग में अलग-अलग नाम से इस धार्मिक नगरी को पुकारा गया। कहा कि संभल में 68 तीर्थ और 19 कूप थे। परिक्रमा का मार्ग था। विदेशी आक्रांताओं ने तीर्थों को नष्ट करने का काम किया। सभी 19 कूप पर कब्जे कर लिए गए। परिक्रमा मार्ग तोड़ दिए और 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग बाधित कर दिया गया।

### विदेश में पढ़ाई के लिए भी स्कॉलरशिप समेत योगी कैबिनेट ने 19 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

*लखनऊ। यूपी की योगी सरकार अब विदेश में उच्च शिक्षा और मास्टर डिग्री के लिए छात्रों को स्कॉलरशिप देगी। गुरुवार को योगी कैबिनेट ने उच्च शिक्षा के लिए चार प्रस्तावों समेत 19 प्रस्तावों पर मुहर लगाई है। दो सप्लीमेंटरी प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई है। इन प्रस्तावों में लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज यानी केजीएमयू के अधिनियम में संशोधन भी शामिल है। 62 जिलों में खराब राजकीय नलकूपों को रीबोर कराने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दी गई है। वहीं एफआरबी एक्ट की सीमा 3 से 3.5 कर दी गई है। इसके अलावा दो निजी विश्वविद्यालयों को भी मंजूरी दी गई है। योगी कैबिनेट ने फैसला किया है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर छात्रवृति शुरू होगी। विदेशों में मास्टर डिग्री के लिए एक विषय मे सरकार छात्रों को छात्रवृति देगी। हर छात्र पर 38480 पाउंड खर्च आएगा। इसमें आधी धनराशि सरकार और आधी राशि ब्रिटेन की संस्था वहन करेगी। हर साल पांच छात्रों का छात्रवृत्ति के लिए चयन होगा।*

### देवघर को जल्द मिलेगी मेडिकल कॉलेज की सौगात

**देवघर।** जिला को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और बड़ी सौगात मेडिकल कॉलेज के रूप में मिलने जा रही है। यहां 100 सीट वाला मेडिकल कॉलेज के साथ सदर अस्पताल को जोड़कर 420 बेड की सुविधा युक्त अस्पताल का भी निर्माण कराया जाएगा। गुरुवार को अस्पताल का निर्माण के स्थल का निरीक्षण के दौरान राज्य के अपर मुख्य स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह ने यह बातें कही।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/निर्माण-I, उत्तर रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए **दो पैकेट सिस्टम** के अधीन खुली ई-टेंडर आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम एवं स्थानः** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के डी. एल. टी. कॉम्प्लेक्स में कोचिंग अनुरक्षण सह वाशिंग लाइन स. 3, 4 और 5 पर कवर शेड का निर्माण और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के राजधानी कॉम्प्लेक्स में कोचिंग अनुरक्षण सह वाशिंग लाइन स. 9 और 10 पर कवर शेड का निर्माण और अन्य कार्य। |
| 2 | **कार्यावधिः** 18 (अठ्ठारह) माह |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागतः** रुपये 3972.73 लाख (रुपये उनतालीस करोड़ बाहत्तर लाख तिहत्तर हजार मात्र) |
| 4 | **धरोहर राशि, जो जमा करानी हैः** रुपये 21,36,400/- (रुपये इक्कीस लाख छत्तीस हजार चार सौ मात्र) |
| 5 | **ई-टेंडर जमा करने व खुलने की तारीख व समयः** निविदाएँ IREPS की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 30.08.2025 को 11.30 बजे तक अपलोड की जा सकती है। निविदा दाता केवल ई-टेंडर मे भाग ले सकते हैं। निविदाएँ दिनांक 30.08.2025 को 11.30 बजे खोली जाएंगी। |
| 6 | **विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्रः** निविदा प्रपत्र IREPS की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 07.08.2025 से 30.08.2025 तक उपलब्ध होगी। उपरोक्त निविदा के संबंध मे अन्य सभी नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र मे दिये गए हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट पर भी देखी जा सकती है। |

सं. 220-Acs-1-1281-Shed-NDLS दिनांकः 07.08.2025 2408/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सोलर सखी ने महिलाओं को दिया रोशनी और सम्मान का रास्ता

- सीखें और बनाएं नामक कौशल विकास प्रशिक्षण सत्र में 50 महिलाओं ने भाग लिया




**गुरुग्राम।** वजीराबाद गांव के समुदाय केंद्र में मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से आर्टेमिस हॉस्पिटल्स के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम से सोलर सखी के जरिये महिलाओं को मिला रोशनी और सम्मान का रास्ता। इस प्रोग्राम के अंतर्गत सोलर सखी प्रोजेक्ट की औपचारिक शुरुआत आर्टेमिस हेल्थकेयर सर्विसेज की निदेशक एवं सीएसआर की चेयरपर्सन शालिनी कन्वर चंद, गुरुग्राम के वजीराबाद स्थित सामुदायिक केंद्र में की गई। इस कार्यक्रम के दौरान सोलर सखी प्रोजेक्ट के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। इस मौके पर शालिनी ने महिला प्रतिभागियों से कहा कि यह परियोजना महिला सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, नारी सम्मान, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त पहल है। आर्टेमिस हॉस्पिटल्स इस सामाजिक उत्तरदायित्व को गर्व के साथ निभा रहा है। इस अवसर पर डॉ. सुजाता सोय, प्रिंसिपल लीड, सीएसआर, जतिन सिंह, रमेश गोयल, जल स्टार की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंतर्गत सीखें और बनाएं नामक एक कौशल विकास प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें 50 महिलाओं ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने न केवल सौर ऊर्जा के महत्व को समझा, बल्कि सोलर लालटेन असेंबल करने का व्यावहारिक एवं तकनीकी ज्ञान भी प्राप्त किया। प्रशिक्षण के उपरांत प्रत्येक सोलर सखी को एक निःशुल्क सोलर किट प्रदान की गई।

### चुनाव आयोग के नोटिस पर तेजस्वी यादव ने कहा-

## जिसने दो वोटर आईडी जारी किए, वही सवाल कर रहा

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने दो वोटर आईडी मामले में चुनाव आयोग द्वारा मिले नोटिस पर प्रतिक्रिया दी है। तेजस्वी ने कहा कि जिसने दो वोटर आईडी जारी किए, वही हमसे सवाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग की ओर से उन्हें कोई नोटिस नहीं मिला है। बल्कि अनुमंडल पदाधिकारी के स्तर से नोटिस दिया गया है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता ने कहा कि वह इस नोटिस का अच्छा जवाब देंगे। पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव गुरुवार को इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना होने से पहले पटना में मीडिया से बातचीत की।


**त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2025**

**रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-**

**01823/01824 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी - हज़रत निज़ामुद्दीन - वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 01823 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 01824 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 15:45 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 09:30 | ---- |
| 00:30 | ---- | हज़रत निज़ामुद्दीन | ---- | 02:00 |

**चलने के दिनः 01823 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी** से दिनांक 08.08.2025 से 10.08.2025 (शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार) तक एवं **01824 हज़रत निज़ामुद्दीन** से दिनांक 09.08.2025 से 11.08.2025 (शनिवार, रविवार एवं सोमवार) तक।
**ठहरावः** दतिया, डबरा, ग्वालियर, मुरेना., धौलपुर, आगरा कैंट, मथुरा जं. एवं कोसी कलाँ स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**04081/04082 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04081 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04082 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:45 | नई दिल्ली | 10:30 | ---- |
| 11:40 | ---- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | ---- | 21:20 |

**चलने के दिनः 04081 नई दिल्ली** से दिनांक 14.08.2025 से 16.08.2025 (गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार) तक एवं **04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 15.08.2025 से 17.08.2025 (शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार) तक।
**ठहरावः** पानीपत जं., कुरुक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट जं., ढंडारी कलां, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।
**स्थानः** प्रथम वाता., वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**04090/04089 आनन्द विहार (ट) - पटना जं. - आनन्द विहार (ट) आरक्षित एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी — 184 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04090 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04089 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 14:25 | आनन्द विहार (ट) | 14:50 | ---- |
| 11:00 | ---- | पटना जं. | ---- | 18:20 |

**चलने के दिनः 04090 आनन्द विहार (ट)** से दिनांक 08.08.2025 से दिनांक 07.11.2025 (प्रतिदिन) एवं **04089 पटना जं.** से दिनांक 09.08.2025 से दिनांक 08.11.2025 (प्रतिदिन)।
**ठहरावः** कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र स्टेशन।
**स्थानः** वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।**

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2421/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पेज एक का शेष

### उपराष्ट्रपति चुनावः राजग का...

प्रारंभिक चर्चा की बात सामने आई है। इनमें पहला नाम गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और दूसरा नाम पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार का है। इनमें देवव्रत उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने वाले जगदीप धनखड़ की तरह ही जाट वर्ग से हैं, जबकि बरेली से कई बार सांसद रहे गंगवार कुर्मी बिरादरी से हैं। गंगवार को बीते लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिला था। विपक्षी दलों द्वारा भी आने वाले दिनों में चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार के चयन पर विचार-विमर्श किए जाने की उम्मीद है। चुनाव आयोग ने 2025 के उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के सदस्यों से मिलकर बने एक निर्वाचक मंडल द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा किया जाता है और ऐसे चुनाव में मतदान गुप्त मतदान द्वारा होता है। उपराष्ट्रपति के कार्यकाल की समाप्ति से उत्पन्न रिक्ति को भरने के लिए चुनाव, कार्यकाल की समाप्ति से पहले ही संपन्न हो जाता है। ज्ञात हो कि जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था।

### साल की दूसरी छमाही में...

दोनों देशों के बीच फिलहाल तारीखों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया चल रही है। रूस की न्यूज एजेंसी तास ने यह जानकारी दी है।

भारत संग साझेदारी मजबूत करेगा रूसः शोइगू : उधर, अपनी रूस यात्रा के दौरान भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू से मुलाकात की। उनकी इस यात्रा का मकसद द्विपक्षीय ऊर्जा और रक्षा संबंधों पर रूसी पक्ष से बातचीत करने के अलावा रूस के राष्ट्रपति की इस साल की जाने वाली भारत यात्रा के लिए जरूरी आधार तैयार करना था। रूस के रक्षा मंत्री ने भारतीय एनएसए से मुलाकात के दौरान कहा कि भारत और रूस आपस में एक मजबूत और समय की कसौटी पर खरी उतरी दोस्ती से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि मास्को और नई दिल्ली के बीच यह काफी महत्वपूर्ण है कि दोनों राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच एक नई और व्यापक चर्चा के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत-रूस के बीच पहले से ही एक भरोसेमंद राजनीतिक संवाद की प्रक्रिया जारी है। जो दोनों के शीर्ष नेताओं के नियमित संवाद पर आधारित है। शोइगू ने कहा कि मास्को के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है कि भारत के साथ वह अपनी व्यापक और विशेष विशेषाधिकार वाली रणनीतिक भागीदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करे। जिसकी नींव आपसी सम्मान, विश्वास और एक-दूसरे के हितों व समावेशी एजेंडे को प्रोत्साहित करने की इच्छा पर टिकी हुई है।

### ट्रंप का 50 फीसदी टैरिफ...

लगाए गए टैरिफ की सूची में अब सबसे ज्यादा टैरिफ वाले देशों में भारत और ब्राजील शीर्ष पर पहुंच गए हैं। दोनों पर समान रूप से क्रमशः 50-50 फीसदी टैरिफ लगाया गया है।

चीन बोला, अमेरिका की दादागिरी : भारत पर टैरिफ में की गई अतिरिक्त बढ़ोतरी पर चीन ने अमेरिका को आड़े हाथों लिया है। नई दिल्ली में चीन के राजदूत शू फेइहेंग ने कहा कि अमेरिका एक ऐसे बदमाश की तरह बर्ताव कर रहा है। जो दूसरे लोगों पर रौब झाड़ता है। नई दिल्ली में चीन के राजदूत शू फेइहेंग ने एक्स पर पोस्ट में संकेतों में भारत को अमेरिका के सामने न झुकने का संदेश भी दिया और कहा कि बदमाश को एक इंच दो, वो मील भर ले लेगा। ट्रंप के इस निर्णय के बाद अब भारत और ब्राजील दुनिया के दो ऐसे देश बन गए हैं। जिन पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने सबसे ज्यादा टैरिफ लगाया है। चीन पर अमेरिका ने 30 फीसदी टैरिफ लगाया है।

ऐसे दौर से बाहर निकलना होगा : विदेश मंत्रालय में सचिव ने ये भी कहा कि ये पूरा घटनाक्रम भी एक दौर है, जिससे हमें बाहर निकलना है। भारत, अमेरिका के बीच संवाद जारी है। हमारी तरफ से केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय मामले पर मुख्य वार्ताकार है और हमें यह उम्मीद है कि समाधान निकलेगा। जिसके हम काफी करीब हैं। मुझे लगता है इसकी गति में एक अस्थायी रोक लगी है। भारत और अमेरिका रणनीतिक भागीदार हैं व बीते कुछ वक्त से अनुपूरक संबंध हैं। दोनों की तरफ से उद्योग और व्यापार की संभावनाएं हैं।

पीछे नहीं होगा भारत : रवि ने जोर देते हुए कहा कि टैरिफ बढ़ने से भारत बिलकुल भी पीछे नहीं होगा। कोई भी देश जो टैरिफ की दीवार का सामना कर रहा है। वो नए बाजारों की ओर देख रहे हैं जहां वो व्यापार कर सकें। भारत का ध्यान मध्य पूर्व, लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और दक्षिण एशिया जैसे क्षेत्रों पर है। अगर अमेरिका आपके निर्यात के लिए जटिल हो रहा है तो अन्य अवसरों की ओर देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी देश अमेरिकी राष्ट्रपति के टैरिफ से प्रभावित हैं। लेकिन चुनौतियों के साथ-साथ समाधान भी निकलेगा। समय के साथ-साथ दुनिया इस समस्या का समाधान अवश्य निकाल लेगी। हम समान सोच वाले देशों के बीच आपस में सहयोग और आर्थिक गतिविधि के पक्ष में हैं। जो सभी पक्षों के लिए साझा रूप से लाभप्रद होगी।

अमेरिकी डॉलर से कोई परेशानी नहीं : उन्होंने ब्रिक्स की मुद्रा से ट्रंप की नाराजगी को लेकर कहा कि समूह की ऐसी कोई मंशा नहीं है कि अमेरिकी डॉलर को दरकिनार किया जाए। लेकिन हम द्विपक्षीय व्यापार के लिए विकल्प तलाश रहे हैं। कोरोना महामारी के बाद ठोस मुद्रा में कमी आई है। जिसकी वजह से हमें अपनी मुद्रा में व्यापार करना पड़ा। मुद्दे पर द्विपक्षीय रूप से और ब्रिक्स के स्तर पर काम जारी है। भारत और ब्राजील का राजनीतिक नेतृत्व व्यापार बढ़ाने की आवश्यकता को लेकर सतर्क हैं। दोनों एक-दूसरे के साथ समपूरक अंदाज में काम कर सकते हैं। भारत, ब्राजील में काफी समानता है। जिसमें भरोसेमंद लोकतंत्र होना मुख्य रूप से शामिल है।

## रांची समेत झारखंड की 8 जगहों पर ईडी की रेड

**रांची।** जीएसटी फ्रॉड मामले में आज प्रवर्तन निदेशालय झारखंड की राजधानी रांची और राज्य के 8 अन्य हिस्सों में छापेमारी करने पहुंची है। अधिकारियों के अनुसार ईडी रांची और जमशेदपुर 8 जगहों पर रेड डालने पहुंची है। रांची के पीपी कंपाउंड में कृष्ण अपार्टमेंट के चौथे तल पर ईडी ने छापेमारी की है। यहां कृष नाम के कारोबारी के यहां ईडी पहुंची है। पांच से छह अन्य ठिकानों पर भी छापा पड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार, रांची, जमशेदपुर, कोलकाता और मुंबई में हवाला और जीएसटी मामले में ईडी की छापेमारी चल रही है। जमशेदपुर और रांची से जीएसटी घोटाले में पहले भी कई कारोबारी गिरफ्तार हुए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को 750 करोड़ रुपये के फर्जी जीएसटी चालान बनाने के मामले के सिलसिले में झारखंड, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र में नए सिरे से तलाशी ली। सूत्रों ने बताया कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत इन तीनों राज्यों में कम से कम एक दर्जन ठिकानों पर छापेमारी की गई। यह मामला झारखंड में शेल कंपनियों और अनधिकृत वित्तीय माध्यमों से 750 करोड़ रुपये के ₹फर्जी₹ इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) बनाने से संबंधित है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | भिवानी में सिविल हस्पताल में स्थापित लिफ्टों को बदलना + 1 कार्य। | 06.08.2025 18.08.2025 | 93.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.i |
| 2 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में पलवल में 100 बिस्तर वाले राजकीय सिविल हस्पताल की विशेष मरम्मत (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 16.08.2025 | 157.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्यूडिशियल कॉम्पलैक्स टावर ऑफ जस्टिस में वाटरप्रूफिंग सहित टाइल टेरेसिंग का कार्य। | बंद होने की तिथि 16.08.2025 | 143.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1- gurgaon@hry.nic.in |
| 4 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | वुडन क्रेट्स। | 08.08.2025 22.08.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | सोंधी के आरडी 1998 पर कल्वर्ट का निर्माण (एमईटीएल डिपॉजिट कार्य)। | बंद होने की तिथि 20.08.2025 | 64.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 18000 से 21000 तक चिड़ी माइनर की लाइनिंग की विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 20.08.2025 | 12.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | नोलपुर डिस्टी. के आरडी कि.मी. 9.510 एल/एस पर गांव तालाब मंधाना को भरने के लिए 450 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप लाइन बिछाना (अटल भू-जल योजना के तहत) + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 12.08.2025 | 81.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | यांत्रिकी उप-मण्डी परिसर, मेरठ रोड, करनाल में जंगल सफाई + 2 कार्य। | 04.08.2025 12.08.2025 | 4.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991831221 xen-wsmkrl.irr@gov.in |
| 9 | पंचायती राज झज्जर | 7.11 - कलोई, ब्लॉक व जिला झज्जर में श्री राम धर्मशाला में कमरे का निर्माण। | 06.08.2025 12.08.2025 | 5.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज करनाल | गबांव बस्तारा ब्लॉक घरौंड़ा, जिला करनाल में जी.टी. रोड बस्तारा (निकट टोल) से बस्तारा - मुबारकाबाद रोड वाया वॉर हीरोज मैमोरियल स्कूल तक नये रोड का निर्माण। | 05.08.2025 12.08.2025 | 146.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज करनाल | गांव माजरा रोड़ान ब्लॉक नीलोखेड़ी जिला करनाल में जयुका चौपाल को पूरा करना (वीएएनजीवाई 2024/25)। | 05.08.2025 21.08.2025 | 8.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज करनाल | चुरनी जागिर - गांव चुरनी जागिर, ब्लॉक करनाल में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर भवन का निर्माण, स्कीम :- डी-प्लान (एससीएसपी) + 2 कार्य। | 05.08.2025 21.08.2025 | 36.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज करनाल | गांव भैणी खुर्द ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में रिंकू पुत्र जीताराम के मकान से एमजीजीबीवाई कॉलोनी के आखिर तक नाला के निर्माण हेतु आकलन, जैडपी + 1 कार्य। | 06.08.2025 15.08.2025 | 11.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज पिंजौर | गांव जोहरीवाला जीपी-मंगनीवाला, ब्लॉक पिंजौर, जिला पंचकूला में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 05.08.2025 11.08.2025 | 20.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 15 | द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय गुरूग्राम | स्वच्छता और हाउसकीपिंग। | बंद होने की तिथि 26.08.2025 | 1 लाख | http;//dgcgurugram.ac.in | 9990714262 dgcgurgaon@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/300/37458/I/88/7 दि. 07.08.25



**प्रपत्र ए**

**सार्वजनिक घोषणा**

[भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन]

**महागुन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ हेतु**

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम | **महागुन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड** |
| 2. | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 26.09.1995 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | कंपनी रजिस्ट्रार – दिल्ली |
| 4. | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U74899DL1995PTC072752 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | पंजीकृत कार्यालयः सी–227, विवेक विहार, फेज 1, पूर्वी दिल्ली, दिल्ली–110095। मुख्य कार्यालयः महागुन मेट्रो मॉल, वीसी–3, सेक्टर 3, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, 201010 |
| 6. | कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन तिथि | 05.08.2025 (अदेश की प्रति 06.08.2025 को प्राप्त हुई) |
| 7. | ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की पूर्वानुमानित तिथि | 01.02.2026 |
| 8. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर | नामः मनोज कुमार बाबूलाल अग्रवाल पंजीकरण संख्याः IBBI/IPA001/IP-P00980/2017-2018/11613 |
| 9. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पता और ई–मेल, जैसा कि बोर्ड में पंजीबद्ध है। | पताः कार्यालय सं. 4, प्रथम तल, होटल सिटी प्राइड, अंबेडकर प्रतिमा के पीछे, पिंपरी, पुणे, महाराष्ट्र – 411018 ईमेल– manojagarwal20@gmail.com |
| 10. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का, पत्राचार हेतु प्रयुक्त, पता और ई–मेल | पताः फिनविन टर्नअराउंड रीस्ट्रक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड, 605, छठी मंजिल, सनटेक क्रेस्ट, मुकुंद नगर रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई, महाराष्ट्र–400059. ईमेल– cirp.mahagun@gmail.com |
| 11. | दावा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 19.08.2025 |
| 12. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की उप–धारा (6क) के क्लॉज (ख) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई | लेनदारों का वर्ग – रियल एस्टेट परियोजना के अंतर्गत आवंटी |
| 13. | किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिह्नित ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम) | 1) नामः वेकस कुमार गर्ग पंजीकरण सं. IBBI/IPA-002/IP-N00738/2018-2019/12291 2) नामः मोहित गोयल पंजीकरण संख्याः IBBI/IPA-001/IP-P-02395/2021-2022/13636 3) नाम : मोहित चावला पंजीकरण संख्याः IBBI/IPA-001/IP-P00524/2017-2018/10949 |
| 14. | (क) संबंधित प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण पर उपलब्ध हैः | क. वेब लिंकः https://ibbi.gov.in/en/home/downloads ख. लिंक : https://drive.google.com/drive/folders/19s6zFukh1WSgP41Q2liwUvJ3zvyw0MPv?usp=sharing |

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण नई दिल्ली पीठ ने दिनांक 05.08.2025 (आदेश की प्रति 06.08.2025 को प्राप्त हुई) को महागुन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, IB – 112(ND)/2025 के विरुद्ध कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया प्रारंभ करने का आदेश दिया है

महागुन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों से एतद्द्वारा अपने दावों का प्रमाण 19.08.2025 को अथवा पूर्व अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के समक्ष ऊपर आइटम 10 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है।

वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रविष्टि संख्या 12 के सामने सूचीबद्ध किसी वर्ग से संबंधित वित्तीय ऋणदाता को फॉर्म सीए में वर्ग के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि संख्या 13 के सामने सूचीबद्ध तीन दिवालियापन पेशेवरों में से अपने अधिकृत प्रतिनिधि की पसंद का संकेत देना होगा।

दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी।

हस्ता/–
मनोज कुनार बाबूलाल अग्रवाल अंतरिम समाधान पेशेवर
पंजीकरण संख्याः IBBI/IPA001/IP-P00980/2017-2018/11613
असाइनमेंट के लिए प्राधिकरण (एएफए): AA1/11613/02/311225/107996
असाइनमेंट के प्राधिकरण की वैधताः 31.12.2025
**IBBI** के साथ पंजीकृत पताः कार्यालय संख्या 4, प्रथम तल, होटल सिटी प्राइड, अम्बेडकर प्रतिमा के पीछे, पिंपरी, पुणे, महाराष्ट्र–411018
पत्राचार पताः फिनविन टर्नअराउंड एंड रीस्ट्रक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड 605, छठी मंजिल, सनटेक क्रेस्ट, मुकुंद नगर रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई, महाराष्ट्र–400059.
पंजीकृत ईमेल आईडीः manojagarwal20@gmail.com
पत्राचार के लिए प्रक्रिया–विशिष्ट ईमेल आईडीः cirp.mahagun@gmail.com
दिनांकः 07.08.2025, स्थानः पुणे

चिंतन

# भारत को अमेरिकी दबाव में आने की जरूरत नहीं

भारत सरकार को अमेरिकी दबाव में नहीं झुकना चाहिए। अमेरिका चाहे पचास फीसदी टैरिफ लगाए या सौ फीसदी, भारत को अमेरिका के अनुचित व अन्यायपूर्ण ट्रेड व्यवहार के आगे तनिक भी दबाव में आने की जरूरत नहीं है। अमेरिका का टैरिफ कदम विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों व संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के चार्टरों का खुला उल्लंघन है। हां, जवाबी कार्रवाई में संयम जरूर बरतना चाहिए और उचित वक्त आने का इंतजार करना चाहिए। चूंकि भारत व अमेरिका के बीच ट्रेड वार्ता चल रही है, पांच दौर की वार्ता हो चुकी है, छठे दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल 25 अगस्त को भारत आ रहा है, इसलिए तब तक जरूर इंतजार कर लेना चाहिए। हालांकि इस वार्ता से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नया नया टैरिफ ऐलान और नई-नई धमकियां भारत को मनमाफिक डील के लिए झुकाने की टैक्टिस है। भारत यह समझता है और भारत सरकार ने अमेरिका को कड़ा जवाब भी दिया है कि वह अपने किसानों, मछुआरों, डेयर उत्पादकों व ऊर्जा हितों से समझौता नहीं करेगा, चाहे कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े। भारत का रूस से तेल आयात वैश्विक ऊर्जा स्थिरता में योगदान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्रंप के 50 फीसदी शुल्क लगाने के ऐलान के बाद सरकार की दृढ़ता दिखाई है, जो जरूरी कदम है। प्रधानमंत्री अगर पहली बार ही जब वे अमेरिकी दौरे पर राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने गए थे और उनकी बैठक से पहले अमेरिका ने टैरिफ लगाया था, तब कड़ी प्रतिक्रिया देते तो ट्रंप की इतनी हिम्मत नहीं बढ़ती। 25 फीसदी शुल्क के ऐलान के वक्त भी सरकार को माकूल प्रतिक्रिया देनी चाहिए थी। देर ही सही पर भारत ने अमेरिका को उसके दोहरे मानदंड को लेकर आईना दिखाया कि वह खुद रूस से यूरेनियम, पैलेडियम, उर्वरक व मशीनरी उपकरण आयात कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप की भारत के प्रति जो मौजूदा टैरिफ धमकियों की स्थिति है, उसमें पीएम मोदी की सरकार की ट्रेड नीति, विदेश नीति व कूटनीति के साथ भारतीय राष्ट्रवाद की भी परीक्षा है। भारत को अपनी स्वतंत्र, गुटनिरपेक्ष और संप्रभु विदेश नीति पर दृढ़ रहना चाहिए। ट्रंप अगर नहीं रुकते हैं, तो यह वक्त तगड़ा जवाब देने का भी होगा। अमेरिका पर जवाबी शुल्क लगा सकता है, साथ ही भारत नए विकल्प की ओर बढ़ सकता है। भारत रूस के साथ अपनी तेल खरीद व ट्रेड बढ़ा सकता है। रक्षा निर्भरता रूस पर अधिक है व वह भरोसेमंद साझेदार भी है, इसलिए इस टेस्टेड रिश्ते को और मजबूत करना चाहिए। भारत ने यूके के साथ फ्री ट्रेड डील की है, ईयू (यूरोपीय संघ) के साथ एफटीए सितंबर तक हो जाएगा। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक का लाभ भारत को चीन के साथ अपने ट्रेड संबंध को बढ़ाने के अवसर के रूप में लेना चाहिए। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। 50 फीसदी टैरिफ लगने के बाद ब्राजील ने भी कहा है कि वे भारत व चीन के साथ इससे उबरने के उपायों पर चर्चा करेंगे। ट्रंप ने टैरिफ वार से विश्व स्तर पर ऐसी स्थिति बना दी है, जिसमें भारत, रूस, चीन, ब्राजील, ईरान आदि देशों की नजदीकियां बढ़ रही हैं, जो ग्लोबल ट्रेड की वैकल्पिक धुरी बन रही हैं। भारत ब्रिक्स को मजबूत करने में सहयोग कर सकता है और करीब 50 से अधिक देशों वाले अफ्रीकी संघ के साथ अपने ट्रेड संबंध को मजबूत कर सकता है। साथ ही वह दक्षिण पूर्व व मध्य पूर्व एशियाई देशों के साथ अपना ट्रेड बढ़ा सकता है। अमेरिकी टैरिफ से भारत से अमेरिका को निर्यात 40 से 50 फीसदी प्रभावित हो सकता है, इसलिए निर्यातकों को इन विकल्पों की तरफ बढ़ना चाहिए। भारतीय शेयर बाजार ने ट्रंप टैरिफ को ठेंगा दिखाया है व बढ़त के साथ बंद हुई है, साफ है भारत का घरेलू बजार मजबूत है, इसमें और अधिक आर्थिक क्षमता है। अमेरिका अपनी हरकतों से खुद भारत से दूर हो रहा है। इसलिए ग्लोबल ट्रेड में भारत को इसे एक अवसर के रूप में लेना चाहिए।

संस्कृत दिवस सप्ताह
डॉ.शंकरलाल शास्त्री



# संस्कृत दिवस और जुगाड़ संस्कृत पुरस्कारों का

संस्कृत भाषा परिष्कृत और वैज्ञानिकता से ओतप्रोत एक सर्वोत्कृष्ट प्राचीन भाषा है। इसी भाषा में अंतरिक्ष विज्ञान, कृषि, पशुधन, शल्य क्रिया, शिल्प शास्त्र, कला, जल संरक्षण और पर्यावरण चेतना जैसे महत्वपूर्ण विषयों का ज्ञान समाया है। हमारे देश के इस दुर्लभ ज्ञान को आज संजोने की विशेष आवश्यकता है। भारत सरकार भी संस्कृत वाङ्मय के उन्नयन हेतु प्रयासरत है किंतु क्या हम संस्कृत दिवस या संस्कृत सप्ताह का आयोजन कर और अपने अपनों को उपकृत कर इतिश्री कर लेने मात्र से देव भाषा संरक्षण के उद्देश्यों को पूर्ण कर पायेंगे। आज संस्कृत के छात्रों की निरंतर गिरती संख्या एक चिंताजनक यक्ष प्रश्न है। अपना प्रभुत्व जमाए रखने के लिए आए दिन कुछ विश्वविद्यालयों को सिर्फ मीडिया की सुर्खियों में बनाए रखना एक अलग विषय हो सकता है। किंतु विश्वविद्यालयों में छात्रों की वास्तविकता क्या है लोग भलीभांति जानते हैं। यदि जितना प्रयास गुटबाजी कर अन्यों को हांशिए पर लाने के प्रयत्न की जगह वास्तव में संस्कृत छात्रों की संख्यात्मक अभिवृद्धि पर ध्यान दिया जाए तो परिणाम बहुत अच्छे हो सकते हैं। गत दिनों राजस्थान के राजकीय विद्यालय की दीवार गिरने से बच्चों की मौत का मामला सामने आया। यहां के संस्कृत विद्यालयों के भवनों एवं छात्रों की संख्या भी दयनीय ही नजर आती है। इनके साथ-साथ राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभाग की ओर से प्रतिवर्ष श्रावणी पूर्णिमा यानी संस्कृत दिवस के अवसर पर दिए जाने वाले राज्य स्तरीय समारोह में संस्कृत विद्वानों को सम्मानित करने की परंपरा में भी दयनीयता ही नजर आ रही है। इस वर्ष का आयोजन राजस्थान में गुरुवार को उदयपुर में है जो संस्कृत दिवस यानी रक्षाबंधन से दो दिन पहले अपनी सुविधानुसार होने लगे हैं। हालांकि शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष श्रावणी पूर्णिमा के दिन संस्कृत दिवस मनाने की घोषणा की थी। इन पुरस्कारों में प्रायः राजनीतिक गलियारों या भाई- भतीजीवाद का सिद्धांत ही फल फूल रहा है। चाहे कोई भी सरकार आए। अपने अपनों का जुगाड़ ही लगा है। जिन्होंने दशकों तक हजारों पृष्ठों में लेखन कर संस्कृत की सेवा की, प्रचार प्रसार में अपना जीवन समर्पित किया उन्हें कोई पूछता तक नहीं है। यदि आपका राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं है किसी बड़े अधिकारी से संपर्क नहीं है तो तय मानिएगा कोई पूछने वाला तक नहीं है। कितनी भी साहित्य - साधना करिए, लिखते - लिखते आंखों की दृष्टि धूमिल कर डालिए किंतु संस्कृत शिक्षा निदेशालय, राजस्थान द्वारा प्रायः उपेक्षित कर विद्वानों को अगले वर्ष देख लेंगे और वह अगला वर्ष उस विद्वान के जीवन में कभी आता ही नहीं है। ऐसे में इन पुरस्कारों या सम्मानों में न्याय हो पाना पूर्णतः दुर्लभ है। क्यों न ऐसे सम्मान के चयन मंडल में बजाय राजनीति गलियारों की अपेक्षा यदि किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में निष्पक्ष निर्णय करवाया जाना चाहिए। इसमें वरिष्ठ अधिकारियों और न्याय से जुड़े विशेषज्ञों के संयोजन में चयन किया जाना चाहिए।

वर्तमान में प्रायः ऐसे पुरस्कार राजनीति या जोड़-तोड़ की भेंट चढ़ जाते हैं। वहीं दूसरी ओर वंशवाद पनप रहा है साथ ही एक ऐसा खेमा खड़ा होता है जो तोते की तरह पूरी तरह से चयन समिति के लोगों को ईर्ष्या या द्वेष के चलते चयन न करवाने का फलसफा रटा दिया जाता है और ऐसी चयन समितियां महज नाम मात्र की रह जाती हैं। ऐसे में यदि न्यायाधीशों की अध्यक्षता में बतौर उनके प्रकाशनों और अन्य कार्यों के योगदान पर आधारित पक्षों को मध्य नजर रखते हुए निर्णय लिया जाए तो संस्कृत विद्वानों को न्याय मिल सकेगा। राजस्थान जैसे प्रदेश के साथ ही पूर्व में दिए जाने वाले अन्य संस्कृत सम्मान भी लुप्तप्रायः होते जा रहे हैं। ऐसे में जहां एक ओर संस्कृत संरक्षण की बात की जाती है वहीं दूसरी ओर संस्कृत भाषा की सेवा करने वाले मौन- साधकों को प्रायः मूक ही रखा जाता है आखिर योग्य और देववाणी की सेवा में लगे सुधीजनों का हम उत्थान कैसे कर पाएंगे? ऐसे कई यक्ष प्रश्न आज भी अनुत्तरित हैं। यानी आज के दौर में ऐसे सम्मान कृतित्व की अपेक्षा जोड़-तोड़ के आधार पर मिलते हैं। ऐसे में सरकारों और निर्णायक मंडलों को निष्पक्षता के आधार पर उन्हें पुरस्कृत करवाए जाने की श्रृंखला को प्रमुखता से देखना चाहिए। वही पुरानी घिसी-पिटी लीकटी पीटते रहने से या सिर्फ और सिर्फ परिचय वालों को ही यह पुरस्कार रूपी प्रसाद बांटते रहने से क्या हम लोक कल्याण कर पाएंगे? अतः इस पर एक नवीन वैज्ञानिक, लोकतांत्रिक, निष्पक्ष और पारदर्शी पहल की आवश्यकता है। यही एक शुभ संकेत सिद्ध हो सकता है।

*(लेख के लेखक संस्कृत विद्वान एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं)*



चिंतन
शिवप्रकाश

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धुरी कृषि व डेयरी के हितों की रक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। टैरिफ संरचना की रक्षा करना, स्थानीय मूल्य श्रृंखलाओं को मज़बूत करना, किसान उत्पादक संगठन,कोल्ड स्टोरेज, प्रोसेसिंग इकाइयों को मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, पोषण और पारंपरिक कृषि विविधता की रक्षा करने के साथ ग्रामीण जीवन और आजीविका की सुरक्षा करने के लिए सरकार सभी प्रकार से प्रतिबद्ध है।

# स्वदेशी के मंत्र से आत्मनिर्भर होगा भारत

भारत के साथ टैरिफ समझौते में अमेरिका की ओर से बनाए जा रहे दबाव के तहत 25 प्रतिशत का टैरिफ न सिर्फ अतार्किक है बल्कि भारत के ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था व स्वावलंबन पर सीधा हमला है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'स्वदेशी' और 'आत्मनिर्भर भारत' का आह्वान अब सिर्फ भावनात्मक नहीं बल्कि रणनीतिक जवाब है। भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था सिर्फ खेतों और डेयरी क्षेत्र तक सीमित नहीं है। भारत का यह एक सामाजिक आर्थिक ढांचा हैजिसमें छोटे किसान, महिला स्व-सहायता समूह, सहकारी समितियाँ और पारंपरिक उत्पादन श्रृंखला शामिल हैं। भारत के 86 प्रतिशत किसान छोटे और सीमांत हैं जिनकी जोत दो हेक्टेयर से भी कम है। देश की आठ करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवार डेयरी क्षेत्र से जुड़े हैं। इनमें से अधिकांश महिलाएं और भूमिहीन किसान शामिल हैं। यह पूरा समूह बेहद संवेदनशील है जिसकी आजीविका के लिए सरकार पूरा सहयोग व समर्थन देती है। इतनी बड़ी जनसंख्या का पूरा ढांचा न्यूनमत समर्थन मूल्य (MSP), सब्सिडी और सीमा शुल्क पर निर्भर करता है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धुरी कृषि व डेयरी के हितों की रक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। टैरिफ संरचना की रक्षा करना, स्थानीय मूल्य श्रृंखलाओं को मज़बूत करना, किसान उत्पादक संगठन,कोल्ड स्टोरेज, प्रोसेसिंग इकाइयों को मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, पोषण और पारंपरिक कृषि विविधता की रक्षा करने के साथ ग्रामीण जीवन और आजीविका की सुरक्षा करने के लिए सरकार सभी प्रकार से प्रतिबद्ध है।

इन्हीं आशंकाओं के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने काशी प्रवास में देश की जनता से स्वदेशी का नारा बुलंद किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया ने स्वदेशी हथियाओं की ताकत का अनुभव किया है। प्रधानमंत्री ने इसे भारत की रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ताकत कहा। वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता और आशंका का वातावरण है। इस अस्थिरता से उबारने के लिए सभी देश अपने राष्ट्रीय हितों के संरक्षण की नीति अपना रहे हैं। ऐसे में भारत अलग कैसे रह सकता है। हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं। इसके मद्देनजर हमे भी अपने राष्ट्रीय हितों के प्रति सजग रहते हुए किसानों, लघु उद्योगों और नौजवानों के रोजगार के प्रति सजग रहना होगा। तीसरी अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दलगत भाव से ऊपर उठकर समस्त दल, प्रबुद्ध नागरिकों और समाज को स्वदेशी के ही मंत्र को उद्घोष करना चाहिए। हम स्वदेशी को अपनाएं और स्वदेशी को बढ़ाएं।

गत दशक में भारत की अर्थव्यवस्था उत्तरोत्तर प्रगति के शिखर पर जा रही है। वर्ष 2013- 2014 में हम 11 वें नंबर की अर्थव्यवस्था थे जो आज चौथे नंबर पर है , और अब तीव्र गति से तीसरे नंबर की ओर बढ़ रहे है। हमारी विकास दर 6.4 % की गति से बढ़ रही है। रक्षा, कृषि सहित सभी क्षेत्रों में भारत का प्रभाव बढ़ा है। विश्व बाजार में भी भारत की भागीदारी भी बढ़ी है। हमारी



गरीब कल्याण की योजनाओं के कारण 24 करोड़ से अधिक गरीब गरीबी रेखा से ऊपर आए है। ढांचागत विकास सहित भारत ने सभी क्षेत्रों में प्रगति की है। हमारी मूलभूत सुविधाओं का स्तर विश्व स्तरीय हो रहा है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम भोलेनाथ को पूजते भी हैं तथा आवश्यकता पड़ने पर हम अपनी सुरक्षा के लिए कालभैरव भी बन जाते हैं। बढ़ती आर्थिक प्रगति, सक्षम सुरक्षा नीति एवं बढ़ता भारत का वैश्विक प्रभाव दुनिया के देशों में भारत के प्रति ईर्ष्या का भाव भी उत्पन्न कर रहा है।

अमेरिका की कृषि व्यवस्था औद्योगिक, सब्सिडी-समर्थित और बड़े पैमाने वाली है। इसके मुकाबले भारत में कृषिक्षेत्र में छोटी जोत वाले किसान शामिल है। भारत में कृषि पर निर्भर जनसंख्या लगभग 55% है जो बहुतांश गांव में रहती है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में कृषि क्षेत्र का 15%योगदान है। भारत में खेती की सफलता पूरी तरह मौसम की अनिश्चितता पर निर्भर है। श्रम-आधारित व्यवस्था पर टिकी भारत की खेती की तुलना अमेरिका की खेती से नहीं की जा सकती है। ऐसे में अमेरिका व भारत जैसे देश परस्पर समान टैरिफ पर नहीं आ सकते हैं। भारत का कपड़ा, खाद्यान्न, चीनी,डेयरी एवं मत्स्य व्यवसाय कृषि के साथ ही जुड़ता है। कृषि व डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को अमेरिका के लिए खोलने की जिद बेमानी होगी। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिकी सस्ते डेयरी उत्पादों से भारतीय बाजार पट जाएगा। महिलाओं के स्व-सहायता समूह, जैसे अमूल जैसी सहकारी संस्थाएं आर्थिक संकट में पड़ जाएंगी। भारतीय किसानों के उत्पादों की कीमतें बाजार में कौड़ियो के भाव बिकने को मजबूर होंगी। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक संकट, बेरोजगारी, पलायन और असंतोष शुरू हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दशक में कृषि एवं किसान कल्याण के लिए अनेक नीतियां बनाई है। पिछले एक दशक में कृषि बजट में 5 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है, जो बजट 2013- 2014 में 21,933 करोड़ की तुलना में 2023-2024 में 1.25 लाख करोड़ हो गया। सहकारिता क्षेत्र भी भारत में महिलाओं एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को शक्तिशाली करने में जुटा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि एवं कृषक कल्याण, महिला सुरक्षा, डेयरी उद्योगों का संरक्षण एवं सहकारिता का पोषण यह हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। जिसका आह्वान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

स्वदेशी केवल तत्कालीन नहीं बल्कि भारत की आत्मा का उद्घोष है। यह भारत की एकता, देशभक्ति एवं सामूहिक आकांक्षाओं का शंखनाद है। भारत में स्वदेशी का मंत्र समय-समय पर अलग-अलग रूपों में प्रकट हुआ है। यही मंत्र ब्रिटिश गुलामी के समय विदेशी सत्ता को उखाड़ने में भी विदेशी वस्त्रों की होली जलाकर, वंदे मातरम के रूप में आया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में कराए गए परमाणु विस्फोट के बाद भी भारत में प्रतिबंध लगाए गए थे, जिसका जवाब स्वदेशी के नारे ने दिया था। पूरी दुनिया को स्वदेशी भाव से समुचित प्रत्युत्तर दिया गया था। स्वदेशी के मंत्र से आवश्यक संयम एवं स्वावलंबन का भाव जगेगा और अनावश्यक रूप से विदेशी पूंजी पर निर्भरता को मोह से हम बचेंगे। स्वदेशी के मंत्र पर अमल से डिफेंस उद्योग का विकास होगा, कृषि पैदावार बढ़ेगी, श्रम प्रधान उद्योग का विस्तार होगा। सार्वजनिक सेवाओं और मूलभूत उद्योगों का विस्तार होने से हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन्हीं तथ्यों के आधार पर स्वदेशी के व्यवहार का आह्वान किया है। हम इसे अपने जीव नें अपना कर भारत को पुनः अजेय ताकत के रूप में स्थापित कर सकते हैं। यही समय की मांग है।

*(राष्ट्रीय सह महामंत्री संगठन भाजपा)*

## 'धर्म और अध्यात्म' के बदलते जा रहे हैं अर्थ



संकलित
दर्शन

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है-फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं, तब वे कैसे आमजन को अध्यात्म का गूढ़ अर्थ समझा सकने में सक्षम हो सकते हैं?

## शनिदेव को पिप्पलाद मुनि ने दिया श्राप



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में वृत्तासुर नाम के एक असुर का आतंक बढ़ गया था। इस असुर को सभी देवता पराजित नहीं कर पा रहे थे। उस समय दधिचि ऋषि ने देवताओं से कहा कि मेरे शरीर की हड्डियों से आप वज्र नाम का शस्त्र बनाइए और उस वज्र से वृत्तासुर का अंत हो जाएगा। देवताओं की भलाई के लिए दधिचि ऋषि ने अपनी देह त्याग दी और बाद में देवताओं ने ऋषि की हड्डियों से वज्र बनाया। देवराज इंद्र ने इस वज्र से असुरों को पराजित कर दिया। दधिचि मुनि के पुत्र का नाम पिप्पलाद था। दधिचि के पुत्र का जन्म पीपल के नीचे हुआ था, इस कारण इस बच्चे का नाम पिप्पलाद रखा गया। बच्चे के जन्म से पहले ही दधिचि की मृत्यु हो गई थी। जब पिप्पलाद बड़े हुए तो उन्होंने देवताओं से पूछा कि मेरे पिता की इतनी जल्दी मृत्यु कैसे हो गई। उस समय उन्हें मालूम हुआ कि शनि की अशुभ दृष्टि की वजह से दधिचि मुनि की मृत्यु का योग बना है। वे बड़े तपस्वी थे। जब उन्हें मालूम हुआ कि शनि के कारण उनके पिता की जल्दी मृत्यु हुई तो उन्होंने शनि को ग्रह मंडल से हटने का शाप दे दिया। शाप के असर से शनि ग्रह मंडल से हटने लगे तो सभी देवताओं ने पिप्पलाद मुनि से अपना शाप वापस लेने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना से पिप्पलाद मुनि ने शनि को क्षमा कर दिया, लेकिन उन्होंने से शनि से कहा कि अब से किसी बच्चे को 16 वर्ष की उम्र तक शनि दोष का सामना न करना पड़े, शनि बच्चों पर अशुभ दृष्टि नहीं डालेंगे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**अध्यापक दायित्वों को दरकिनार करने से बचे**

मानव की सोई हुई शक्ति को जगाने वाली शिक्षा है। टीचर का सही लक्ष्य मानव बनाने का है। जिस शिक्षा से मानव की मानवता जागृत नही हो अथवा पशुता के संस्कार समाप्त नही, उस शिक्षा का कोई महत्व नही है। वर्तमान में जो शिक्षा पद्धति है, वह समीचीन नही है। आज इस बात की आवश्यकता है कि शिक्षा का, ज्ञान का स्वरूप सम्यक हो एवं वातावरण में व्याप्त अराजकता के उन्मूलन के लिए जागरूकता पूर्वक प्रयास हो। लेकिन आज तो दोनों ही भटक गए है। अध्यापक नौकरी करते है और छात्र डिग्रियां लेते है। संस्कारो की चिंता किसी को नही है। आज मोबाइल और इंटरनेट के समय में जहा छात्र -छात्राएं भटक रहे है। वही टीचर भी अपनी मर्यादाओ को पीछे छोड़ रहे है। गुरु और शिष्य की परंपरा का निर्हवन नही होता है। गुरु शिष्य के पवित्र रिश्ते तार तार हो रहे है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### नई कृषि तकनीक



तमिलनाडु के किसानों के एक समूह से मुलाक़ात हुई। उनके अनुभवों और नवाचार पर उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ टिकाऊपन बढ़ाने के लिए नई कृषि तकनीकों को अपनाने के उनके प्रयासों के बारे में सुनकर मैं दंग रह गया।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### राष्ट्रीय हथकरघा दिवस



हम 'राष्ट्र प्रथम' के भाव से भर जाएं, हमको स्वदेशी अभियान चलाना है। आज 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' पर हम ये संकल्प भी लें कि हम अपने देश में बनी हुई चीजें को ही खरीदेंगे।

**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### उड़ान के लिए तैयार



गुवाहाटी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल नवंबर में खोला जाएगा। यह टर्मिनल न केवल पूर्वोत्तर राज्यों के साथ, बल्कि हमारे पड़ोसी देश भूटान के साथ भी संपर्क को बढ़ाएगा। नवंबर से एक नये और बेहतर अनुभव के साथ उड़ान भरने के लिए तैयार हो जाइए।

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### अनावश्यक टिप्पणी



राहुल गांधी हर बात पर संवैधानिक संस्थाओं पर अनावश्यक टिप्पणी करते रहते हैं, अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए चुनाव आयोग पर टिप्पणी करना अनुचित है। उन्होंने राजनीति में स्थापित होने के कई प्रयास किये लेकिन असफल रहे।

**- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### वास्तविक दुनिया से जोड़ने ब्रिटेन में युवाओं को पैकेज



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने बुधवार को 8 .8 करोड़ पाउंड के युवा सेवा पैकेज जारी किया, जिसका उद्देश्य किशोरों को स्क्रीन से दूर रखकर वास्तविक जगत की बाहरी गतिविधियों के माध्यम से अपने आसपास की दुनिया से फिर से जोड़ना है। 'बिल्डिंग क्रिएटिव फ्यूचर्स' कोष स्कूली बच्चों को नियमित स्कूली दिनों के अलावा खेल, कला और संगीत, वाद-विवाद या स्वयंसेवा जैसी पाठ्येतर गतिविधियों तक बेहतर पहुंच प्रदान करता है ताकि उनके आवश्यक कौशल में सुधार हो सके। 'बेटर यूथ स्पेसिस' कार्यक्रम की योजना उन क्षेत्रों में युवा क्लबों के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए बनाई गई है, जहां गरीब बच्चे सबसे ज्यादा हैं। इसमें नए जिम उपकरण आदि शामिल हैं। स्टॉर्मर ने कहा, 'आजकल बच्चे ऑनलाइन दुनिया में आगे बढ़ते हुए, अक्सर खुद को घर पर अलग-थलग और अपने समुदायों से कटा हुआ पाते हैं।' उन्होंने कहा, 'एक सरकार के रूप में, इस चिंताजनक प्रवृत्ति पर कार्रवाई करना हमारा कर्तव्य है। आज का निवेश एक बेहतर विकल्प प्रदान करने के बारे में है : परिवर्तनकारी, वास्तविक दुनिया के अवसर जिनका देश भर के समुदायों पर प्रभाव पड़ेगा, ताकि युवा कुछ नया खोज सकें, अपनी ऊर्जा पा सकें।

## ऑफ बीट

### नींद में खलल से पक्षियों की आवाज में आता है बदलाव

पक्षियों को भी नींद में खलल पड़ने पर तकलीफ होती है, और यह उनके गायन में भी दिखाई देता है। पक्षियों की आवाज असाधारण रूप से विविध होती है।



यह साधारण आवाज, जैसे मुर्गा के कुकड़ू-कु, से लेकर अन्य ध्वनियों की जटिल नकल, कभी-कभी तो मानव आवाज की नकल तक होती है। यह आवाज पक्षियों के लिए अपने और अपने परिवेश के बारे में जानकारी साझा करने के वास्ते महत्वपूर्ण है। यह आमतौर पर छोटी और सरल होती है। इसका इस्तेमाल अक्सर सामाजिक संवाद के लिए किया जाता है, जैसे खतरे या भोजन का संकेत देना, रिश्तेदारों की पहचान के लिए या सामाजिक जुड़ाव बनाए रखने के लिए। गीत ज़्यादा जटिल और मधुर होते हैं और इनका इस्तेमाल साथी को आकर्षित करने, किसी क्षेत्र की रक्षा करने या नये क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए किया जाता है। ऐसी ध्वनियां उत्पन्न करने के लिए, पक्षियों को मस्तिष्क, फेफड़े और गले की मांसपेशियों सहित कई शारीरिक प्रणालियों का समन्वय करना पड़ता है। चूंकि स्वर-निर्माण जटिल होते हैं और सटीक समय की आवश्यकता होती है, इसलिए उनमें त्रुटियां होने की संभावना अधिक होती है। कई प्रजातियों में, जो पक्षी अधिक बार और अधिक जटिलता से गाते हैं, वे बेहतर साथी आकर्षित कर सकते हैं।

# अदालत ने केंद्र सरकार को दिया गाइडलाइन बनाने का आदेश

# सरकार दिव्यांगों और बुजुर्गों को सुरक्षित फुटपाथ उपलब्ध कराए



**डॉक्टर राजासेकरन की जनहित याचिका पर सुनवाई में यह कहा**

डॉ. राजासेकरन द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया, जिसमें फुटपाथों की दयनीय स्थिति और दिव्यांगजनों की परेशानी का हवाला दिया गया था।

## केंद्र और राज्य सरकारों की जवाबदेही की समीक्षा की जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सभी नागरिकों, विशेषकर दिव्यांगों और बुजुर्गों को सुरक्षित फुटपाथ उपलब्ध कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह चार हफ्तों के भीतर ऐसे दिशा-निर्देश बनाए, जो देशभर में सभी फुटपाथों को सुलभ और अतिक्रमणमुक्त बनाएं। यह आदेश डॉक्टर एस. राजासेकरन द्वारा दायर जनहित याचिका पर सु वाई के दौरान दिया गया, जिसमें उन्होंने भारत के फुटपाथों की दयनीय स्थिति और दिव्यांगजनों की परेशानियों को उजागर किया था।

*अदालत ने केंद्र सरकार से कहा वह सुलभ और अतिक्रमण मुक्त हों*




### संविधान का दिया हवाला, हर नागरिक को समानता और जीवन का अधिकार दिया गया

याचिकाकर्ता ने बताया कि देश में कई जगह फुटपाथ हैं ही नहीं, और जहां हैं वहां या तो टूटे-फूटे हैं या अतिक्रमण के शिकार हैं। इससे न सिर्फ दिव्यांगों की आवाजाही मुश्किल होती है बल्कि आम पैदल यात्रियों की जान भी खतरे में रहती है। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का हवाला देते हुए दलील दी गई कि हर नागरिक को समानता और जीवन का अधिकार है, जिसमें सुरक्षित चलना भी शामिल है।

**3 अहम मुद्दों पर गाइडलाइन बनाने को कहा**

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि अभी तक इस विषय पर कोई ठोस राष्ट्रीय दिशा-निर्देश नहीं हैं। इसलिए केंद्र सरकार को तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर नियम बनाने होंगे। पहला, सभी नई और पुरानी सड़कों पर तकनीकी मानकों के साथ फुटपाथ की अनिवार्यता तय करना। दूसरा, डिजाइन ऐसा हो कि दिव्यांगजनों को कहीं भी दिक्कत न हो। तीसरा, अतिक्रमण को हटाने और रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करना।

### अगर केंद्र फेल हुआ तो सुप्रीम कोर्ट बनाएगा नियम, राज्य भी समान व्यवस्था बनाएं

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अगर केंद्र सरकार तय समय में गाइडलाइन नहीं बनाती है, तो अदालत खुद अमिकस क्यूरी (अदालत के मित्र) की मदद से दिशानिर्देश तैयार करेगी। इसके साथ ही राज्यों को छूट दी गई है कि वे या तो इन राष्ट्रीय गाइडलाइनों को अपनाएं या अपनी गाइडलाइंस बनाएं, लेकिन मानक एक जैसे होने चाहिए।

**अगली सुनवाई एक सितंबर को, जवाबदेही तय होगी**

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए हलफनामा दाखिल करे। अगली सुनवाई एक सितंबर 2025 को होगी, जिसमें केंद्र और राज्यों की जवाबदेही की समीक्षा की जाएगी। कोर्ट के इस आदेश ने दिव्यांगों और पैदल यात्रियों के अधिकारों को मजबूती से सामने रखा है।

## खबर संक्षेप

### दिशोम गुरु को भारत रत्न की मांग बढ़ी



**रांची।** झारखंड के जननायक और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। अगस्त को सर गंगाराम अस्पताल में उनका निधन हो गया। झारखंड में शोक की लहर दौड़ गई और उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए अब भारत रत्न की मांग उठ रही है।

### मुंबई में बाल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार



**मुंबई।** पुलिस ने मुंबई में छह दिन के बच्चे को बचाने के साथ एक बाल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है और उसके माता-पिता सहित चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. बीनू वर्गीस ने पुलिस को सूचित किया। इसके बाद पुलिस ने बाल तस्करी के लिए 4.5 लाख रुपए लेते हुए पकड़ लिया।

### ट्रिपल मर्डर में नक्सली चढ़ा पुलिस के हत्थे



**जमुई।** चिहरा पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। अब पुलिस नेकार्रवाई के दौरान थाना क्षेत्र के बोंगी पंचायत अंतर्गत गांदी गांव में 21 मई 2016 को नक्सलियों द्वारा किए गए तीन लोगों की हत्या मामले में फरार चल रहे नक्सली को गिरफ्तार कर लिया है।

### अनिरुद्धाचार्य पर वाद चेतावनी सभा भी की



**मथुरा।** कथावाचक अनिरुद्धाचार्य द्वारा युवतियों पर विवादित बयान पर 2महिला अधिवक्ताओं ने एसीजेएम न्यायालय में वाद दाखिल किया है। गुरुवार को बार एसोसिएशन की सदस्य प्रियदर्शिनी मिश्रा और सौम्या शुक्ला ने वाद दाखिल किया है। वृंदावन में उनके खिलाफ एक चेतावनी सभा भी की गई है।

## ट्रंप के 50 फीसदी टैरिफ लगाने पर देशभर से आईं मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

# थरूर बोले- सरकार जवाब दे, कोई हमें नहीं धमका सकता

# भाजपा बोली-देश का सवाल, हमें एकजुटता दिखानी होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**कांग्रेस नेता ने इसे अन्यायपूर्ण बताया**

*कांग्रेस ने कहा हमें भी ऐसे टैरिफ बढ़ाने का अधिकार, भारत के अपने मायने अलग*

*चीन और अन्य देशों का उदाहरण भी दिया*

अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ को कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर ने अन्याय बताया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि क्योंकि हम रूस से पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स, नेचुरअल गैस और ऑयल खरीद रहे हैं, इसलिए हम पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया है। चीन हमसे दोगुना तेल खरीद रहा है लेकिन फिर भी उनको दोगुना समय दिया गया है। वॉशिंगटन से इसमें कोई दूसरा इशारा है, दूसरा कोई संदेश मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बारे में हमारी सरकार को समझकर जवाब देना चाहिए। अगर वो लोग ऐसे करेंगे तो हमें भी अमेरिकन एक्सपोर्ट पर 50फीसदी टैरिफ लगाना चाहिए।

ये नहीं है कि कोई भी किसी भी देश में बैठकर हमको ऐसे धमकी दे सके। थरूर ने कहा कि अमेरिकी सामानों पर हमारा औसत टैरिफ 17 फीसदी है। हमें 17फीसदी पर ही क्यों रुकना चाहिए? हमें इसे 50फीसदी तक भी बढ़ाना चाहिए। क्या उन्हें हमारे रिश्तों की कद्र नहीं है? अगर भारत उनके लिए मायने नहीं रखता, तो उन्हें हमारे लिए भी मायने नहीं रखना चाहिए।



### अमेरिका संग व्यापार पर असर पड़ेगा

उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने का असर भारतीय कंपनियों के व्यापार पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका के साथ 90 बिलियन डॉलर की ट्रेड करता है है, आप सोचिए कि हर चीज अगर 50 फीसदी ज्यादा महंगी होगी तो खरीदने वाले भी सोचेंगे कि भारत की चीज क्यों खरीद रहे हैं थरूर ने कहा कि हमारे जो प्रतिस्पर्धी हैं, जिन देशों से इस किस्म की चीजें अमेरिका को भेजी जा रही हैं, जैसे – पाकिस्तान, वियतनाम, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, चीन का टैरिफ भी अगर हमसे कम है तो स्वभाविक है कि उनकी चीजें कम महंगी हैं तो भारत की चीज अमेरिका में बिक नहीं पाएंगी।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा

### मोदी सरकार की विदेश नीति विफल



इसी सिलसिले में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50फीसदी टैरिफ लगाने के फैसले को केंद्र सरकार की विदेश नीति की बड़ी विफलता बताया। खरगे ने कहा कि ट्रंप का यह कदम ऐसे समय में आया है जब भारत की कूटनीति कमजोर और भ्रमित नजर आ रही है। प्रधानमंत्री इस संकट से निपटने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं ट्रंप भारत पर दबाव बना रहे हैं। खरगे ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि आप अमेरिका से व्यापार समझौता नहीं कर पाए।

निशिकांत

### दुनिया को पता चलना चाहिए भारत एकजुट



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा किट्रंप ने 140 करोड़ भारतीय पर टैरिफ थोपा है। उन्होंने कहा कि हमें पीएम के पीछे खड़े होने की जरूरत है ताकि भारत मजबूत रहे और पूरी दुनिया में यह मैसेज जाएहम एकजुट हैं।

महिंद्रा ने दिया मंत्र

### भारत के लिए दिए 2 जरूरी सुझाव



महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा कि अमेरिका द्वारा शुरू किया गया टैरिफ वॉर अनपेक्षित परिणाम ला सकता है। उन्होंने यूरोप और कनाडा के उदाहरण देकर समझाया कि कैसे ऐसी चुनौतियां देशों को मजबूत बदलाव के लिए मजबूर करती हैं। भारत के लिए महिंद्रा के 2 जरूरी सुझाव हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में क्रांतिकारी सुधार महिंद्रा का कहना है कि भारत को छोटे-मोटे बदलावों से आगे बढ़कर सिंगल विंडो क्लीयरेंस का असली और प्रभावी सिस्टम बनाना होगा।

### 'ट्रंप नहीं समझते वैश्विक व्यापार: ओवैसी



एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ट्रंप का 50 फीसदी टैरिफ भारतीय निर्यातकों, एमएसएमई, निर्माताओं को नुकसान पहुंचाएगा। यह कूटनीति नहीं, बदमाशी है। ट्रंप नहीं जानते वैश्विक व्यापार कैसे काम करता है?

### ट्रंप का टैरिफ लगाना विश्वासघाती व देश को कमजोर करने वाला



बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाना विश्वासघाती और देश को कमजोर करने वाला कदम है। इससे पैदा हुए हालात से निपटने के लिए सभी को पूरी परिपक्वता दिखानी चाहिए।

### ये भी बोले

**ट्रंप आखिर भारत के साथ क्या करना चाह रहे: मनीष**



कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि ट्रंप आखिर भारत के साथ क्या करना चाहते हैं? ये धमकी और दबाव की राजनीति क्यों हो रही है?

**मोदी-ट्रंप की दोस्ती कहां गई? बोले कार्ति**



कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने भी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जिस विशेष रिश्ते की बात सरकार करती थी, वो अब कहां गया? ट्रंप की धमकियों से साफ है कि वो रिश्ता केवल दिखावा था।

**अमेरिका से रिश्ते तो रखने ही होंगे: अखिलेश**



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अमेरिका से रिश्ते तो रखने ही होंगे। अमेरिका ताकतवर देश है, उससे हमारे रिश्ते पहले से रहे हैं। उन रिश्तों को और कैसे मजबूत किया जाए, इस दिशा में काम करना चाहिए।

अब तमिलनाडु में फिर रार

## तमिलनाडु में पारित विधेयक को राज्यपाल ने फिर से लटकाया



*सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था बिल रोकने का मामला*

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल की ओर से विधानसभा से पारित विधेयकों को लटकाने का मामला कुछ महीने पहले सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। इसी मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने राज्यपालों और राष्ट्रपति को 3 महीने के अंदर निर्णय लेने को कहा था। इस पर राष्ट्रपति की ओर से सुप्रीम कोर्ट से राय भी मांगी गई है कि आप कैसे ऐसा आदेश प्रेसिडेंट या राज्यपाल को दे सकते हैं, लेकिन इस बीच तमिलनाडु में ही विधेयकों को लटकाने पर ही फिर से खींचतान शुरू हो गई है। ताजा मामला कलैग्नार शताब्दी विश्वविद्यालय विधेयक से जुड़ा है। इस विधेयक को आर एन रवि ने रिजर्व कर लिया है और राष्ट्रपति के समक्ष भेजा है। राजभवन के सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

### इस बार यूनिवर्सिटी के चांसलर बदलने का बिल फंसा

पूर्व मुख्यमंत्री और एमके स्टालिन के पिता करुणानिधि को कलैग्नार के नाम से भी जाना जाता है। इस विधेयक को तमिलनाडु विधानसभा से अप्रैल में मंजूरी मिल गई थी। इसके तहत यूनिवर्सिटी बनाने का प्रस्ताव है और उसके चांसलर चीफ मिनिस्टर होंगे। मौजूदा नियम के अनुसार किसी भी राज्य यूनिवर्सिटी के चांसलर संबंधित सूबे के राज्यपाल ही होते हैं। अब इस नियम को तमिलनाडु की स्टालिन सरकार बदलना चाहती है। राज्यपाल की ओर से बिल अटकाने से डीएमके भड़क गई है। पार्टी का कहना है कि राज्यपाल ने तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश की खुली अवमानना की है।

### मसला फिर जा सकता शीर्ष कोर्ट

डीएमके ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल से एक महीने के अंदर निर्णय लेने को कहा था। इस बार भी यब मामला देश की सर्वोच्च न्यायलय में जा सकता है।

# बरामद 23,000 करोड़ ब्लैक मनी पीड़ितों में बांट दें

*सीजेआई के सामने चौंकाने वाली दलील*

## सॉलिसिटर जनरल मेहता की बात सुन सब रह गए दंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में तब सब सॉलिसिटर जनरल का चेहरा ताकने लगे जब उन्होंने जोरदार दलील दी। सीजेआई की कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि ईडी ने 23000 करोड़ की जो ब्लैक मनी बरामद की है उसे पीड़ितों में बांट दी जाए। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ भूषण स्टील एंड पावर लिमिटेड से जुड़ी जेएसडब्ल्यूस्टील की समाधान योजना पर पुराने फैसले की समीक्षा कर रही थी।



### बरामद पैसा खजाने में नहीं जाता

सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि ये पहली बार है जब इस स्तर की जानकारी अदालत के सामने लाई जा रही है। उन्होंने साफ किया कि बरामद पैसा सरकारी खजाने में नहीं जाता, बल्कि सीधे उन लोगों तक पहुंचाया गया है जो इन वित्तीय अपराधों के शिकार थे।

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को चेताया

### बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकती, दायरे में रहे




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 'धूर्त' की तरह काम नहीं कर सकता, उसे कानून के दायरे में रहकर काम करना होगा। ये बात सुप्रीम कोर्ट ने कही है। सुप्रीम कोर्ट ये भी बताया कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (बीएमएलए) के मामलों में दोषसिद्धि की दर 10 फीसदी से भी कम है। जस्टिस भुइयां ने इस बात पर जोर दिया कि अदालत लोगों की स्वतंत्रता के साथ-साथ ईडी की छवि को लेकर भी चिंतित है।

**चौधरी मामले में यह बात कही**

यह टिप्पणी जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस एनके सिंह की पीठ ने विजय मदनलाल चौधरी मामले में 2022 के फैसले के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान की।

*प्रधानमंत्री जनजातीय जनमन योजना के तहत राशि स्वीकृति*

## 100 पुल व पुलियों से हर आदिवासी गांव जुड़ेंगे पीएम जनमन की जानकारी चौहान ने दी साय को

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री जनजातीय जनमन योजना (फेज-2, 2025-26) के तहत छत्तीसगढ़ को 375.71 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। इस राशि से राज्य में 2 हजार 449 किलोमीटर लंबी 715 सड़कों और 6 हजार 569 मीटर लंबे 100 पुलों का निर्माण किया जाएगा।

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र भेजकर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य विशेष रूप से दूर-दराज़ और पिछड़े इलाकों में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजातियों को मुख्यधारा से जोड़ना है।

शिवराज सिंह चौहान ने व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से अनुरोध किया है कि कार्यों को तेज़ी से



और गुणवत्ता का आप स्वयं विशेष ध्यान दें ताकि योजना को समय पर लागू कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को गति दी जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' विजन के अनुरूप यह पहल आदिवासी क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक विकास को गति देगी।

*सैनी से इजराइल के राजदूत रूवेन ने की शिष्टाचार मुलाकात*

## आधुनिक तकनीक के साथ हरियाणा और इजराइल मिलकर करेंगे कामः नायब सैनी

अनुसंधान, स्वास्थ्य, कृषि प्रौद्योगिकी, पर मंथन किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा,अनुसंधान, स्वास्थ्य, कृषि प्रौद्योगिकी, उन्नत सिंचाई प्रणाली, कृत्रिम बुद्धिमता, वेस्ट वाटर सहित अन्य क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक से हरियाणा और इजराइल मिलकर काम करेंगे और आगे बढ़ेंगे।सैनी से संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में भारत में इज़राइल के राजदूत रूवेन अज़ार ने शिष्टाचार मुलाकात कर आपसी सहयोग के साथ अन्य विषयों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित



करने,इंटीग्रेटेड एविएशन हब हिसार, ओवरसीज प्लेसमेंट अधिक काम करने पर बल दिया गया। हरियाणा विदेश सहयोग विभाग के तहत ओवरसीज प्लेसमेंट के माध्यम से अब तक 180 से अधिक युवा इजराइल में नौकरी कर रहे हैं। इजराइल से पांच हजार नर्सों को नौकरी देने की मांग देशभर में आई है। प्रदेश में ग्लोबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर स्थापित करने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। युवाओं को आधुनिक एआई कौशल में प्रशिक्षण देना और राज्य में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा मिल सके। वेस्ट वाटर को सिंचाई में प्रयोग करने व पानी को कृषि योग्य एवं पीने योग्य बनाने के लिए इजराइल के साथ नई तकनीक पर कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने विदेशों में रोजगार के अवसर तलाशने, दूसरे देशों से रिश्तों को और मजबूत करने के लिए विदेश सहयोग विभाग बनाया है।

## पाठ्यपुस्तकों में वीर योद्धाओं और अमर शहीदों को दी गई जगह

# नई किताबों में तोड़मरोड़ कर पेश किया गया इतिहास अब एनसीईआरटी ने गठित की विशेषज्ञ समिति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की तरफ से गुरुवार को दो महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई। पहली में परिषद द्वारा जारी की गई पहली से आठवीं कक्षा की इतिहास और सामाजिक विज्ञान की किताबों में इतिहास को तोड़- मरोड़कर प्रस्तुत करने के मामले में विभिन्न माध्यमों से मिली शिकायतों और सुझावों की पड़ताल करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने की घोषणा की गई। तो दूसरी जानकारी में परिषद ने मौजूदा शैक्षिणिक सत्र से ही सातवीं और आठवीं की उर्दू की किताब और आठवीं की अंग्रेजी की किताब में देश के महान सैन्य योद्धाओं-अमर शहीदों जैसे फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ, मेजर सोमनाथ शर्मा और ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान पर अध्याय (चैप्टर) शामिल करने के बारे में बताया गया।

### सैम मानेकशॉ, मेजर शर्मा को जानेंगे युवा

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मौजूदा शैक्षणिक सत्र से एनसीईआरटी की सातवीं और आठवीं की उर्दू और आठवीं की अंग्रेजी की किताब में भारत के जांबाज योद्धाओं और वीर शहीदों जैसे फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ, मेजर सोमनाथ शर्मा और ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान के जीवन और बलिदान को बतौर पूर्ण अध्याय के रूप में समाहित किया है। जिससे देश की युवा पीढ़ी को इन महान और देशभक्त सैन्य नायकों के जीवन से साहस और कर्तव्य पालन को लेकर प्रेरणा मिलेगी। फील्ड मार्शल मानेकशॉ भारत के पहले सैन्य अधिकारी थे, जिन्हें फील्ड मार्शल की उपाधि से नवाजा गया। वेअपने असाधारण नेतृत्व और सामरिक सूझबूझ के लिए जाने जाते थे। वर्ष 1971 की भारत-पाक जंग में मानेकशॉ की भारत के सेनाप्रमुख थे। इसी तरह से ब्रिगेडियर उस्मान और मेजर सोमनाथ शर्मा को मातृभूमि की रक्षा के लिए दी गई प्राणों की आहुति के लिए मरणोपरांत महावीर चक्र और परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। देश की आजादी और उसके बाद लड़ी गई तमाम लड़ाइयों में योगदान देने वाले शहीदों की याद को संजोने के लिए सरकार ने राजधानी में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का निर्माण किया है। अब वह केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी की मदद से स्कूली पाठ्यक्रम में स्मारक औरअहम भागों को शामिल करने भागीदारी कर रहा है।

### जल्द अपनी रिपोर्ट सौंपेगी समिति

एनसीईआरटी की विशेषज्ञ समिति की अध्यक्षता संभवतः परिषद के पाठ्यक्रम अध्ययन एवं विकास विभाग की प्रमुख प्रोफेसर रंजना अरोड़ा को सौंपी गई है। मामले पर मिले सुझावों और शिकायतों की जांच कर समिति जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। जिसे बाद में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को भी सौंपा जा सकता है। दरअसल इस पूरे मामले में एनसीईआरटी ने 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा (एनसीएफ) के आधार पर पहली से आठवीं कक्षा तक की नई किताबें जारी की थीं। जिसके बाद ही किताबों के नाम और उनमें शामिल किए गए तथ्यों को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। इनमें शामिल कुछ आपत्तियों में सबसे पहले जैसलमेर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य चैतन्य राज सिंह ने एनसीईआरटी की सामाजिक विज्ञान की 8वीं कक्षा की पुस्तक में जैसलमेर को मराठा साम्राज्य का हिस्सा दिखाने पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के संज्ञान में भी इस मामले को लाया है।

## डिजिटल युग पूरी तरह चिप पर निर्भर

# अब चिप के ऊपर 100 प्रतिशत टैरिफ बम चीन-जापान से लेकर भारत पर होगा असर

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह कंप्यूटर चिप्स पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे। अगर ऐसा हुआ तो अमेरिका में डिजिटल युग को गति देने वाले प्रोसेसर पर निर्भर इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, घरेलू उपकरणों और दूसरे जरूरी उत्पादों की कीमतें बढ़ सकती हैं।

ट्रंप ने एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक के साथ बैठक के दौरान कहा, ''हम चिप्स और सेमीकंडक्टर पर लगभग 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे।'' उन्होंने साथ ही जोड़ा, ''...लेकिन अगर आप अमेरिका में निर्माण कर रहे हैं, तो कोई शुल्क नहीं लगेगा।'' यह घोषणा ट्रंप के अधिकांश इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों को शुल्क से अस्थायी छूट देने के तीन महीने से भी अधिक समय बाद आई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में कंप्यूटर चिप्स बनाने वाली कंपनियों को आयात कर से छूट दी जाएगी।

### अमेरिका में निर्माण पर कोई शुल्क नहीं लगेगा

- इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर ऑटोमोबाइल पर पड़ेगा असर
- महामारी के दौरान चिप्स की कमी ने ऑटोमोबाइल की कीमतें बढ़ा दी थी



*क्यों चिप पर 100 प्रतिशत टैरिफ? :* रूस से तेल खरीदने के चलते भारत पर पहले ही 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया था। अब अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह कहकर बाजार में फिर से हड़कंप मचा दिया है कि वे सेमीकंडक्टर चिप्स पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाने जा रहे हैं। वर्तमान में कई देश सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं, लेकिन भारत इस क्षेत्र में तेजी से एक प्रमुख खिलाड़ी बनता जा रहा है।

*पूरी दुनिया के चिप इंडस्ट्रीज पर पड़ेगा असर :* इस बीच, राष्ट्रपति ट्रंप अब चिप पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने जा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ट्रंप की इस घोषणा से पूरी दुनिया की सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री पर बड़ा असर पड़ सकता है। भारत भी इससे अछूता नहीं रहेगा, क्योंकि भारत का सेमीकंडक्टर बाजार बहुत तेजी से उभर रहा है।

### भारत पर क्या असर होगा?

अगर वाकई में राष्ट्रपति ट्रंप चिप्स पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाते हैं, तो इसका असर ताइवान, जापान और चीन के साथ-साथ भारत पर भी गहरा पड़ेगा। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगले पांच वर्षों में भारत का सेमीकंडक्टर बाजार 100 से 110 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। पिछले तीन वर्षों में इसमें जबरदस्त तेजी देखी गई है। 2022 में भारत का चिप मार्केट लगभग 23 अरब डॉलर का था, जो वित्त वर्ष 2025 में 50 अरब डॉलर से अधिक तक पहुंच गया है।

### इलेक्ट्रॉनिक निर्यात 47 फीसदी बढ़ा

मोबाइल फोन खंड के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 47 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ 12.4 अरब डॉलर हो गया। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 8.43 अरब डॉलर रहा था। जून तिमाही में मोबाइल फोन निर्यात में सबसे तेज बढ़त दर्ज की गई।

### मोबाइल फोन का निर्यात 55 फीसदी बढ़ा

मोबाइल फोन का निर्यात 55 प्रतिशत बढ़कर करीब 7.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 4.9 अरब डॉलर था। वहीं, गैर-मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक्स श्रेणी के निर्यात में 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह साल भर पहले के 3.53 अरब डॉलर से बढ़कर 4.8 अरब डॉलर हो गया। गैर-मोबाइल श्रेणी के प्रमुख उत्पादों में सौर मॉड्यूल, नेटवर्किंग उपकरण, चार्जर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे शामिल हैं। आईसीईए के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने कहा, ''यह एक रणनीतिक राष्ट्रीय उपलब्धि है। अब असली चुनौती वैश्विक प्रतिस्पर्धा, टिकाऊ वृद्धि और गहरे मूल्यवर्धन की तरफ कदम बढ़ाने की है।''

### इलेट्रॉनिक्स निर्यात 50 अरब डॉलर पहुंच सकता है

मोहिंद्रू ने कहा कि उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी हार्डवेयर, पहने जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और ईयरफोन के निर्यात में तेजी लाने की जरूरत है। आईसीईए का अनुमान है कि मौजूदा रफ्तार जारी रहने पर वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक देश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 46 से 50 अरब डॉलर के बीच पहुंच सकता है।

## अमेरिकी शुल्क का शेयर बाजार पर कोई असर नहीं



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को कारोबार के अंतिम घंटे में लिवाली से तेजी लौटी और बीएसई सेंसक्स 79 अंक के लाभ में रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत से निर्यात होने वाले सामान पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा के बाद भी बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ।तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से लगभग 926 अंक चढ़ा। यह अंत में 79.27 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,623.26 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स कारोबार के दौरान ज्यादातर समय नुकसान में रहा और एक समय निचले स्तर 79,811.29 अंक तक आ गया। हालांकि, कारोबार समाप्त होने से पहले लिवाली से नुकसान की भरपाई हुई । निफ्टी 21.95 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,596.15 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका ने भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा रूस से कच्चे तेल के आयात को लेकर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की है। यानी कुल मिलाकर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की गयी है। इससे कपड़ा, समुद्री उत्पाद और चमड़ा निर्यात जैसे क्षेत्रों पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। भारत ने इस कदम की कड़ी निंदा करते हुए इसे 'अनुचित और अविवेकपूर्ण' बताया है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, इटर्नल, एक्सिस बैंक, मारुति, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर बढ़त में रहे।

## सोना 3,600 रुपए उछलकर रिकॉर्ड स्तर पर, चांदी 1,500 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 3,600 रुपये उछलकर 1,02,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त अमेरिकी शुल्क की घोषणा के बाद निवेशकों ने सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख किया, जिससे सोने के दाम में तेजी आई।अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,600 रुपये उछलकर 1,02,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि सोने की कीमतों में तेजी का कारण नए सिरे से उत्पन्न व्यापार को लेकर चिंताएं हैं जिनसे पारंपरिक सुरक्षित-संपत्तियों की मांग बढ़ी है।'' उन्होंने कहा, ''इसके अलावा, अमेरिकी प्रशासन ने भारतीय आयातों पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगा दिया, जिससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार तनाव और बढ़ गया।'' सराफा संघ के अनुसार, इसके अलावा, बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 1,500 रुपये बढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। बुधवार को चांदी 1,12,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## बॉश को सीमा शुल्क प्राधिकरण से 140 करोड़ रुपए की मांग

**नई दिल्ली।** बॉश लिमिटेड ने गुरुवार को कहा कि उसे सीमा शुल्क प्राधिकरण से ब्याज सहित 140 करोड़ रुपये से अधिक की मांग मिली है। अलग-अलग शुल्क होने के कारण की गई। एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स के प्रधान सीमा शुल्क आयुक्त (आयात) से ऑक्सीजन सेंसर के वर्गीकरण की व्याख्या के संबंध में एक आदेश मिला है। यह आदेश ऑक्सीजन सेंसर के एक श्रेणी से दूसरी श्रेणी में वर्गीकरण की व्याख्या के कारण है।

**कार्यालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग**
**पुराना बस स्टैण्ड, पण्डरी, रायपुर, (छ.ग.)**
**-: समंस/ईश्तहार :-**

प्रकरण क्रमांक- 50/2025
पेशी दिनांक- 21.08.2025

**परिवादी/आवेदक** - करीना फारूकी, पिता-जफर अली फारूकी, भाटापारा, खूटेरी, रायपुर, छ.ग.
**विरूद्ध पक्षकार/अनावेदक** - प्रबंध निदेशक, विजय मुंजल, हीरो इलेक्ट्रिक Vehicles Pvt. 50/ ओखला इंडस्ट्रियल इस्टेट, फेस-3 न्यू दिल्ली DL 110020

परिवादी द्वारा आप विरूद्ध पक्षकार/अनावेदक के विरूद्ध धारा 35 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत परिवाद क्षतिपूर्ति हेतु प्रस्तुत की गई है। अतः आप विरूद्ध पक्षकार को इस आयोग में दिनांक 21.08.2025 को दिन में 11.00 बजे उपस्थित होने के लिए सूचित किया जाता है।

अतः आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा जिन्हें निर्देश दिये गये हो, जो प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें, उपस्थित हो।

आपको यह भी सूचित किया जाता है कि पेशी तिथि दिनांक 21.08.2025 को परिवाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत तिथि है। आप अपने पक्ष के समर्थन में इस आयोग के समक्ष उपस्थित होने में चूक करते हैं तो आपके अनुपस्थिति में प्रकरण की सुनवाई कर अंतिम निराकरण कर दिया जावेगा। यदि दिनांक 21.08.2025 को किन्हीं कारण वश अवकाश घोषित हो जाता है तो आयोग अगले कार्य दिवस पर सुनवाई में लिया जावेगा।

आज दिनांक 31.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, रायपुर (छ.ग.)

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
**गुरूजी सम्राट**



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
**7534997731**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## ट्रंप के टैरिफ से मचा हाहाकार, किसी के डूबे 1.5 लाख करोड़, गेट्स को झटका

एजेंसी : नई दिल्ली



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगाए गए टैरिफ के चलते बीते कारोबारी हफ्ते के आखिरी दिन एशियाई समेत अमेरिकी शेयर बाजार को काफी नुकसान पहुंचा। कमजोर रोजगार के आंकड़ों ने भी निवेशकों को निराश किया। इसी तरह से वॉल स्ट्रीट में भारी गिरावट देखी गई। एशियाई बाजार में भी सुस्ती रही। इसका असर दुनिया के टॉप अमीरों की संपत्ति पर देखने को मिला। बीते महज 24 घंटों में ही इन्हें अरबों डॉलर का नुकसान हो गया। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, सबसे ज्यादा नुकसान अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस को हुआ। उन्हें एक दिन में 17.2 अरब डॉलर (1.5 लाख करोड़) का नुकसान हुआ है। इस लिस्ट में वह 237 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर हैं। इसके बाद लिस्ट में 295 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर रहे ओरेकल के चेयरमैन लैरी एलिसन को 9.94 अरब डॉलर (करीब 87000 करोड़) का झटका लगा है। लिस्ट में टॉप पर रहे एलन मस्क को 4.03 अरब डॉलर (लगभग 35000 करोड़) का घाटा हुआ है। इसी के साथ अब उनकी संपत्ति 352 अरब डॉलर हैं। जहां तक रही भारतीय अरबपतियों की बात, तो देश के दो दिग्गज बिजनेस टायकून मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी भी लिस्ट में शामिल हैं। हालांकि, 2.14 अरब डॉलर (करीब 18000 करोड़) के नुकसान के साथ अदाणी टॉप-20 अमीरों की सूची से बाहर निकल गए हैं । और अब तक 76.5 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 21वें नंबर पर हैं। वहीं, मुकेश अंबानी 306 मिलियन डॉलर (लगभग 2000 करोड़) के मुनाफे के साथ 17वें पायदान पर हैं। उनकी संपत्ति अभी 100 अरब डॉलर है। लूमबर्ग की इस लिस्ट में दसवें नंबर पर दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट हैं, जिन्हें बीते 24 घंटे में 896 मिलियन डॉलर (करीब 7000 करोड़) का नुकसान हुआ है।

### बजाज ऑटो का लाभ 13.84 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। बजाज ऑटो लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 13.84 प्रतिशत बढ़कर 2,210.44 करोड़ रुपये हो गया।

मार्केट न्यूज

## हीर एक्सप्रेस अब 12 सितंबर को होगी रिलीज

### ओह मॉय गॉड फेम उमेश शुक्ला हैं डायरेक्टर, दिविता जुनेजा कर रही हैं दमदार डेब्यू




**मुंबई।** चर्चित निर्देशक उमेश शुक्ला की आगामी पारिवारिक ड्रामा फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' अब 12 सितंबर को देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। पहले यह फिल्म 8 अगस्त को रिलीज होने वाली थी, लेकिन मेकर्स ने इसे एक महीने आगे बढ़ाने का फैसला लिया है। निर्माताओं का मानना है कि इस बदलाव से दर्शकों को फिल्म का आनंद लेने के लिए और भी बेहतर समय और अनुभव मिलेगा। उमेश शुक्ला जो 'ओह माय गॉड' और '102 नॉट आउट' जैसी सफल फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, इस बार 'हीर एक्सप्रेस' के जरिए रिश्तों, भावनाओं और हास्य से भरी एक साफ सुथरी पारिवारिक फिल्म लेकर आ रहे हैं। वहीं कुछ समय पहले रिलीज हुआ फिल्म का टीजर दर्शकों को खूब पसंद आया। इसके बाद लांच हुए दो गाने 'वे रांझणा' और 'डोरे-डोरे दिल पे तेरे' जी म्यूजिक पर आते ही सोशल मीडिया पर छा गए। इन गानों पर हजारों रील्स बन चुकी हैं और फिल्म का म्यूजिक लगातार ट्रेंड कर रहा है। 12 सितंबर को रिलीज होने जा रही 'हीर एक्सप्रेस' में दर्शकों को मिलेगा ग्लैमर और टैलेंट का बेहतरीन मेल। इस फिल्म से अभिनेत्री दिविता जुनेजा अपने अभिनय करियर की शुरुआत कर रही हैं, जिनके साथ नजर आएंगे चार्मिंग प्रीत कमानी। इनके साथ ही फिल्म में दमदार भूमिका में हैं बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता आशुतोष राणा, गुलशन ग्रोवर, संजय मिश्रा और मेघना मलिक, जिनके अभिनय की गहराई और अनुभव फिल्म को एक सशक्त आधार प्रदान करते हैं। इसके अलावा लंदन के भी कई जाने-माने कलाकार इस फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लंदन की खूबसूरत और प्रतिष्ठित लोकेशनों पर की गई है। फिल्म का संगीत इसकी आत्मा है। इसमें कुल 6 गाने हैं, जिनका संगीत दिया है तनिष्क बागची, एवी सरा, जेरी सिंह और सकार सिंह ने। इन गीतों को आवाज दी है लोकप्रिय गायकों जावेद अली, निकिता गांधी, नक्काश अज़ीज़ और जसबीर जस्सी ने। गाने रोमांस, विरह, उमंग और रिश्तों की संवेदनाओं को बड़े ही खूबसूरती से दर्शाते हैं। 'हीर एक्सप्रेस' का निर्माण मैरी गो राउंड स्टूडियोज प्रोडक्शन और क्रिएटिव स्ट्रोक ग्रुप द्वारा किया गया है। जिसमें प्यार, रोमांच, संगीत और हास्य सभी कुछ शामिल है। तो थोड़ा और इंतजार और फिल्म दर्शकों के दिलों में गहराई से उतरने तैयार है।

**कार्यालय नगर पंचायत कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग )**
पता - पुराना बाजार चौक- कुरूद, फोन - 7705-223149, फैक्स-7705-223535, Email-kurunp@gmail.com
क्रमांक/2043/ लो.नि.वि./ आ.नि.आ.सू./2025-26 कुरूद, दिनांक 06/08/2025
**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**
नगर पंचायत कुरूद हेतु स्वच्छ भारत मिशन - शहरी 2.0 अन्तर्गत एसटीपी निर्माण (इंटरसेप्शन एवं डायवर्सन ड्रेन सहित) लागत राशि 217.02 लाख रू. टेण्डर सिस्टम नंबर 172035 हेतु छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म हेतु ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है । जिसमें Bid Due Date 28.08.2025 सायं 5.30 बजे एवं Physical Doc Submission End Date 29.08.2025 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। उपरोक्त निविदा की नियम एवं शर्ते, अमानत राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क, समयावधि एवं निविदा संबंधित दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in एवं ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in/ से भी अवलोकन / डाउनलोड की जा सकती है।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कुरूद ,जिला - धमतरी (छ.ग.)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी फरजाना, पत्नीः** दिलावर, **पताः** एफ–158, गली नंबर 26, पुराना मुस्तफाबाद, दिल्ली **FIR No. 517/18, U/S: 138 NI Act, पुलिस थानाः भजनपुरा दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फरजाना**, मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फरजाना**, फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **फरजाना, FIR No. 517/18, U/S: 138 NI Act, पुलिस थानाः भजनपुरा दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
पंकज राय
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
कमरा नं. 73, पाँचवा तल उत्तर पूर्व जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/10401/NE/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सौरभ पुत्रः** श्री हीरा लाल, **पताः** एच–85, मंगोलपुरी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 630/2022 U/s 356/379/411/34 IPC, थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सौरभ** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सौरभ** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 630/2022 U/s 356/379/411/34 IPC, थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सौरभ** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
रितिका जैन
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी
कमरा नं. 105, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/10466/OD/2025
(Court Matter)

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता(निर्माण) उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सीपीवाईजेड छोर पर पीएफ–1 और 2, दिल्ली छोर पर पीएफ–3 और 4, दिल्ली छोर पर पीएफ–5 और 6 के चौड़ीकरण के संबंध में विद्युतीकरण कार्य, जिसमें ट्रैक की स्लीविंग और गाजियाबाद में आरपीसी–4 सुविधा के साथ दो स्टेबलिंग लाइनों का प्रावधान शामिल है। |
| कार्य समापन अवधि | 12 महीने |
| अनुमानित लागत | रु. 70,70,453.21/– |
| धरोहर राशि | रु. 1,41,500/– |
| ई–निविदा जमा करने एवं निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक 29.08.2025 समय 11:30 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते हैं। निविदादाता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 29.08.2025 समय 11:30 बजे खोला जाएगा। |
| निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत निविदा सूचना उत्तर रेलवे वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। और निविदा पत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 15.08.2025 से 29.08.2025 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा पत्र में दिये गये हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। |

संख्या 17–वि0/उप मु0 वि0 अभि0/सी0/टी0/162
दिनांक : 07.08.2025
2413/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**D. D. VENTURES LIMITED**
CIN No. :- L50102DL1984PLC017834
Regd. Office : 68-68/1, Basement-1, Najafgarh Road, Industrial Area, Moti Nagar, West Delhi, India, 110015 Email Id: a.bhaskar@ddmotors.net, Website: www.ddventures.in, Tel. No. 011 44400444

**Extract of Statement of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter ended June 30, 2025**

(Rs. In Lacs)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended 30.06.2025 (Unaudited) | Quarter Ended 31.03.2025 (Audited) | Year Ended 31.03.2025 (Audited) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 0.00 | 16.30 | 28.80 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | -1.74 | 15.06 | 0.24 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -1.74 | 15.06 | 0.24 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -1.74 | 15.02 | 0.20 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | -1.74 | 15.02 | 0.20 |
| 6 | Equity Share Capital | 94.60 | 94.60 | 94.60 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet | -94.62 | -94.62 | -94.62 |
| 8 | Earning Per Share (of Rs. 10/- each) | | | |
| | 1. Basic : | -0.18 | 1.59 | 0.02 |
| | 2. Diluted : | -0.18 | 1.59 | 0.02 |

Notes:
1. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30.06.2025 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Unaudited Financial Results is available on the websites of the Stock Exchange www.msei.in and the Company www.ddventures.in.

For and on behalf of the Board of D. D. Ventures Limited
Sd/-
(S D Sharma)
Director
DIN: 07422151
Place : New Delhi
Date : August 07 2025

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5952

**बाएँ से दाए**
1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी, कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य, स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा, लाडला-3
14. विशिष्ट, विशेष-2
15. खर्च, उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास, जनवासा-3
28. संध्या, सांझ-2
29. दलना, महीन करना-3
30. जस, सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप, लय, सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार, मना-2
38. सराबोर, सना हुआ -4
39. वेश्या, तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श, कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट, घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख, कष्ट-2
20. राष्टीय पक्षी-3
21. पत्र, लैटर-2
22. गुप्तचर, दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन, समवर्ती-5
26. बंद, स्ट्राइक-4
27. सुरा, शराब-2
31. वचन, प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी, नथिया-2
37. शहद-2

### शब्द पहेली- 5951 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | | क | दा | चा | र |
| ती | खा | | हा | | चा | क | र | | र | वा |
| वि | | अ | ज | ग | र | | म | ल | | य |
| धी | मा | प | न | | | म | | की | म | त |
| ही | | ल | | श | ता | न | न | | जा | |
| न | म | क | दा | नी | | मा | न | सि | क | ता |
| | क | | म | च | ल | ना | | या | | र |
| अ | र | ज | | र | | | ऐ | रा | व | त |
| ह | | स | द | | न | रो | त | म | | म्य |
| म | न | | ख्र | स | म | | बा | | टा | पू |
| क | र | त | ल | | श | रा | र | त | पू | र्ण |



## 5 मैचों की सीरीज में मिला जबरदस्त तड़का

# सीरीज जो याद रहेगी: भारत-इंग्लैंड टेस्ट दौरे में हर मोड़ पर था रोमांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाल ही खत्म हुई भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की सीरीज में जबरदस्त तड़का देखने को मिला। ओवल में 4 अगस्त को सीरीज समापन 2-2 के साथ खत्म हुई। हेडिंग्ले के लीड्स से लंदन के ओवल मैदान के बीच, जो भी क्रिकेट देखने को मिला वो किसी रोचक फिल्मी कहानी से कम नहीं था। इस सीरीज के हर टेस्ट में कुछ न कुछ रोमांच क्रिकेट प्रेमियों को देखने को मिला। इसी सीरीज के दौरान कई विवाद सामने आए, कई बार लगा कि 'जेंटलमैन गेम' की भावनाएं तार-तार हो जाएंगी। मैदान पर भिड़ंत हुई, कहा-सुनी हुई लेकिन इन सबने दर्शकों को एक सुपरपैक सीरीज देखने को मिली।

### ड्यूक्स बॉल की क्वालिटी पर विवाद

लॉर्ड्स टेस्ट में टीम इंडिया की हार के बाद ड्यूक्स बॉल की गुणवत्ता पर सवाल उठे थे। इसके बाद मामले की शिकायत भारतीय टीम के मैनेजमेंट ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल से की। अपनी शिकायत में भारतीय टीम ने आरोप लगाया था कि दूसरी रिप्लेसमेंट बॉल, जिसने सिर्फ 10 ओवर में ही शेप खो दी थी, असल में 30-35 ओवर पुरानी थी। टीम इंडिया के मैनेजमेंट का कहना है कि इससे उन्हें काफी नुकसान हुआ और आखिरकार 22 रनों से मैच हारना पड़ा था।



### आकाशदीप का डकेट के गले में हाथ डालना

ओवल टेस्ट में तेज गेंदबाज आकाश दीप ने बेन डकेट को पहली पारी में 43 रनों के निजी स्कोर पर आउट किया था। डकेट आउट होने से पहले बेहद लय में दिख रहे थे। ध्रुव जुरेल के हाथों डकेट के कैच आउट होने के बाद आकाश दीप ने आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। उन्होंने डकेट के सामने ही मुट्ठी भींची और फिर कंधे पर हाथ रखकर उनसे कुछ कहा। इस चीज ने भी सवाल उठाया। वहीं, ओवल में ही प्रसिद्ध कृष्णा और रूट में भी बहस देखने को मिली थी।

### लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड की टाइम वेस्टिंग रणनीति

भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान में हुआ। मैच के तीसरे दिन (12 जुलाई) के खेल का समापन बेहद नाटकीय अंदाज में हुआ। दिन का खेल खत्म होने से पहले भारतीय कप्तान शुभमन गिल और जैक क्राउली के बीच जमकर बहस हुई। क्राउली ने बल्लेबाजी के दौरान टाइम करने की कोशिश की, ताकि इंग्लैंड को तीसरे दिन एक ओवर से ज्यादा का सामना नहीं करना पड़े।

### गौतम बनाम क्यूरेटर विवाद

ओवल टेस्ट की शुरुआत 31 जुलाई को हुई थी, लेकिन टेस्ट शुरू होने से पहले ओवल के पिच क्यूरेटर ली फोर्टिस ने बेवजह गौतम गंभीर से बहस की। 29 जुलाई को टीम इंडिया का ट्रेनिंग सेशन था। सेशन के दौरान क्यूरेटर ली फोर्टिस ने भारतीय कोचिंग स्टाफ से कहा कि वे मेन पिच एरिया से 2.5 मीटर दूर रहें, जबकि उन्होंने सिर्फ जॉगर्स (रबर स्पाइक्स) जूते पहने थे। इस बात से भारतीय टीम मैनेमेंट नाराज हो गया था। इस पर गौतम गंभीर कहते हुए सुने गए कि तुम हमें ये नहीं बता सकते कि हमें क्या करना है। तुम्हें कोई हक नहीं है ये कहने का। तुम बस एक ग्राउंड्समैन हो, इससे ज्यादा कुछ नहीं।

## 18 साल की एमबोको पहुंचीं फाइनल में शीर्ष खिलाड़ी रिबाकिना को हराकर चौंकाया

### नेशनल बैंक टेनिस: एमबोको ने तीन सेटों में रिबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6 से दी मात

एजेंसी ▶▶| मांट्रियल

कनाडा की किशोरी विक्टोरिया एमबोको ने नौवीं वरीय एलेना रिबाकिना को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। कनाडा की 18 साल की एमबोको ने रिबाकिना को तीन सेट चले कड़े मुकाबले में 1-6, 7-5, 7-6 से हराया।

■ फाइनल में एमबोको जापान की ओसाका से भिड़ेंगी



### खचानोव ने ज्वेरेव को हराया

पुरुषों के वर्ग में रूस के 11वें वरीय केरेन खचानोव ने शीर्ष वरीय जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खचानोव ने ज्वेरेव को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-3, 4-6, 7-6 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। एटीपी टूर पर सात बार के विजेता 29 वर्षीय खचानोव फाइनल में दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज और चौथे वरीय बेन शेल्टन के बीच होने वाले ऑल अमेरिकी सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव ने यहां 2017 में खिताब जीता था और वह एटीपी टूर पर 24 खिताब जीत चुके हैं।

### ओसाका का शानदार प्रदर्शन जारी



चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन ओसाका 2022 में मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचने के बाद से ही डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करती आ रही हैं। वह अपने आठवें और 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के बाद अपने पहले खिताब की तलाश में उतरेंगी।

### एमबोको को अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब की तलाश

एमबोको ने तीसरे और निर्णायक सेट में एक मैच प्वाइंट बचाया और दो बार रिबाकिना की सर्विस तोड़कर सेट को टाईब्रेकर में खींचा और फिर जीत दर्ज की। फाइनल में एमबोको जापान की स्टार नाओमी ओसाका से भिड़ेंगी, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में डेनमार्क की 16वीं वरीय क्लारा टॉसन को 6-2, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी एमबोको अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगी और उनकी नजरें फाये उरबन (1969) और बियांका आंद्रीस्क्यू (2019) के बाद ओपन युग में घरेलू खिताब जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी बनने पर भी टिकी होंगी। मबोको ने कहा, अभूतपूर्व मैच, जिन्होंने मेरा समर्थन किया उन सभी को धन्यवाद। यह काफी कठिन मैच था, लेकिन सब कुछ संभव है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज

## ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान कोंस्टास, नाथन को मौका

एजेंसी ▶▶| मसिडनी

भारत के खिलाफ पिछली बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट पदार्पण करने वाले सलामी बल्लेबाज सैम कोन्सटास और नाथन मैकस्वीनी को ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम में शामिल किया गया, जो अगले महीने लखनऊ में भारत 'ए' टीम के खिलाफ चार दिवसीय दो मैच खेलेगी। कोन्सटास ने पिछली भारत-ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के दौरान मैकस्वीनी की जगह ली थी लेकिन शीर्ष क्रम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाए।



### कोहली ने कोंस्टास को दिया था धक्का

उन्नीस वर्षीय कोंस्टास 'ए' टीम में चुने गए मौजूदा टेस्ट टीम के एकमात्र खिलाड़ी हैं जबकि अन्य अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में मैकस्वीनी, कूपर कोनोली और स्पिनर टॉड मर्फी शामिल हैं। कोन्स्टास ने मेलबर्न टेस्ट में अपने पदार्पण पर काफी प्रभाव डाला था। उन्होंने आक्रामक अर्धशतक बनाया और भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली ने उन्हें कंधे से धक्का दिया था। बाद में उनकी अन्य भारतीय खिलाड़ियों के साथ बहस भी हुई लेकिन वह शुरुआती उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके।

## पांच भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में, अंडर 19 एशियाई चैम्पियनशिप में पदक पक्का

**बैंकॉक।** भारत के पांच पुरूष मुक्केबाज भी अंडर 19 एशियाई चैम्पियनशिप में अपने अपने भारवर्ग के मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गए जिससे उनका पदक पक्का हो गया। शिवम (55 किलो), मौसम सुहाग (65 किलो), राहुल कुंडू (75 किलो), गौरव (85 किलो) और हेमंत सांगवान (90 किलो) ने अंतिम चार में जगह बनाई। इससे पहले सात महिला मुक्केबाज भी सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। अंडर 19 और अंडर 22 एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप साथ में हो रही है। भारत के अंडर 22 वर्ग में भी 13 पदक पक्के हो गए हैं। शिवम ने उजबेकिस्तान के अब्दुलअजीज अब्दुनाजारोव को 5.0 से हराया जबकि मौसम ने किर्गीस्तान के मुखम्मद अलीमबेकोव को 3.2 से मात दी। राहुल ने दक्षिण कोरिया के ऊंजो जियोंग को हराया जब रैफरी ने मुकाबला रोक दिया। गौरव ने चीनी ताइपै के कुआंग याओ चेंग को मात दी। हेमंत ने उजबेकिस्तान के मुहम्मदरिजो सिद्दीकोव को हराया। कृष हालांकि 90 प्लस वर्ग में ईरान के अब्बास घर्शास्बी से हार गए।



## शतरंज में भारत के बढ़ते खिताबों में जुड़ा एक और अध्याय, वेलाम्मल विद्यालय ने जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चेन्नई के वेलाम्मल विद्यालय ने अमेरिका के वर्जीनिया में आयोजित विश्व स्कूल टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी उपलब्धियों में और इजाफा किया है। सबसे युवा विश्व चैंपियन डी. गुकेश और ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने इसी स्कूल से पढ़ाई की है। चेन्नई के मोगाप्पैर इलाके में स्थित वेलाम्मल विद्यालय शतरंज क्रांति के पीछे एक बड़ी ताकत रहा है क्योंकि यह सैकड़ों उभरते हुए शतरंज खिलाड़ियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान करता है। वेलाम्मल स्कूल की जीत ने शतरंज में भारत के बढ़ते खिताबों में एक और अध्याय जोड़ा है।

### वेलाम्मल एमएचएस स्कूल ने जीते सभी आठ मैच

शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे ने लिखा, 'आठ रोमांचक दौर के बाद 2025 विश्व स्कूल टीम चैंपियनशिप वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में हुई।' उन्होंने कहा, 'एपिस्कोपल हाई स्कूल के खूबसूरत परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के कुछ सबसे प्रतिभाशाली युवा शतरंज खिलाड़ियों ने चुनौती पेश की। परफेक्ट स्कोर के साथ बाकियों से आगे निकलते हुए भारत के वेलाम्मल एमएचएस स्कूल ने अपने सभी आठ मैच जीतकर स्वर्ण पदक जीता।'' फिडे ने कहा कि वेलाम्मल स्कूल की जीत शतरंज में भारत के बढ़ते खिताबों में एक और अध्याय जोड़ती है।

### भारत शतरंज के सभी प्रारुपों में कर रहा सफलता हासिल

फिडे ने कहा, 'भारत शतरंज के सभी स्तरों और प्रारुपों में लगातार सफलता हासिल कर रहा है और इस जीत से देश के बढ़ते खिताबों में एक और खिताब जुड़ गया है।' उन्होंने कहा, 'वेलाम्मल एमएचएस के लिए सफलता नई नहीं है, इसके पूर्व छात्रों में ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा और लियोन मेंडोंका शामिल हैं। इसलिए जब टीम पहले से ही शीर्ष स्थान हासिल करके अंतिम दौर में पहुंची तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी।'



धराली हादसा: 400 लोग अभी भी फंसे

# 9 सैन्यकर्मी सहित 50 अभी भी लापता, 274 लोगों को बचाया

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड राज्य के धराली में हुए हादसे में अब तक 5 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। 70 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। प्रशासन के हवाले से सेना ने बताया कि 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। इनमें एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) और 8 शामिल हैं। वहीं, आर्मी के 9 जवानों और 3 सिविलियंस को हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू कर देहरादून लाया गया। गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को एम्स ऋषिकेश, 9 लोगों को उत्तरकाशी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आपदा प्रबंधन सचिव ने बताया कि गंगोत्री और आसपास के क्षेत्रों में करीब 400 लोग फंसे हैं। वहां से अब तक 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है। सभी को हर्षिल से उत्तरकाशी और देहरादून लाने का काम जारी है। रेस्क्यू और राहत कार्यों में 479 अधिकारी और सदस्य सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। इसके अलावा, राहत कार्य के लिए तैनात 814 अन्य सदस्य अलग-अलग स्थानों से रवाना किए गए हैं। दरअसल, उत्तरकाशी जिले के धराली में मंगलवार 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। गंगोत्री के पहाड़ों से बहने वाली खीर गंगा नदी में बाढ़ आ गई। तेज रफ्तार पानी के साथ आए मलबे ने 34 सेकेंड में धराली गांव को जमींदोज कर दिया था।

राहत कार्य में जुटे हैं 814 रेस्क्यू कर्मी

294 बेड्स और 65 आईसीयू बेड्स की व्यवस्था

सीएम पुष्कर धामी स्थिति की निगरानी कर रहे

## प्रभावित लोगों को उत्तरकाशी और देहरादून भेजा



*राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि अब तक गंगोत्री और अन्य क्षेत्रों से कुल 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है, जिनमें गुजरात के 131, महाराष्ट्र के 123, मध्य प्रदेश के 21, उत्तर प्रदेश के 12, राजस्थान के 6, दिल्ली के 7, असम और कर्नाटक के 5-5, तेलंगाना के 3 और पंजाब का एक व्यक्ति शामिल हैं। सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं और इन्हें उत्तरकाशी या देहरादून भेजा जा रहा है। हर्षिल से अब तक 190 लोगों को आईटीबीपी मातली शिफ्ट किया जा चुका है। राज्य सरकार, जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ राहत व बचाव कार्यों में जुटी हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।*



### 6 हेलिकॉप्टर बचाव अभियान में लगे

रेस्क्यू ऑपरेशन में वायुसेना के चिनूक और एमआई-17 सहित कुल 6 हेलिकॉप्टर, राज्य सरकार की ओर से युकाड़ा द्वारा तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 2 अन्य हेलिकॉप्टर लगाए जा रहे हैं और अगले दिन से कुल 8 हेलिकॉप्टर को ऑपरेशन में लगाया जाएगा। सेना के एचएएल और चीता हेलिकॉप्टरों के जरिए भी सुबह 7 बजे से ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।

### मेडिकल टीम और एंबुलेंस तैनात

धराली में एक मेडिकल टीम, एक डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट और एक एंबुलेंस तैनात है। हर्षिल में 7 विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम एसएमओ मेडिसिन के साथ कार्यरत है। मातली में आईटीबीपी के 2 डॉक्टर व स्वास्थ्य विभाग के 4 विशेषज्ञ और धर्मशाला उत्तरकाशी में 8 विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात किए गए हैं। कुल मिलाकर 294 बेड्स और 65 आईसीयू बेड्स की व्यवस्था की गई है।

### खाद्य सामग्री भेजी जा रही

इस आपदा में अब तक 2 लोगों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि 9 सैन्यकर्मी और 7 आम नागरिक अभी भी लापता हैं। राहत कार्य में तेजी लाने के लिए आईसीपी धराली अब फंक्शनल हो चुकी है और एनडीआरएफ का क्विक रिस्पॉन्स यूनिट भी सक्रिय किया जा रहा है। लोगों तक भोजन पहुंचाने के लिए 2,000 'रेडी टू इट' फूड पैकेट हर्षिल भेजे गए हैं। इसके अलावा, फूड एंड सप्लाई विभाग की ओर से नियमित रूप से सूखा राशन और अन्य खाद्य सामग्री भेजी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### रशियन लड़की ने गाई कन्नड़ भाषा की कविता



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इसमें एक रूसी बच्ची अपनी भारतीय दोस्त के साथ कन्नड़ भाषा की एक लोकप्रिय कविता गा रही है। इसमें दोनों बच्चियां साइकिल चला रही हैं और कन्नड़ भाषा की बच्चों की कविता 'बन्नादा हक्की' गा रही हैं। हिंदी में इसका मतलब रंगीन पक्षी होता है।इस वीडियो को रूसी बच्ची की मां ने सोशल मीडिया पर शेयर किया था। देखते ही देखते यह वायरल हो गया। यह परिवार 2022 में रूस से भारत आया था।

### कार्यवाहक राष्ट्रपति यू म्यिंट स्वे का निधन



**यांगून।** म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति यू म्यिंट स्वे का गुरुवार सुबह राजधानी ने नेपी ताव में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। राष्ट्रीय रक्षा एवं सुरक्षा परिषद (एनडीएससी) ने बताया कि स्वे को एक साल पहले पार्किंसन रोग और अन्य संबंधित तंत्रिका संबंधी समस्याएं सामने आईं थीं। उनका सिंगापुर और देश के सैनिक अस्पताल कराया गया लेकिन जुलाई 2025 में उनकी हालत बिगड़ना प्रारंभ हो गया।

आयरलैंड में भारतीय मूल की बच्ची के साथ शर्मनाक हरकत

# 6 साल की मासूम के निजी अंगों पर की चोट 'डर्टी इंडियन' कहकर वापस जाने की दी धमकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*बच्ची ने अपनी मां को बताया कि कई लड़कों में से पांच लोगों ने उसके चेहरे पर मुक्के मारे। उनमें से एक लड़के ने साइकिल का पहिया उसके निजी अंगों पर दे मारा जिससे उसे बहुत दर्द हुआ। उन्होंने उसे 'डर्टी इंडियन वापस जाओ' जैसे शब्द कहे*

आयरलैंड के वॉटरफोर्ड में एक भारतीय मूल की 6 साल की बच्ची पर उसके घर के बाहर बच्चों के ही एक समूह ने हमला कर दिया। हमला करने वाले बच्चों ने उस 6 साल की बच्ची के चेहरे पर मुक्का मारा और उसके निजी अंगों पर भी वार किए। इसके साथ ही वे बच्चे 6 साल की मासूम के सामने लगातार चिल्ला रहे थे कि वह भारत वापस जाए। बच्ची इस हमले से काफी सहम गई। इस दर्दनाक घटना को लेकर बच्ची की मां अनुपा अच्युतन ने कहा कि हमला सोमवार की शाम को तब हुआ था, जब वह घर के बाहर खेल रही थी।

उन्होंने बताया कि छह साल की बच्ची पर हमला करने वाले बच्चों के गिरोह में आठ साल की एक लड़की और 12 से 14 साल के बीच के कई लड़के शामिल थे। बच्ची ने अपनी मां को बताया कि कई लड़कों में से पांच लोगों ने उसके चेहरे पर मुक्के मारे। उनमें से एक लड़के ने साइकिल का पहिया उसके प्राइवेट पर दे मारा जिससे उसे बहुत दर्द हुआ। उन्होंने उसे 'डर्टी इंडियन वापस जाओ' जैसे शब्द कहे। बच्ची ने बताया कि उसकी गर्दन पर मुक्के मारे और उसके बाल खींचे।

बच्चों के गिरोह ने किया हमला इनमें 8 साल की भी लड़की

*पांच लोगों ने चेहरे और गर्दन पर मुक्के मारे, बाल खींचे*



### मां के घर के अंदर जाने के बाद हुई यह घटना

अच्युतन ने बताया कि मेरे पति रात की ड्यूटी पर थे। वह काम पर गए थे, और मैं अपने दस महीने के बच्चे और छह साल की बच्ची के साथ अकेली थी। मेरा बच्चा रोने लगा क्योंकि यह उसके दूध पीने का समय था, इसलिए मैंने निया को बताया कि मैं घर के अंदर आ जाऊंगी और वह अपने दोस्तों के साथ खेल सकती है और मैं बच्चे को दूध पिलाने के बाद एक सेकंड में वापस आ जाऊंगी।

मां ने बताया

### हमले से सहमी बच्ची, रोती रही

अच्युतन ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ बाहर गई थी। मैं घर के सामने ही उन पर नजर रख रही थी। वे साथ खेल रहे थे और मुझे लगा था कि वे सुरक्षित हैं। तभी बाहर खेल रही बच्ची के साथ ये सारी घटना हुई। अच्युतन ने बताया कि उनकी बेटी जब घर में दाखिल हुई तो वह रो रही थी और बोल भी नहीं पा रही थी। वह बेहद डरी हुई और परेशान थी।

### पुलिस के पास दर्ज कराई शिकायत

बच्ची की मां ने घटना की शिकायत गर्दा (आयरिश पुलिस) से की है लेकिन किसी सजा की मांग नहीं की। उनका कहना है कि मैं चाहती हूं कि उन्हें काउंसलिंग और सही दिशा दी जाए। हम यहां प्रोफेशनल्स हैं, हमने आयरलैंड में काम करने के लिए खूब मेहनत की है। हम पिछले 8 साल से यहां रह रहे हैं। इस घटना ने आयरलैंड में भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

### भारतीयों पर अब तक तीन हमले हुए

पिछले महीने डबलिन के एक उपनगर में एक 40 वर्षीय भारतीय व्यक्ति को भी किशोरों के एक गिरोह ने पीटा और सार्वजनिक रूप से नग्न कर दिया था। 19 जुलाई के बाद से डबलिन में भारतीयों पर तीन हमले सामने आ चुके हैं। बता दें कि इससे पहले आयरलैंड में एक भारतीय मूल के वरिष्ठ डेटा वैज्ञानिक पर कुछ युवाओं के ग्रुप ने क्रूरतापूर्वक हमला किया था।

उधमपुर में बड़ा हादसा, जांच जारी

# जवानों से भरी बस 200 फीट गहरी खाई में गिरी, 3 शहीद, 15 घायल



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में गुरुवार को बड़ा हादसा हुआ है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) से भरी बस खाई में गिर गई। हादसे में 3 जवान बलिदान हो गए हैं। कई जवान घायल हो गए। घायल जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ की 187वीं बटालियन की एक बंकर गाड़ी उधमपुर जिले में कदवा से बसंत गढ़ जाते समय करीब 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीन जवान बलिदान हो गए। जबकि 15 जवान घायल हो गए। घायलों का इलाज पीएचसी बसंतगढ़ में चल रहा है, जबकि 8 गंभीर रूप से घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर उधमपुर स्थित सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की पुष्टि बसंतगढ़ के एएसपी संदीप भट और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर द्वारा की गई है।

### केंद्रीय मंत्री ने जताया शोक

*केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने ट्वीट किया कि उधमपुर में कंदवा-बसंतगढ़ क्षेत्र में सीआरपीएफ का एक वाहन दुर्घटना का शिकार हो गया। इस हादसे में कुछ जवानों के बलिदान की खबर सुनकर व्यथित हूं। वाहन में सीआरपीएफ के कई बहादुर जवान सवार थे। मैंने अभी-अभी डीसी सलोनी राय से बात की है, जो व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नजर रख रही हैं और मुझे जानकारी दे रही हैं। बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिए गए हैं। स्थानीय लोग स्वेच्छा से सहायता के लिए आगे आए हैं। हर संभव मदद सुनिश्चित की जा रही है।*

### बस में 18 जवान सवार थे

एएसपी संदीप भट ने बताया कि बस में 18 जवान सवार थे। यह हादसा सुबह लगभग 10:30 बजे यह हादसा हुआ। बस जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में कदवा से बसंत गढ़ जा रही थी। इसी दौरान बस खाई में गिर गई। हादसे की वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है। लेकिन वाहन की तकनीकी खराबी या सड़क की स्थिति मानी जा रही है, लेकिन जांच जारी है।

# जारी हुए साइबरस्पेस, उभयचरी अभियान के संयुक्त सिद्धांतों के संस्करण

*सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने किया इन्हें जारी, संयुक्त युद्ध संबंधी भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू-वैश्विक स्तर पर बने हुए जटिल सुरक्षा परिदृश्य और युद्ध की लगातार बदलती पद्धति के बीच प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने गुरुवार को राजधानी में साइबर-स्पेस और उभयचरी (जल-थल के संयुक्त अभियान) अभियान के लिए संयुक्त सिद्धांतों के अवर्गीकृत संस्करण औपचारिक रूप से जारी कर दिए हैं।

इन सिद्धांतों का सार्वजनिक होना भारत की संयुक्त युद्ध लड़ने की अवधारणाओं की दृश्यता, पहुंच और व्यापक प्रसार को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ये सिद्धांत राष्ट्रीय साइबर-स्पेस हितों की रक्षा, आक्रामक और रक्षात्मक साइबर क्षमताओं को एकीकृत करने और तीनों सशस्त्र सेनाओं में समन्वित संचालन को सक्षम बनाने के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण को सबके सामने रखता है। इसके अलावा यह खतरे-सूचित योजना, दृढ़ता निर्माण, वास्तविक समय में खुफिया एकीकरण और संयुक्त साइबर क्षमताओं के विकास पर भी बल देता है।



### उभयचरी अभियानों में यूं होगा मददगार

*मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त सिद्धांतों को **https://ids.nic.in/content/doctrines** लिंक पर जाकर विस्तार से देखा जा सकता है। यह जल-थल के अभियानों के लिए समुद्री, वायु और थल सेनाओं को एकीकृत कर अभियानों के लिए योजना बनाने व उसे क्रियान्वित करने की रूपरेखा को परिभाषित करता है। सिद्धांतों की मदद से सैन्य अंतरिक्ष अभियान, विशेष बल अभियान, हवाई अभियान, एकीकृत रसद, बहुक्षेत्रीय अभियान जैसे युद्ध के समकालीन व विशिष्ट क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए कई नए सिद्धांतों, प्राथमिकताओं का विकास शुरू किया गया है। यह तमाम हितधारकों और नीति निर्माताओं को संयुक्त सैन्य अभियानों की प्रभावी योजना बनाने और उसका सुचारू क्रियान्वयन करने के लिए एक साझा शब्दावली और दिशानिर्देश प्रदान करेंगे।*

## ट्रंप की चेतावनी

### आपको और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा, कई अतिरिक्त प्रतिबंध लगाएंगे

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है। 27 अगस्त से 25 फीसदी और टैरिफ लगेगा। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से चर्चा में ट्रंप ने रूस से लगातार तेल खरीद को लेकर भारत पर और अधिक टैरिफ लगाने की चेतावनी दी। दरअसल, ट्रंप से पूछा गया कि भारत का कहना है चीन जैसे अन्य देश भी रूसी तेल खरीद रहे हैं। आप इन अतिरिक्त प्रतिबंधों के लिए भारत को ही क्यों जिम्मेदार ठहरा रहे हैं? इस पर ट्रंप ने जवाब देते हुए कहा कि अभी तो सिर्फ़ आठ घंटे ही हुए हैं। देखते हैं क्या होता है। आपको और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा। आपको कई अतिरिक्त प्रतिबंध देखने को मिलेंगे।




केंद्रीय मंत्री ने बताया ग्लोबल वेलनेस टूरिज्म मार्केट में भारत की स्थिति सुधर रही

# अप्रैल तक 1.3 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक चिकित्सा के लिए आए भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को संसद को बताया कि ग्लोबल वेलनेस टूरिज्म मार्केट में भारत की स्थिति में सुधार आ रहा है। इस वर्ष अप्रैल तक 1.3 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक चिकित्सा उद्देश्यों के लिए भारत आए।

उन्होंने कहा कि अप्रैल 2025 तक इस अवधि के दौरान भारत में चिकित्सा उद्देश्यों के लिए आने वाले विदेशी पर्यटकों (एफटीए) की कुल संख्या 1,31,856 है। यह इस अवधि के दौरान कुल एफटीए का लगभग 4.1 प्रतिशत है। पिछले पांच वर्षों में चिकित्सा उद्देश्यों के लिए आने वाले एफटीए की संख्या में वृद्धि हुई है, जिनमें से अधिकांश बांग्लादेश, इराक, सोमालिया, ओमान और उज्बेकिस्तान से आते हैं।



### निजी क्षेत्र की साझेदारी में 'हील इन इंडिया'

*केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चिकित्सा उद्देश्यों के लिए एफटीए की संख्या 2020 में 1.8 लाख से बढ़कर 2024 में 6.4 लाख हो गई। हालांकि, 2023 की तुलना में 2024 में इसमें गिरावट आई। 2023 में विदेशी पर्यटकों की संख्या 6.5 लाख रही। इस वर्ष की शुरुआत में, केंद्रीय बजट में देश में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में 'हील इन इंडिया' अभियान की घोषणा की गई थी। यह अभियान क्षमता निर्माण के लिए उचित उपाय करता है, जिसमें अस्पताल, सार्वजनिक संघ और व्यापार निकाय आदि शामिल हैं।*

### चिकित्सा वीजा प्रावधान लागू

*मंत्रालय के अनुसार, 2023 में, सरकार ने देश में स्वास्थ्य और कल्याण उपचार चाहने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के प्रवेश को सुगम बनाने के लिए चिकित्सा वीजा प्रावधान लागू किए। इससे चिकित्सा पर्यटन में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप जुलाई 2023 से दिसंबर 2024 के बीच भारत में इलाज कराने आए विदेशियों को लगभग 123 नियमित आयुष वीजा और 221 ई-आयुष वीजा जारी किए गए।*

### 171 देशों के लिए ई-मेडिकल वीजा सुविधा

इसके अलावा, चिकित्सा उपचार के लिए विदेशी नागरिकों के भारत आने की सुविधा के लिए, सरकार ने 171 देशों के नागरिकों के लिए ई-मेडिकल वीजा/ई-मेडिकल अटेंडेंट वीजा सुविधा का विस्तार किया है। भारत में चिकित्सा पर्यटन का अनुमानित आकार लगभग 9 अरब डॉलर है। वैश्विक चिकित्सा पर्यटन सूचकांक में भारत 10वें स्थान पर है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109